दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 60 | जयपुर | गुरूवार , 02 जनवरी, 2025 | पौष, शुक्ल पक्ष तृतीया संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹3.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# प्रदेश में हाड़ कंपाने वाली सर्दी

## घने कोहरे के कारण जयपुर से जानेवाली 2 फ्लाइट कैंसिल

### विजिबिलिटी कम होने के कारण चंडीगढ़ से आया विमान 30 मिनट तक लैंड नहीं कर पाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** घने कोहरे के कारण जयपुर से पुणे और अहमदाबाद जाने वाली 2 फ्लाइट को बुधवार सुबह कैंसिल कर दिया गया। वहीं, विजिबिलिटी कम होने के कारण चंडीगढ़ से जयपुर आई फ्लाइट करीब आधा घंटा तक आसमान में रही। घने कोहरे के कारण वह जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड नहीं कर पा रही थी।

उधर, राजस्थान में कोहरे और शीतलहर (कोल्ड-वेव) से कड़ाके की सर्दी है। मंगलवार को उत्तरी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़, अलवर, सीकर में दिन का अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे दर्ज हुआ। पूरे दिन घना कोहरा रहने और सर्द हवा चलने से इन शहरों में दिन में भी रात जैसी सर्दी रही। हालांकि मौसम विशेषज्ञों ने आज प्रदेश के शहरों में शीतलहर का हल्का प्रभाव रहने की संभावना जताई है। 2 जनवरी यानी कल से इस कड़ाके की सर्दी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। आसमान साफ होगा, धूप खिलेगी और शीतलहर भी चलनी कम हो जाएगी।

### तकनीकी परेशानी का दिया गया हवाला

जयपुर एयरपोर्ट से स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट SG-1077 को सुबह 5 .35 बजे पुणे के लिए उड़ान भरनी थी। आखिरी वक्त पर तकनीकी कारणों का हवाला देकर फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। इसी तरह स्पाइसजेट एयरलाइंस की फ्लाइट SG-2960 अहमदाबाद के लिए सुबह 8 .05 बजे उड़ान भरने वाली थी। उड़ान से कुछ देर पहले ही इसे भी रद्द करने का फैसला किया गया। माना जा रहा है कि दोनों फ्लाइट घने कोहरे के कार रद्द किए गए हैं।

### 8 शहरों में दिन का पारा 14 डिग्री सेल्सियस से नीचे

राजस्थान में कल घने कोहरे और शीतलहर से पूरे उत्तर-पूर्वी राजस्थान में कड़ाके की सर्दी रही। सबसे सर्द दोपहर कल सीकर, अलवर, हनुमानगढ़ और गंगानगर में रही, जहां दिन का अधिकतम तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। हनुमानगढ़ में कल अधिकतम तापमान 12 .3, अलवर में 12 .4, सीकर में 12 .5 और गंगागनर में 12 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसी तरह धौलपुर में 13 .9 और जयपुर-फतेहपुर में अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।



### 30 मिनट तक आसमान में मंडराती रही फ्लाइट

बुधवार को घने कोहरे के कारण फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड नहीं हो पाई। इंडिगो एयरलाइंस की चंडीगढ़ से जयपुर की फ्लाइट को लगभग 30 मिनट लैंडिंग के इंतजार में आसमान में ही चक्कर काटना पड़ा। मौसम साफ होने के बाद फ्लाइट जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड हुई। सीकर में भी नए साल के पहले दिन घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के चलते विजिबिलिटी भी करीब 60 मीटर तक रह गई। जयपुर में नए साल की पहली सुबह पर घना कोहरा छाया है। इस दौरान विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही है। इस कारण गाड़ियों की रफ्तार भी कम है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर भारत में कल से दो बैक-टू-बैकवेस्टर्न डिस्टर्बेंस आने से ऐसा होगा। क्योंकि इन सिस्टम के आने से उत्तर से आने वाली हवा रूक जाएगी, जिससे दिन और रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी।

### माउंट आबू से ज्यादा ठंडा जयपुर का दिन

राजस्थान की राजधानी जयपुर में बुधवार का दिन हिल स्टेशन माउंट आबू से भी ज्यादा ठंडा रहा। माउंट आबू में दिन का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि जयपुर में तापमान 14 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहा। जयपुर के अधिकांश हिस्सों में कल शाम 4 बजे तक लोगों को सूरज नहीं दिखा। आसमान में घना कोहरा छाने के साथ ही सर्द हवाएं चलने से ठिठुरन रही। ये जयपुर में सीजन का सबसे ठंडा दिन भी रिकॉर्ड हुआ। इससे पहले जयपुर में कभी इतना कम अधिकतम तापमान दर्ज नहीं हुआ।

## डीएपी खाद का 50केजी का बैग 1350 में मिलता रहेगा

### केंद्रीय कैबिनेट ने फर्टिलाइजर पर सब्सिडी दी; फसल बीमा का बजट बढ़ाकर 69516 करोड़ किया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने साल के पहले दिन किसानों के लिए बड़े फैसले किए हैं। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इसी के साथ फर्टिलाइजर पर सब्सिडी जारी रहेगी। डीएपी खाद का 50 किलोग्राम का बैग पहले की तरह 1350 रुपए का मिलता रहेगा। कैबिनेट ने डीएपी खाद बनाने वाले कंपनियों को 3850 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी देने का ऐलान किया गया है। फसल बीमा योजना का आवंटन बढ़ाकर 69516 करोड़ रुपए कर दिया गया है। फसल बीमा न देने पर पेनल्टी नहीं लगाई जाएगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि जगत में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी को विस्तार देने के लिए 824.77 करोड़ रुपए के बजट का भी आवंटन किया है।

मौसम सूचना और नेटवर्क डेटा सिस्टम पर भी काम होगा कैबिनेट ने वेदर इंफॉर्मेशन से जुड़े प्रोजक्ट पर भी मंजूरी दी है। मौसम सूचना और नेटवर्क डेटा सिस्टम में ब्लॉक स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम और पंचायत स्तर पर ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित किए जाएंगे।

9 प्रमुख राज्य विंडस को लागू करने की प्रक्रिया में हैं (जिसमें केरल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, असम, ओडिशा, कर्नाटक, उत्तराखंड और राजस्थान शामिल हैं), अन्य राज्यों ने भी इसे लागू करने की इच्छा जताई है।

## प्रियंका गांधी निजी दौरे पर शिमला पहुंचीं : अगले कुछ दिन यहीं रहेंगी, बच्चे 3 दिन पहले ही छराबड़ा पहुंचे



बढ़ता राजस्थान

**शिमला ( एजेंसी )।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व वायनाड से लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी बुधवार को शिमला पहुंच गई हैं। प्रियंका गांधी दोपहर करीब डेढ़ बजे छराबड़ा पहुंचीं। बताया जा रहा है कि प्रियंका के दोनों बच्चे 3 दिन पहले ही शिमला पहुंच गए थे, लेकिन प्रियंका गांधी बुधवार को चंडीगढ़ से सड़क मार्ग से होते हुए छराबड़ा पहुंची। प्रियंका गांधी का यह निजी दौरे बताया जा रहा हैं और उनके बच्चे बर्फ देखना चाह रहे थे। इसलिए प्रियंका गांधी शिमला पहुंची हैं। बता दें कि शिमला से लगभग 14 किलोमीटर दूर छराबड़ा में प्रियंका गांधी ने अपना मकान बना रखा है। प्रियंका अक्सर छराबड़ा आती रहती है। उनके साथ राहुल गांधी, सोनिया गांधी और रोबर्ट वाड्रा भी कई भी छराबड़ा आते रहे हैं। छराबड़ा में हर साल अच्छी बर्फबारी होती है। ऐसे में प्रियंका के बच्चे आने वाले दिनों में यहां बर्फ देख सकेंगे। प्रियंका गांधी अपने बच्चों के साथ यहां अगले पांच-छह दिन तक रुकेगी। हालांकि आधिकारिक तौर पर उनका कोई प्रोग्राम नहीं आया है।

## मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा भारत लाया जाएगा

### अमेरिका ने आतंकी के प्रत्यर्पण की मंजूरी दी, हेडली के साथ अटैक का प्लान बनाया था

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुंबई हमले (26/11) के आरोपी तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाया जा सकता है। अमेरिकी कोर्ट ने भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, राणा को डिप्लोमैटिक चैनल के जरिए भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। 15 अगस्त 2024 को राणा ने प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अमेरिकी अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। मुंबई हमले की 405 पन्नों की चार्जशीट में राणा का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है। इसके मुताबिक राणा ह्रूस्ह्र और लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है। चार्जशीट के मुताबिक राणा हमले के मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद कर रहा था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए थे।

## नए साल पर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता...

### बाजार में अब 1831.50 रु में मिलेगा 19 किग्रा का सिलेंडर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नया साल 2025 की शुरूआत में कॉमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए मामूली राहत की खबर है। तेल-गैस कंपनियों ने बीती रात एलपीजी कीमतों का रिव्यू करने के बाद कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर पर राजस्थान में 14.50 रुपए की कटौती की है। इससे पहले साल 2024 के आखिरी माह यानी दिसंबर में कीमतें बढ़ाई थी। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया- कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट में आज से राजस्थान में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 14.50 रुपए कम किए हैं। इस कटौती के बाद आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में 1846 रुपए की जगह 1831.50 रुपए में मिलेगा। इससे पहले कंपनियों ने दिसंबर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 16.50 रुपए बढ़ाए थे। जबकि नवंबर में 62 रुपए की बढ़ोतरी की थी।



### घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

कंपनियों ने घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वर्तमान में बाजार में घरेलू उपयोग का सिलेंडर 806.50 रुपए में ही मिलेगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से बीपीएल और उज्जवला कनेक्शधारियों को रियायती दर पर 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

बता दें कि राजस्थान में तीनों तेल गैस कंपनियों के 1 करोड़ 75 लाख 48 हजार से ज्यादा उपभोक्ता हैं।






## शंभू बॉर्डर पर मीटिंग खत्म : किसान बोले- कृषि मार्केटिंग पॉलिसी का ड्राफ्ट रद्द करे सरकार

बढ़ता राजस्थान



**चंडीगढ़।** फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों का आंदोलन पिछले साल फरवरी से चल रहा है। वहीं, सरवन सिंह पंधेर के नेतृत्व में आज शंभू बॉर्डर पर किसानों की अहम बैठक हुई है। मीटिंग में तय हुआ है कि 6 जनवरी को श्री गुरु गोबिंद के प्रकाश पर्व शंभू बॉर्डर पर मनाया जाएगा।

ऐसे में पटियाला के नजदीक के गांवों से अपील है कि अधिक से अधिक लोग मोर्चे में पहुंचे। इसमें किसान जत्थेबंदियां ने अपने कैडर सहित शामिल होंगी। दूसरी विनती है कि पंजाब सरकार के विटंर सेशन में केंद्र सरकार द्वारा जारी कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को रद किया जाए। किसानों की अन्य 13 मांगों के हक में पंजाब सरकार प्रस्ताव पास करे। आने वाले समय में शंभू बॉर्डर पर लोगों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जल्दी ही दिल्ली जाने के फैसले का ऐलान करेंगे। जब तक केंद्र सरकार हमारी मांगों पर कोई ठोस फैसला नहीं लेती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। दूसरी तरफ खनौरी बॉर्डर पर भी किसानों की मीटिंग जारी है। शंभू बॉर्डर पर केएमएम की बैठक होने जा रही है। इस बैठक में तय होगा कि अगला जत्था कब दिल्ली की ओर कूच करेगा। केंद्र अभी बातचीत के लिए तैयार नहीं है। देश के प्रधानमंत्री को न तो किसानों और मजदूरों के हितों की जानकारी है और न ही वे इस बारे में सोच रहे हैं। सिर्फ कॉरपोरेट घरानों को कैसे खुश किया जाए।

इसी बारे में सोचा जा रहा है। बैठक में खनौरी के ताजा हालात पर चर्चा होगी। पंजाब बंद में जिस तरह लोगों ने सहयोग किया।







सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# अपहरण-मारपीट और रुपये हड़पने वाली गैंग का भंडाफोड़

## गैंग के मुख्य आरोपियों के दो सहयोगी चढ़े पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण-मारपीट और रुपये हडपने वाली गैंग में शामिल दो आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी इस गैंग के मुख्य आरोपियों के सहयोगी है। यह आरोपित गैंग में शामिल एक महिला से दोस्ती करवा कर अपहरण-मारपीट और दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाकर रुपये हड़पने की वारदात को अंजाम देते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ कर गैंग के अन्य लोगों के बारे में जानकारी की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व तेस्वनी गौतम ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण-मारपीट और रुपये हडपने वाली गैंग में शामिल आरोपी हेमंत मीना(19) निवासी ग्राम खोहरा-मकरोडा रैणी अलवर एवं सौरभ मीना (19)गोटा निवासी बेजूपाडा दौसा को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अरुण ने बताया कि 26 दिसंबर को परिवादी ने मामला दर्ज करवाया था कि उसकी तीन महीने पहले रवीना नाम की लडकी से दोस्ती हुई थी। 23 दिसंबर को आरोपी युवती जगतपुरा पुलिया के पास मिली और गाडी में बैठ कर साथ में घूमने गई। इस दौरान आरोपी युवती ने अपने साथियों को फोन कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया तो पीड़ित ने युवती को वापस जगतपुरा पुलिया के पास वापस छोड दिया। इसके बाद पीड़ित किसी काम से सेवन नाइट होटल के पास गया था। वहां से वापस घर लौटते समय तीन बदमाशों ने उसे रास्ते में रोका और हथियार की नोक पर उसका अपहरण कर ले गए। आरोपियों ने अपनी साथ युवती रवीना से पीडित के खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी दी।

यही नहीं आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट कर बंधक बना लिया। आरोपियों ने पीड़ित को डरा धमकाकर उसके घर फोन करवाया और उसकी पत्नी से 15 लाख तथा एक परिचित से 10 लाख रुपए की फिरौती लेने के बावजूद उसके खाते से भी 9 हजार 500 रुपए जबरन अपने खातों में ट्रांसफर कराने के बाद आरोपियों ने उसे अलवर के पास छोड़कर फरार हो गए। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक स्पेशल टीम का गठन कर तकनीकी सहायता की मदद से गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस गैंग के अन्य आरोपियों के बारे में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

गैंग में शामिल एक महिला से दोस्ती करवा कर अपहरण-मारपीट और रुपये हड़पने की वारदात को देते है अंजाम




# रामाज रिसोर्ट में -2025 का केक कटिंग कर के नये साल की शुरुआत

## लाइव डीजे पार्टी के साथ शानदार न्यू ईयर सेलिब्रेशन किया







बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर, टोंक, निवाई और आसपास के क्षेत्रों से आए हुए परिवारों, कपल्स और दोस्तों ने टोंक रोड स्थित रामाज रिसोर्ट में आयोजित न्यू ईयर पार्टी का भरपूर आनंद लिया। इस शानदार कार्यक्रम में लाइव डीजे म्यूजिक, स्पेशल वेज डिनर, और अद्भुत आतिशबाजी ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया। न्यू ईयर पार्टी में सर्दी का आनंद लेने के लिए मेहमानों ने बोन फायर का भी मजा लिया। कार्यक्रम के दौरान एंकर श्याम सिंह और सोनिया शर्मा ने उपस्थित कपल्स और परिवारों को विभिन्न गेम्स में शामिल कर उन्हें मनोरंजन प्रदान किया। इसके अलावा, भाग्यशाली मेहमानों को फ्री कपल नाइट स्टे के गिफ्ट वाउचर जैसे कई आकर्षक उपहार भी दिए गए। रामाज रिसोर्ट ने सभी उपस्थितों को न्यू ईयर 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और उन्हें इस नए साल के स्वागत के लिए एक यादगार अनुभव प्रदान किया।

# जनवरी के तीसरे सप्ताह में जयपुर में जुटेंगे देश-प्रदेश के मिनरल एक्सप्लोरेशन विशेषज्ञ : श्री रविकान्त

- केन्द्र व राज्य सरकार के विभागों व संस्थाओं के विशेषज्ञ भी लेंगे हिस्सा
- केन्द्र भी करने लगा है राज्यों के क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स का ऑक्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्य में खनिज संपदा की वैज्ञानिक तरीके से एक्सप्लोरेशन संभावनाओं पर मंथन करने के लिए जनवरी के तीसरे सप्ताह में देश व प्रदेश की सरकारी-गैरसकारी संस्थाओं के विशेषज्ञ प्रतिनिधि जयपुर में जुटेंगे। राज्य के माइंस, जियोलोजी और पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकान्त ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य की विपुल खनिज संपदा के एक्सप्लोरेशन कार्य को गति देने और इसमें केन्द्र व राज्य की संस्थाओं के साथ ही निजी क्षेत्र की एक्सप्लोरेशन संस्थाओं की भागीदारी की संभावनाओं पर भी मंथन किया जाएगा। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए मंथन को उपादेय व विशेषज्ञों की भागीदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसमें भारत सरकार के नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट की सहभागिता भी रहेगी।



प्रमुख सचिव माइंस श्री टी. रविकान्त ने बताया कि प्रदेश में 82 प्रकार के खनिज उपलब्ध है उनमें से अभी 57 खनिजों का ही खनन हो रहा है। केन्द्र सरकार के नए प्रावधानों के अनुसार क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के ऑक्शन का कार्य पहलीबार केन्द्र सरकार ने अपने हाथ में लिया है। इसके लिए केन्द्र सरकार ने प्राइवेट सेक्टर में एक्सप्लोरेशन का कार्य कर रही संस्थाओं की भी भागीदारी तय करने का निर्णय किया है। इसी कड़ी में एक्सप्लोरेशन लाइसेंस ईएल के लिए भी खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जाने लगी है। श्री टी. रविकान्त ने बताया कि जयपुर में आयोजित एक दिवसीय मंथन में केन्द्र सरकार के माइंस मंत्रालय, जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, एमईसीएल, इंडियन ब्यूरो ऑफ माइंस, एटोमिक मिनरल डिपार्टमेंट के साथ ही केन्द्र सरकार की एंम्पेनल्ड निजी क्षेत्र की एक्सप्लोरेशन संस्थाएं और विभाग के अधिकारियों की भागीदारी तय की जाएगी। इसके साथ ही इस क्षेत्र में कार्य कर रही प्रादेशिक संस्थाओं के साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा अधीकृत संस्थाओं के हिस्सा लेने से प्रदेश में मिनरल एक्सप्लोरेशन की संभावनाओं के साथ ही भविष्य के रोड़मेप तैयार करने में भी सहायता प्राप्त होगी। प्रमुख सचिव श्री रविकान्त ने बताया कि मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में राजस्थान समूचे देश में शीर्ष पर आ गया है। प्रदेश में क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के भी अच्छे संकेत मिले हैं। ऐसे में प्रदेश की खनि संपदा के एक्सप्लोरेशन में नवीनतम तकनीक के उपयोग और एक्सप्लोरेशन के सटीक विश्लेषण में सहयोग प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने बताया कि इससे प्रदेश में खनिज खोज कार्य को गति मिलेगी। माइंस व भूविज्ञान विभाग स्तर पर आवश्यक तैयारियों की मोनेटरिंग निदेशक माइंस श्री भगवती प्रसाद कलाल कर रहे हैं।

नववर्ष 2025 का स्वागत

# नई पोशाक धारण कर भगवान को अर्पित की भोग, पत्तल प्रसादी का आनंद लिया गया





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सेवाकुंज आश्रम सेक्टर 23, प्रताप नगर,जयपुर,निंबार्क कृष्ण बिहारी जी के संत बाबा श्री कृष्ण शरण (कल्याण दास) जी महाराज के मार्गदर्शन में बुधवार को भगवान की नई पोशाक धारण करने के बाद पोष बड़े का भोग लगाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने दोपहर 1.00 बजे से 4.00 बजे तक पत्तल प्रसादी का आनंद लिया और देश की उन्नति तथा स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की।

# घर से नकदी लेकर भागी विवाहिता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सोड़ाला थाना इलाके में एक विवाहिता घर से नकदी लेकर भाग निकली। पीड़ित पति ने पत्नी की गुमशुदगी दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया कि अजमेर रोड सोडाला निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी 27 वर्षीय की पत्नी को अनजान युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि 28 दिसम्बर की रात उसकी पत्नी घर से बिना बताए चली गई। विवाहिता के गायब मिलने पर परिजनों ने इधर-उधर काफी तलाश किया।

काफी ढूंढने के बाद भी विवाहिता का पता नहीं चला। अलमारी को चेक करने पर उसमें रखे 50 हजार रुपए भी गायब मिले। थाने में पीड़ित पति ने अनजान युवक पर पत्नी को साथ ले जाने का शक जताते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

# पुलिस मुख्यालय में नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को नववर्ष स्नेह मिलन समारोह मनाया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशासन, कानून एवं व्यवस्था विशाल बंसल ने बताया कि गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे से पुलिस मुख्यालय के मुख्य पोर्च के सामने स्थित लॉन पर नव वर्ष स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पुलिस मुख्यालय में कार्यरत समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी तथा पुलिस मुख्यालय से बाहर जयपुर शहर में कार्यरत समस्त भारतीय पुलिस सेवा तथा राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी शामिल होंगे।

# बाइक अनियंत्रित होकर फिसली: हादसे में एक युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सोडाला थाना इलाके में स्थित चार नंबर डिस्पेंसरी के सामने मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि एक बाइक अनियंत्रित होकर फिसलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

एएसआई रघनंदन ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि ईएसआई के सामने दुर्घटना होने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंची टीम और घायल को 108 की सहायता से एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बादल प्रकाश मिश्रा (42) पुत्र राम प्रकाश मिश्र निवासी सुमेल हाउस अजमेर रोड के रूप में हुई हैं। मृतक के परिवार में उसकी मां है उन्हें घटना की जानकारी दे दी गई हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि मृतक बादल प्रकाश हसनपुरा की तरफ जा रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन या बाइक स्लिप होने से उसकी बाइक सड़क पर गिर गई। हादसे में बादल प्रकाश के सिर और अन्य जगहों पर चोट लगी। खून अधिक बहने से बादल की मौत हो गई। परिवार में मृतक की केवल मां रहती हैं जो कि एक रिटायर्ड नर्स हैं कुछ माह पहले ही मृतक के पिता और बहन की भी मौत हो चुकी है। मृतक के परिवार में अब केवल बुजुर्ग मां रह गई हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष के निरीक्षण का असर, अब इमरजेंसी वार्ड में ही होगी सोनोग्राफी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी द्वारा गत रविवार को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के औचक निरीक्षण का असर अब सामने आ रहा है। श्री देवनानी की नाराजगी और कार्रवाई के निर्देशों के बाद अस्पताल प्रशासन ने अब इमरजेंसी वार्ड में ही सोनोग्राफी कराने का निर्णय लिया है। इससे परेशानी में अस्पताल आने वाले मरीजों को राहत मिलेगी। गौरतलब है कि विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने गत रविवार को जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में अस्पताल के सोनोग्राफी कक्ष पर ताला लटका देखकर विधानसभा अध्यक्ष ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने सोनोग्राफी कक्ष का ताला खुलवाकर मरीजों को राहत दिलवाई थी। उन्होंने अस्पताल को निर्देश दिए थे कि आमजन को राहत प्रदान करने के लिए एक सोनोग्राफी मशीन इमरजेंसी वार्ड में लगाकर प्रशिक्षित स्टॉफ लगाया जाए। उन्होंने अन्य व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश भी दिए थे। श्री देवनानी के निर्देश और उनकी नाराजगी के बाद अस्पताल प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए एक सोनोग्राफी मशीन इमरजेंसी वार्ड में ही लगाने का निर्णय किया है। यह सोनोग्राफी मशीन लगने से अस्पताल में आने वाले मरीजों को बहुत राहत मिलेगी।

# जेकेके में चोरों ने बनाया अड्डा : वाहनों के साथ अन्य सामान हो रहे चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बजाज नगर थाना इलाके में स्थित जेकेके चोरों का अड्डा बनता जा रहा है। यहां से चोर वाहनों के साथ अन्य सामान पार रहे है। जवाहर कला केंद्र (जेकेके) में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नए साल की रात को जेकेके के सभी गेट्स पर लगी पीतल की नंबर प्लेटों को चोर उखाड़ कर ले गए। इन नंबर प्लेट्स पर दरवाजों की संख्या लिखी होती थी, जिनमें से अधिकांश अब गायब हो चुकी हैं। नए साल की रात की चोरी से पहले चोरों ने मुख्य दीवार पर पीतल से लिखे गए 'जवाहर कला केंद्र' के अक्षरों को भी उखाड़ लिया। इसके बावजूद प्रशासन ने इस घटना की कोई शिकायत पुलिस में दर्ज नहीं कराई। कुछ दिनों पहले जवाहर कला केंद्र के अंदर से बड़े-बड़े पाइप और एसी के वायर चोरी होने की घटना भी सामने आई थी। इसे लेकर बजाज नगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद केंद्र की पीछे की दीवारों पर सुरक्षा के लिए जालियां लगाई गई थीं। हालांकि, सुरक्षा उपायों के बावजूद चोरी की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है।

पिछले कुछ वर्षों में जवाहर कला केंद्र के आस-पास वाहनो चोरी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। वाहन चोरी के साथ बदमाश कारों के शीशे तोड़कर उनमें से लाखों रुपए के बेशकीमती सामान भी पार कर रहे है। पिछले दिनों एक कार का शीशा तोड़कर करीब दस लाख रुपए का सामान चोरी हो गया था।

# ट्रक-स्कॉर्पियो में भिड़ंत में एक युवक की मौत

## मृतक ने तीन दिन पहले ही मानसरोवर में खोला था कैफे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गांधी नगर थाना इलाके में मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि ट्रक और स्कॉर्पियो में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई और वहीं दो अन्य युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को अस्पताल पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस जानकारी के अनुसार तीनों कार में सवार थे। वहीं मृतक युवक ने तीन दिन पहले ही कैफे खोला था और अपने दोस्तों के साथ मानसरोवर (जयपुर) आ रहा था। हादसा अरण्य भवन के सामने हुआ। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। दुर्घटना थाना पूर्व पुलिस हेड कांस्टेबल विजय सिंह ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्कॉर्पियो सवार गोविंद शर्मा (25) पुत्र रमेश चंद शर्मा निवासी अहमदाबाद गुजरात व अन्य दो युवकों को 108 की सहायता से एसएमएस ट्रामा सेंटर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने गोविंद शर्मा को मृत घोषित कर दिया। घायल स्कॉर्पियो सवार युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। मृतक गोविंद शर्मा ने दो दिन पहले ही मानसरोवर में कैफे खोला था और अपने दोस्तों के साथ कैफे चलाने शुरू करने वाले था। तीनों दोस्त दिल्ली रोड से मानसरोवर की तरफ आ रहे थे। इस दौरान स्कॉर्पियो की ट्रक से टक्कर हो गई। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गय।

# उपभोक्ता मानक जागरूकता कार्यशाला कल शुक्रवार को राम द्वारा फुलेरा में

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** राष्ट्र की अग्रणी उपभोक्ता, मानव महिला एवं बाल अधिकार, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत संस्था कंज्यूमर्स एक्शन एंड प्रोटेक्शन सोसाइटी द्वारा कल दिनांक 3 शुक्रवार को कस्बे के गंणगौरी बाजार स्थित श्री राम द्वारा धर्मशाला सभा कक्ष में भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वाधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन अपरान्ह 3.00 बजे से किया जाएगा।जिसमें हॉलमार्क सोने -चांदी की परख के साथ ही विभिन्न आईएसआई मार्क एवं उत्पाद के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# हरीश आंजना एजुकेशन सोसाइटी को मिला राष्ट्रीय स्तर का करुणा इंटरनेशनल अवार्ड

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी ( नि.स. )।** हरीश आंजना स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दीपक मंडेला ने बताया कि हरीश आंजना एजुकेशन सोसाइटी को करुणा इंटरनेशनल क्लब, चेन्नई द्वारा राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड करुणा इंटरनेशनल, चेन्नई द्वारा राजस्थान के पाली जिले के तखतगढ़ में राष्ट्रीय सम्मान सम्मेलन आयोजित हुआ । इस सम्मेलन में हरीश आंजना एजुकेशन सोसाइटी को सामाजिक, सांस्कृतिक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य,शिक्षा,साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड मिला। राष्ट्रीय स्तर का सम्मान अवार्ड मिलने पर नगर में हर्ष की लहर दौड़ गई । अवार्ड हरीश आंजना एजुकेशन सोसाइटी के सचिव डॉ जगन्नाथ सोलंकी को शील्ड एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरीश आंजना स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अवार्ड मिलने पर डॉक्टर




जगन्नाथ सोलंकी का नगर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया । इस अवसर पर कार्यक्रम में गायत्री परिवार के मार्तंड राव मराठा, पेंशनर समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार औदिच्य, जैन सोशल ग्रुप के विमल वया, साहू समाज के अध्यक्ष प्यारचंद साहू, कैलाश इंदौरा राष्ट्रीय प्रांतीय साहू समाज वरिष्ठ उपाध्यक्ष थे । इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार औदिच्य ने कहा कि आज हम उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित हुआ है जिन्होंने अपने जीवन को दूसरों की सेवा में समर्पित किया है। उनकी कहानियाँ प्रेरणा और करुणा की भावना को बढ़ावा देंगी। मार्तंड राव मराठा ने कहा कि मानव सेवा करना सबसे बड़ा परम कर्तव्य है यह संस्था मानव सेवा के उत्कृष्ट कार्य हर समय करती है हम इसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

डॉ जगन्नाथ सोलंकी ने कहा कि हरीश आंजना एजुकेशन सोसाइटी को जो अवार्ड मिला है वह आपके जन सहयोग प्यार,स्नेह एवं आशीर्वाद से जनकल्याण के कार्यों,आमजन की सेवा,जीव जंतुओं पर दया करुणा का भाव से यह कार्य सफल हो पाया। इस अवसर पर संकाय सदस्य राहुल कुमार जोशी,अजय कुमार यादव,भगवान लाल कामड, मनीष बैरागी ,संगीता अग्रवाल, सपना बेस, नसरीनआरा, चौथमल मीणा, नितेश मीणा आदि उपस्थित थे।

# स्थानांतरण में उपेक्षा और भेदभाव से शिक्षकों में भारी आक्रोश : पुष्करणा

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय सभी जिला मुख्यालयों पर देगा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला प्रतापगढ़ के जिला संगठन मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में लंबे समय से स्थानांतरण की मांग को देखते हुए 01 जनवरी से 10 जनवरी के बीच स्थानांतरण पर लगी रोक हटाते हुए शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों के कार्मिकों के स्थानांतरण करने का निर्णय लिया है।राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सरकार की इस भेदभाव पूर्ण नीति को शिक्षकों के प्रति उपेक्षापूर्ण बताया है।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने कहा कि सरकार ने वर्तमान में शिक्षा विभाग को छोड़कर स्थानांतरण करने का निर्णय लिया है जो प्रदेश के लाखों शिक्षकों के प्रति भेदभाव पूर्ण और सरकार का शिक्षा को लेकर उपेक्षित भाव प्रकट होता है।सरकार ने पूर्व में भी सरकार गठन के बाद अन्य सभी विभागों मे स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर 2 बार स्थानांतरण किये है,तब भी और अभी भी शिक्षा विभाग की उपेक्षा की गई है ।शिक्षा विभाग सबसे बड़ा विभाग होते हुए भी लगातार शिक्षकों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से संपूर्ण शिक्षा विभाग में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है।सरकार को अविलंब शिक्षा विभाग मे अधिकारीयों से लेकर सभी संवर्गों के स्थानांतरण करने की संगठन मांग करता है।

जिला अध्यक्ष देवी लाल मीणा ने कहा कि संगठन के द्वारा कल दिनांक 2 जनवरी 2025 को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर स्थानांतरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधीश महोदय के माध्यम से ज्ञापन दिया जायेगा। प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पूर्व तथा पश्चात शिक्षा विभाग को छोड़कर अन्य सभी विभागों में स्थानांतरण किए गए परन्तु शिक्षा विभाग मे स्थानांतरण नहीं करते हुए यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि शिक्षा विभाग के साथ भेदभाव किया जा रहा है। आज प्रदेश में शिक्षण व्यवस्था के नाम पर एक जिले से दूसरे जिले में सैकड़ो की संख्या में प्रति नियुक्ति की जा रही है जिनका वास्तव में शिक्षण व्यवस्था से कोई लेना-देना नहीं है।इनमें कई शिक्षक तो ऐसे हैं जिनको 30 जून तक शिक्षण व्यवस्था के नाम पर लगा दिया गया जबकि ग्रीष्म अवकाश में कोई शिक्षण कार्य नहीं होता है।विभाग द्वारा लगभग समस्त जिलों में प्रतिनियुक्ति का खेल किया जा रहा है।अत: संगठन की मांग है इस प्रकार की प्रतिनियुक्ति नहीं की जा कर, स्पष्ट रूप से स्थानांतरण के माध्यम से ही शिक्षकों को पद स्थापित किया जाए। सरकार द्वारा शीघ्र शिक्षा विभाग के प्रति अपना रवैया नहीं बदला तो सरकार को शिक्षकों के आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है । सरकार के इस निर्णय को प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम,प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ,महिला मंत्री डॉ अरुणा शर्मा प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री योगेश कुमार शर्मा व प्रदेश कोषाध्यक्ष कैलाश कच्छावा सहित प्रदेश कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने शिक्षकों की अनदेखी करने वाला और शिक्षक विरोधी बताते हुए शीघ्र स्थानांतरण की मांग की है।

# लाखाखेड़ी मे नववर्ष के उपलक्ष में हनुमान जी के मंदिर निर्माण समिति एवं सभी कार्यकर्ताओं के साथ महाप्रसाद का भोज किया

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड ( नि.स. )।** झालावाड़ लाखाखेड़ी हनुमान जी महाराज के मंदिर पर लाखाखेड़ी गांव वालों की तरफ से 11 सुंदरकांड पूर्ण होने पर 31 दिसम्बर 2024 के समाप्त होने पर व नववर्ष 2025 के उपलक्ष में हनुमान जी के मंदिर निर्माण समिति एवं सभी कार्यकर्ताओं के साथ महाप्रसाद का भोज किया गया जिसमें ग्राम पंचायत कवंल्दा के सरपंच दुर्गाशंकर नागर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज भगवान मदन मोहन मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र जोशी, आभा जोशी झालावाड़



अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश प्रवक्ता पिंटू गौतम, कार्यवाहक अध्यक्ष ललित शर्मा, उपाध्यक्ष भवानीशंकर शर्मा, ओम प्रकाश गौतम, संरक्षक मण्डल के नरेश जोशी, प्रमोद शर्मा व लाखाखेड़ी परमेश्वर नागर, रामावतार नागर, हरनाथ नागर, राकेश नागर, विनोद नागर, रामभगत नागर, ललित गौतम, हेमराज नागर बाबूलाल नागर, रामकिशन नागर, जगदीश नागर, बुद्धिप्रकाश नागर, चंद्रप्रकाश गौतम, शंभूदयाल योगी, चंद्रप्रकाश योगी, केशव गौतम, पवन नागर आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान पेंशन समाज झालावाड़ ने नववर्ष पर स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड.( नि.स. )।** राजस्थान पेंशन समाज जिला शाखा झालावाड़ के सदस्यों ने नववर्ष 2025 पर पेंशन समाज जिला शाखा झालावाड़ के कार्यालय में एकत्रित हो कर एक दूसरे को नववर्ष की बधाईयाँ दी सभी सदस्यों ने आपस में एक दूसरे के लिए शुभकामनाएं दी जिला अध्यक्ष भंवर सिंह राजावत ने अपने संबोधन में कहा कि आज युनिवर्सल कलेण्डर के हिसाब से नए साल का पहला दिन है सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं वैसे तो हर धर्म का अपना नववर्ष होता है लेकिन हम भारतीय वसुदेव कुटुम्भ की संकृति को मानने वाले लोग सभी



धर्म का सम्मान करते हुए अंग्रजी कलेण्डर के नए साल को भी उत्साह से मनाते है ओर मना रहे हैं ओर हम सब भारतीय एक है ओर एक ही रहेगे बनेगें नहीं ओर सभी एक साथ मिल कर देश के विकास के लिए काम करेगें ओर देश को विश्व में सबसे ऊपर पहुचाएंगे समारोह को सोमैश चंद्र शर्मा, रामसिंह सोलंकी, आरिफ़ हुसैन गौरी, घनश्याम राठौर, मोहनलाल वर्मा ने भी संबोधित किया समारोह में विष्णु प्रसाद बाथमा, मेहमूद खान, संतोष बाई, घींसी बाई, नंदलाला वर्मा, मोहनलाल वर्मा, अब्दुल रजाक मंसूरी, अनिल वाजपेई आदि पचास सदस्य उपस्थित रहें।

# रिडकोर मेगा हाइवे ने की सड़क सुरक्षा अभियान की शुरूआत



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड.( नि.स. )।** झालावाड़ जिले में जिला कलेक्टर के आदेशानुसार चलाए गए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रिडकोर प्रोजेक्ट मैनेजर अमित गर्ग ने रिडकॉर के सभी टोल प्लाजा पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के आदेश दिए रिडकॉर के बिंदा टोल प्लाजा पर दुपहिया वाहनों व छोटे - बड़े वाहनों को सड़क सुरक्षा के पंपप्लेट बाटे व रेडियम स्टिकर चिपकाए। टोल मैनेजर आशीष यादव ने वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर व सीट बेल्ट लगाकर ओर शराब पीकर वाहन न चलाने के बारे में जानकारी दी,अंशुष खटीक ने एक जनवरी 2025 को सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने की शपथ सभी टोल कर्मचारियों को दिलाई,सड़क सुरक्षा अभियान में पेट्रोलिंग टीम गुलाब सिंह, दिलीप सिंह, राजू सिंह ,रामबाबू व टोल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जन्मदिवस पर गौसेवा का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** एनसीबी के बैनर तले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों ने एसबीआई एस ए के अध्यक्ष व एनसीबी महासचिव अजातशत्रु के जन्मोत्सव के अवसर पर लावारिस गायों को गुड़ लापसी वितरण कर गौसेवा का संकल्प लिया । साथ ही 57 वें जन्मदिन पर 57 पौधे लगाने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन उपसचिव अभिषेक पारीक ने बताया अजात भाई द्वारा सदैव कर्मचारियों के हितार्थ संघर्ष किया जाता रहा है। इस अवसर पर हम सभी अपने सर्वप्रिय नेता को अनूठे अंदाज में बधाई देना चाहते हैं। हमारे संगठन के अध्यक्ष अजात शत्रु की प्रेरणा से हम सभी ने 57 पोधै वितरण कर अपने नेता को बधाई दी है । ताकि उनका जीवन भी पोधौ की तरह हरा भरा बना रहें। इस अवसर पर रोडवेज विभाग से



पधारे अतिथि रामनारायण सैनी ने बताया पौधरोपण करने के साथ उनका संरक्षण भी जरूरी है । जब तक वो एक वृक्ष का रूप ना ले इनकी देखभाल भी करनी चाहिए। कम से कम एक पौधा हर शख्स को लगाना चाहिए। पृथ्वी पर अधिक पेड़.पौधे होंगे तो हमारा वातावरण शुद्ध रहेगा। कर्मचारियों ने विभिन्न जगहों पर फलदार, छायादार, औषधीय पौधे लगाने का संकल्प भी लिया । इस अवसर पर शीशपाल, रोहित राजपुरोहित, कमलकांत शर्मा, राजवीर, रवि शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अटल विहार आवासीय योजना में 20 लाख रूपये से अधिक आय वर्ग के आवेदक भी कर सकेंगे आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अटल विहार एवं गोविंद विहार आवासीय योजनाओ में आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। अटल विहार योजना में एच.आई.जी.श्रेणी के अनारक्षित भूखण्डों हेतु सकल वार्षिक आय सीमा रू. 20 लाख प्रति वर्ष से अधिक आय वाले आवेदक भी आवेदन के पात्र हैं। शेष् शर्तें यथावत रहेंगी। जेडीसी ने बताया कि जविप्रा द्वारा जोन-12 में कालवाड़ रोड पर चक पीथावास उर्फ नारी का बास में अटल विहार आवासीय योजना विकसित की गई है। योजना में ऑनलाईन आवेदन दिनांक 18.12.2024 से 17.01.2025 तक आमंत्रित किये गये हैं जिसमें कुल 284 भूखण्ड है। अटल विहार आवासीय योजना योजना की लॉटरी 29.01.2025 को निकाली जायेगी। उक्त योजना में 45 वर्गमीटर से 220 वर्गमीटर तक के भूखण्ड उपलब्ध हैं। 45 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 43, 46-75 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 99, 76-120 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 11, 121-220 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 96 एवं 220 वर्ग मीटर से अधिक भूखण्डो की संख्या 35 है। योजना की आरक्षित दर रूपये 14,000 है। उन्होंने बताया कि जोन-10 में गोविन्दपुरा-रोपाडा, हैरिटेज सिटी (दक्षिणी रिंग रोड एवं खातीपुरा रेल्वे स्टेशन के समीप) गोविन्द विहार आवासीय योजना विकसित की गई है। योजना में ऑनलाईन आवेदन 25.12.2024 से प्रारम्भ है एवं आवेदन की अन्तिम तिथि 24.01.2025 रखी गई है, जिसमें कुल 202 भूखण्ड हैं। गोविन्द विहार आवासीय योजना की लॉटरी 05.02.2025 को निकाली जायेगी। उक्त योजना में 45 वर्गमीटर से 220 वर्गमीटर भूखण्ड सृजित किये गये है।45 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 34, 46-75 व.मी. तक के भूखण्डों की संख्या 55, 121-220 वर्ग मीटर तक के भूखण्डों की संख्या 48 एवं 220 वर्ग मीटर से अधिक भूखण्डो की संख्या 65 है।

# दिव्य कलश लेकर रथ भुसावर हुआ रवाना

बढ़ता राजस्थान

**वैर/भरतपुर ( गोपाल पाठक ) ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा भरतपुर जिले में चल रही ज्योति कलश यात्रा हलैना व वैर क्षेत्र के गांव रमासपुर, नगला मीठा, नावर, प्रेम नगर, सिंगरावली, गागरौली और सिरस होकर गायत्री शक्तिपीठ वैर पहुंची जहां रात्रि विश्राम के बाद गांव बासी, बझेरा, कस्बा वैर एवं अन्य गांवों में होते हुए भुसावर के लिए रवाना हो गई । साथ में चल रहे दिव्य ज्योति कलश का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पूजन किया जिनके लिए गुरुदेव के साहित्य का वितरण किया गया। गायत्री शक्तिपीठ वैर के ट्रष्टी मनोज मिश्रा ने बताया कि दिव्य ज्योति कलश का भ्रमण हलैना में 3 दिन व वैर क्षेत्र में तीन दिन हुआ। शांतिकुंज



हरिद्वार से 108 रथ भेजे गए हैं जो समस्त राजस्थान में श्रद्धालुओं को जोड़ने का काम कर रहे हैं तथा श्रद्धालियों को गुरुदेव का साहित्य वितरण किया जा रहा है।

# नववर्ष पर अनाज मंडी यार्ड में हुआ खेलकूद का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** नववर्ष के अवसर पर नवीन मंडी यार्ड अनाज मंडी भरतपुर में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया द्य नवीन मंडी यार्ड व्यापार संघ प्रवक्ता इंजीनियर घमंडीसिंह नहारौली ने बताया कि 100 मी दौड़ में रिंकूसिंह मुरवारा 100 मीटर मजदूर जमादार दौड़ प्रतियोगिता



में अमरसिंह सोगर रस्साकसी प्रतियोगिता में नरेश इकरन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल दुपट्टा एवं किशमिश के पैकेट देकर सम्मानित किया गया । समापन समारोह में नवीन मंडी यार्ड व्यापार संघ के पदाधिकारी गण मौजूद रहे । इस अवसर पर नरेंद्र सिघल ,अध्यक्ष रघुवीरसिंह टुंडा ,इंजीनियर घमंडीसिंह, गजेंद्र देशवाल ,अभय जैन, रवि सिंघल, कप्तानसिंह देशवाल ,महेश ,मनोज ,धनेशचंद ,सतीश, काली, बॉबी ,मुकेश ,सुनील ,पप्पू ,भोला, अजय, सुदर्शन ,नीरज ,रामदयाल ,डब्बू ,राधे जमादार, मुकेश राकेश, हाकिमसिंह ,रामबाबू ,सोनू , कालू ,नेता, धर्मचंद ,राधे जमादार आदि लोग मौजूद रहे।


# कार्यालय ग्राम पंचायत रवाजना चौड़
# पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर

**क्रमांक 2024-25/71-77** **दिनांक: 01.01.2025**

## ई-निविदा सूचना संख्या 1/2024-25

NIB NO.-ZSM2324A0130

वर्ष 2024-25 हेतु महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायतराज विभाग की विभिन्न योजनाओं में कार्यों के लिए निर्माण सामग्री क्रय हेतु, उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2023 व नियम 2024 के तहत वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में पंजीकृत विक्रेताओं / निविदादाताओं से वार्षिक दर दिनांक 07.01.2025 तक के लिए निम्नानुसार निविदा दरें ई प्रोक्योरमेन्ट पद्धति से द्विस्तरीय (तकनीकी एवं वित्तीय अलग-अलग) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबधित नियम शर्ते एवं सम्बन्धीय दस्तावेज लोक उपापन की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत रवाजना चौड
पंचायत समिति चौथ का बरवाडा, स.मा.

**सरपंच**
ग्राम पंचायत रवाजना चौड
पंचायत समिति चौथ का बरवाडा, स.मा

## सम्पादकीय

### रुपए की तीव्र गिरावट अर्थव्यवस्था के लिए एक नई चुनौती

भारतीय रुपए के लिए यह एक उथल-पुथल भरा समय रहा है, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) विदेशी मुद्रा बाजार में सक्रिय रूप से कदम रख रहा है, ताकि इसे 'व्यवस्थित' विनिमय आंदोलन के रूप में देखा जा सके। 19 दिसंबर को रुपया अमरीकी डॉलर के मुकाबले 85 के सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर पहुंच गया था। पिछले शुक्रवार को यह 86 के स्तर के करीब पहुंच गया था, लेकिन केंद्रीय बैंक द्वारा देर से हस्तक्षेप करने पर यह 85.53 पर वापस आ गया। हाल के दिनों में कई कारकों ने रुपए को नुकसान पहुंचाया है, जिनमें सितंबर के अंत में प्रमुख सूचकांकों के चरम पर पहुंचने के बाद प्रतिभूति बाजारों से विदेशी पोर्टफोलियो निवेश का निरंतर बहिर्वाह शामिल है। अत्यधिक स्टॉक मूल्यांकन, जुलाई-सितंबर तिमाही में निराशाजनक कॉर्पोरेट प्रदर्शन और चीन के आर्थिक प्रोत्साहन ने उभरते बाजारों के पोर्टफोलियो को मुंबई से बीजिंग की ओर धकेल दिया। डोनाल्ड ट्रम्प के कारक ने अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव में उनकी जीत के बाद डॉलर के मजबूत होने के साथ एक नई बाधा उत्पन्न की और वैश्विक व्यापार में यू.एस. डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए एक आम मुद्रा योजना के लिए ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ की उनकी चेतावनी से उभरते बाजार की मुद्राएं और भी अधिक हिल गईं। व्यापार मामलों पर ट्रम्प के आमतौर पर संरक्षणवादी रुख के बारे में आशंकाओं के साकार होने से पहले ही, भारत की वस्तु व्यापार कहानी लडखड़ा रही है। रिकॉर्ड व्यापार घाटे और आयात बिल इस तिमाही के चालू खाता घाटे में दिखाई देंगे, जो दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 1.2 प्रतिशत से दोगुना होने की उम्मीद है। सेवा व्यापार अभी भी अधिशेष दे रहा है, लेकिन एच-1बी वीजा व्यवस्था के आसपास अनिश्चितता एक महत्वपूर्ण निगरानी योग्य होगी, ट्रम्प की प्रणाली पर नवीनतम शांत टिप्पणियों के बावजूद।

पिछले आर.बी.आई. गवर्नर, शक्तिकांत दास ने ब्रिक्स मुद्रा को केवल 'एक हवा में विचार' के रूप में खारिज करके अच्छा किया और जोर देकर कहा कि भारत का कोई डी-डॉलरीकरण एजेंडा नहीं है। सरकार को भी सार्वजनिक मंचों और कूटनीतिक वार्ताओं में इस आशय का एक स्पष्ट बयान जारी करना चाहिए, ताकि इस मुद्दे को सुलझाया जा सके। यह सच है कि अन्य उभरते बाजारों की मुद्राओं को बड़ा झटका लगा है और गिरता हुआ रुपया निर्यातकों के लिए अच्छा संकेत है, लेकिन भारत को आयात मुद्रास्फीति के बारे में भी चिंता करने की जरूरत है, खासकर खाद्य तेल और कच्चे पैट्रोलियम जैसी अलोचदार वस्तुओं पर। इसके अलावा, विदेशी निवेश प्रवाह अनिश्चित है, जैसा कि 2025 के लिए अमरीकी मौद्रिक नीति का दृष्टिकोण है। रुपए के प्रक्षेपवक्र को प्रबंधित करने के लिए केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा भंडार को किस हद तक तैनात कर सकता है, इसकी भी एक सीमा है और वित्त मंत्रालय ने माना है कि हाल ही में विनिमय दर में उतार-चढ़ाव मौद्रिक नीति निर्माताओं की स्वतंत्रता को बाधित करता है। भारत की वर्तमान आर्थिक परेशानियां घरेलू कारकों, जैसे कि कम होती खपत और अनिच्छुक निवेश से जुड़ी हैं। रुपए के दबाव में आने के साथ, 2025 में देश की बाहरी लचीलेपन की भी परीक्षा हो सकती है।

# बजट 2025 में नारी शक्ति को चिन्हित कर कार्यबल में भागीदारी की योजनाएं, स्कीम लाना समय की मांग

**अगर हाल ही में आई एक रिपोर्ट की करें तो सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। द नज इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस लक्ष्य को हासिल करने और भारतीय अर्थव्यवस्था में 14 लाख करोड़ रुपये का योगदान देने के लिए श्रमबल में 40 करोड़ अतिरिक्त महिलाएं जोड़नी होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2047 तक वर्तमान महिला श्रम बल भागीदारी दर (एलएएफपीआर) 37 प्रतिशत को लगभग दोगुना बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की जरूरत होगी। पिछले कुछ वर्षों के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पर आधारित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने 2047 तक 30 लाख करोड़ रुपये की इकोनॉमी बनने का लक्ष्य रखा है।**

किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर भारतीय नारी की गाथा बहुत ही सम्मानजनक रूप से गाई जाती है, क्योंकि आदि अनादि काल से ही भारतीय नारी शक्ति की अनेक मान्यता प्राप्त कहानियों कथाओं से भी हमें पता चलता है कि नारी शक्ति की शक्ति तो देवी-देवताओं को भी करनी पड़ी थी, हम तो इस कलयुग में इंसान मात्र हैं। इसलिए हमें चाहिए कि नारी शक्ति का सम्मान कर उनको कार्यबल प्रदान करें जिसको भारत के विकास में प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित कर एक फ़रवरी 2025 को आने वाले बज़ट में ऐसी योजनाओं स्कीमों को लाया जाना चाहिए ताकि नारी शक्ति को कार्य बल में उचित भागीदारी मिले और भारत के तेज़ी से विकसित हो रहे पथ को अधिक तेजी से आगे बढ़ाया जा सके। साथियों बात अगर हम नारी शक्ति को कार्यबल के रूप में चिन्हित करने की करें तो, हमने कई क्षेत्रों में देखे हैं कि नारी कार्यबल अपेक्षाकृत रूप से अधिक सशक्त व प्रभावी रिजल्ट देता है। हम अगर नर नारी के कार्यबल की गुणवत्ता का विश्लेषण करें तो, मेरा मानना है कि नारी बल गुणवत्ता में अधिक कुशल दिखेगा। जिसका मैंने खुद ने ग्राउंड रिपोर्टिंग कर सत्यता परखी है। मैंने अनेक शोरूम ऑफिसेस दवाखाना वकील सीए अनेक प्रोफेशनल जगह कंपनियों में वहां के प्रमुख संचालकों, मैनेजरों अधिकृत व्यवस्थापकों से बात की तो उन्होंने भी नारी कार्यबल को अपेक्षाकृत अधिक सशक्त इमानदार रेगुलर जिम्मेदार ज़वाबदेही में अवल बताया और नारी कार्यबल को प्राथमिकता देने की बात स्वीकार की, क्योंकि नकारात्मक आदतें नारी कार्यबल में नहीं देखने को मिलती जितनी नर कार्यबल में देखने को मिलती है। उसी तरह नेतृत्व शक्ति में भी नारी कार्यबल अधिक उच्च गुणवत्ता में अग्रणी ही है इसका उदाहरण हमें वैश्विक स्तरपर मूल भारतीय महिलाओं कल्पना चावला कमला हैरिस सहित अनेकों का नाम लिया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम 1 फ़रवरी 2025 को आने वाले बजट में नारी शक्ति कार्यबल के एंगल से देखें तो आज इसकी कार्य शक्ति बढ़ाने के लिए अधिक बजट एलोकेशन की आवश्यकता है। कुछ ऐसी योजनाएं, इंसेंटिव, छूट दी जानी चाहिए ताकि नारी कार्यबल को प्राथमिकता दिए जाने पर प्रोत्साहन मिले। वैसे भी हम अभी अनेकों निजी कंपनियों में देखते हैं कि वहां नारी कार्यबल को प्राथमिकता दी जाती है जो वर्तमान समय की जरूरत भी है अब वक्त आ गया है कि नारी शक्ति के कार्य बल को बढ़ाने आरक्षण का बंधन भी तोड़ने की ज़रूरत है और उच्च कौशल्या के आधार पर नारी कार्यबल की सेवा राजनीतिक, औद्योगिक शैक्षणिक सहित हर क्षेत्र में ली जानी चाहिए। भारतीय कौशल नारी सबपर भारी की थींम को आगे बढ़ाया जाए। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा अनेक स्थानों पर अनेक संबोधनों में उन्होंने भी,नारी शक्ति को भारत के विकास के प्रमुख इंजन




के रूप में चिन्हित किया और कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को और सक्षम बनाने के साथ-साथ उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी रखने का आग्रह किया, एक मीटिंग में विचार-विमर्श वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भारत का विकास और दृढ़ता विषय पर आधारित था। अपनी टिप्पणी में कहा कि, जहां जोखिम थे, वहीं उभरता हुआ वैश्विक वातावरण डिजिटलीकरण, ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए और विविध अवसर प्रदान करता है। इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र को तालमेल का लाभ उठाने और लीक से हटकर सोचने की जरूरत है। उन्होंने भारत डिजिटल की सफलता की गाथा और देश भर में फिनटेक को तेजी से अपनाने, और समावेशी विकास और इसके दृढ़ संकल्प की क्षमता की सराहना की। बैठक में प्रतिभागियों ने उन तरीकों पर व्यावहारिक उपायों की पेशकश की, जिनसे भारत अपने विकास की गति को विवेकपूर्ण ढंग से बनाए रख सकता है। कृषि से लेकर विनिर्माण तक विविध विषयों पर प्रधानमंत्री के साथ विचार और सुझाव साझा किए गए। यह स्वीकार करते हुए कि अंतर्निहित वैश्विक प्रतिकूलताएं जारी रहने की संभावना है, भारत की दृढ़ता को और मजबूत करने के लिए रणनीतिक सिफारिशें भी साझा की गईं। इस बात पर सहमति कायम हुई कि अपने लचीलेपन के कारण, भारत अशांत वैश्विक मंच पर एक उज्ज्वल स्थान बनाकर उभरा है। यह सुझाव दिया गया था कि सभी क्षेत्रों में समग्र विकास के माध्यम से इस नींव पर नए सिरे से विकास पर जोर देने की आवश्यकता होगी। हर नारी अपनी प्रतिभा के साथ न्याय कर पाये , अपने अरमानो को पंख लगाने का जज्बा रखे और उन्हें पूरा करने का होंसला रखे । किसी से कोई खैरात नहीं, कोई पक्षपात नहीं,अपने बलबूते पर मंज़िल हांसिल करने माद्दा रखे। साथियों बात अगर हम बड़ी संख्या में अभी भी महिलाओं की वर्तमान स्थिति की करें तो, वर्तमान युग में महिलाओं को मात्र भोग विलास की वस्तु बना कर रख दिया गया है। जिसका मूल काम घर में रहकर चूल्हा चौका करना तथा परिवार की देखभाल करना रह गया है। आज के समय जहां विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है वहीं दूसरी तरफ महिलाओं का कुछ ऐसा वर्ग भी है जिन्हें उनके मूल अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। इस कुप्रथा को दूर करने के लिए हर किसी को अपनी मानसिकता बदलने की आवश्यकता है। जब तक हम अपनी मानसिकता को नहीं बदलकर स्त्रियों को साथ नहीं लेंगे तब तक राष्ट्र का सर्वांगीण विकास मुमकिन नहीं हो पाएगा।भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था क्योंकि उसके विकास में पुरुष तथा स्त्रियों का समान प्रयास हुआ करता था। लेकिन जैसे-जैसे स्त्रियों के विकास का अनुपात कम होता गया वैसे वैसे भारत का गौरव भी धूमिल पड़ता गया।भारतीय महिलाओं का इतिहास में योगदान अप्रतिम रहा है। सिर्फ स्वाधीनता संग्राम के समय को देखा जाए तो भारतीय महिलाओं का योगदान अगणनीय ही प्राप्त होगा। स्वाधीनता संग्राम के दौरान महारानी लक्ष्मीबाई, विजयालक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, सरोजिनी नायडू, कमला नेहरु, सुचेता कृपलानी, मणीबेन पटेल अमृत कौर जैसी स्त्रियों ने आगे आकर अपना अप्रतिम योगदान दिया। साथियों बात अगर हम महिलाओं में गॉड गिफ्टेड विशेषज्ञता की करें तो, भारतीय महिलाएँ ऊर्जावान, दूरदर्शी और सभी बाधाओं और चुनौतियों के बावजूद अपने जीवन में सफलता की नई ऊँचाइयों को छूने के लिए हमेशा जोश और प्रतिबद्धता से भरी रहती हैं! भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में,हमारे लिए, महिलाएँ न केवल घर की अग्नि की देवी हैं, बल्कि आत्मा की ज्वाला भी हैं। महिलाएँ कभी हार न मानने वाली भावना का एक बेहतरीन उदाहरण हैं और अनादि काल से मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज वाणी पर संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**वृष**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**मिथुन**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**कर्क**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**सिंह**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कन्या**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**तुला**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**मकर**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**कुंभ**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**मीन**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान

**नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी दंबग शैली के शानदार अधिकारी आईपीएस श्री राजन दुष्यन्त सर।**

28 अक्टूबर सन 1970 को अजमेर में जन्में दुष्यन्त शुरू से ही दंबग कार्यशैली के रहे। बीएससी और एमबीए करने के बाद राजस्थान पुलिस सेवा के बेड़े में शामिल हुए और अनेक स्थानों पर डिप्टी एसपी और पदोन्नति के बाद एडिशनल एसपी के रूप में खाकी के इकबाल को बुलंद किया। आज पुलिस अधीक्षक, कोटपूतली- बहरोड़ पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा। पुलिस अधीक्षक, चित्तौड़गढ़। पुलिस अधीक्षक, पाली। पुलिस अधीक्षक, श्रीगंगानगर। पुलिस अधीक्षक, कोटा ग्रामीण कोटा। पुलिस अधीक्षक, जोधपुर ग्रामीण जोधपुर रहे। 17 जुलाई सन 2017 पदोन्नति होकर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल हुए। इन्हे राष्ट्रपति पुलिस पदक-2022 व पुलिस पदक -2011 से भी नवाजा गया है। जोरदार आईपीएस रहे। कोटा व जोधपुर ग्रामीण एसपी के पद पर रहकर बेहद शानदार कार्य कर अपराधियों को उनकी छटी का दूध याद दिलाया। पुलिस के स्लोगन आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय को पूर्णत्या चरितार्थ कर पुलिस के इकबाल को मजबूत किया। दैनिक बढता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।


श्री राजन दुष्यन्त( आईपीएस )
एसपी बहरोड़ कोटपूतली

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 2 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1757-राबर्ट क्लाइव ने नवाब सिराजुद्दौला से कलकत्ता (कोलकाता) को वापस छीना।
- 1899-रामकृष्ण के आदेश के बाद साधु कलकत्ता (कोलकाता) स्थित बेलूर मठ में रहने लगे।
- 1941-द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी के हमले से ब्रिटेन के कार्डिफ शहर स्थित लेनडॉफ कैथेड्रल को भारी नुकसान।
- 1942-द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापानी सेना ने फिलीपींस की राजधानी मनीला पर कब्जा किया।
- 1954-पद्म विभूषण पुरस्कार की स्थापना 2 जनवरी, 1954 में की गयी। भारत रत्न पुरस्कार 2 जनवरी, 1954 को प्रारम्भ किया गया।
- 1973-जनरल एस. एफ. ए. जे. मानिक शॉ को फ़ील्ड मार्शल बनाया गया।
- 1975-बिहार के समस्तीपुर में जिले में एक बम विस्फोट में रेलमंत्री ललित नारायण मिश्रा घायल।
- 1989-रणसिंघे प्रेमदास श्रीलंका के राष्ट्रपति बने।
- 1991-तिरुअनंतपुरम हवाई अड्डा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया।
- 1993-**श्रीलंका गृह युद्ध**-श्रीलंकाई नौसेना ने जाफना क्षेत्र में 35 से 100 नागरिकों की हत्या की।
- 2001-बांग्लादेश में फ़लवा अवैध घोषित।
- 2002-अर्जेन्टीना में 12 दिन में पांचवां राष्ट्रपति नियुक्त, देश दिवालिया घोषित, काठमाण्डू में दक्षेस विदेश मंत्रियों की बैठक प्रारम्भ, पाकिस्तान आतंकवादियों को सौंपने के लिए सशर्त तैयार।
- 2008-बलिया लोकसभा सीट पर हुए उप-चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर विजयी रहे। सैन फ़्रांसिस्को में रहने वाली समन हसनैन वर्ष, 2002 की मिसेज पाकिस्तान वर्ल्ड चुनी गईं। चिली का दक्षिणी लाइमा ज्वालामुखी फटा।
- 2009-रिजर्ब बैंक ऑफ़ इंडिया ने बाज़ार में 20 करोड़ रुपये के राहत पैकेज देने का निर्णय लिया। भारत के सौरभ घोषाल स्कवैश रैकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैकिंग हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने।
- 2010-सोमालियाई जलदस्युओं ने इटली के जेनओआ से सोमालिया होते हुए भारत के कांडला बंदरगाह आ रहे सिंगापुर ध्वजवाहक एम.वी. प्रमोनी नामक रसायनिक जलपोत का अपहरण कर लिया। उत्तर प्रदेश में घने कोहरे के कारण पाँच ट्रेनों की दुर्घटना में 10 यात्रियों की मृत्यु हो गई और 40 घायल हो गए।
- 2016-सऊदी अरब के जाने माने शिया मौलवी निम्र अल निम्र और 46 अन्य साथियों को सरकार की ओर से फाँसी दी गई।
- 2020-भारत सरकार ने चंद्रयान-3 अभियान को मंज़ूरी दी। भारत के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत ने अपने कार्यकाल के पहले दिन की शुरुआत दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ की। दृष्टिबाधित लोगों को नोटों की पहचान करने में मदद हेतु आरबीआई ने मनी मोबाइल ऐप लांच किया, जो दृष्टिबाधित लोगों को नोटों की पहचान करने में मदद करता है।

### 2 जनवरी को जन्मे व्यक्ति

- 1970 - बुला चौधरी - प्रसिद्ध तैराक।
- 1953 - अश्विनी कुमार चौबे - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञों में से एक हैं।
- 1940 - एस. आर. श्रीनिवास वर्द्धन- भारतीय अमरीकी गणितज्ञ।
- 1906 - डी. एन. खुरोदे - प्रसिद्ध भारतीय उद्यमी थे, जिनका भारत के दुग्ध उद्योग में योगदान।
- 1905 - जैनेन्द्र कुमार- हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक कथाकार और उपन्यासकार।
- 1899 - सुकुमार सेन - भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त थे।

विशेष आलेख

# चिंता का विषय हैं बढ़ती विमान दुर्घटनाएं !

सुनील कुमार महला

सड़क हादसे ही नहीं आज दुनिया भर में बढ़ते विमान हादसे भी घोर चिन्ता का विषय हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही देश के केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत में सड़क दुर्घटनाओं पर अत्यंत चिंताजनक वक्तव्य देते हुए यह बात कही थी कि जब वे सड़क एवं राजमार्ग विकास पर आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भागीदारी करते हैं, तो विभिन्न पक्षों द्वारा भारत में अधिक सड़क दुर्घटनाओं के संदर्भ में पूछे जाने वाले सवालों से वे लज्जित महसूस करते हैं। सड़क हादसों से परे, अब



दुनिया में हो रहे विमान हादसे भी कम चिंता का विषय नहीं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हवाई यात्रा भी सेफ या सुरक्षित नहीं रही है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में साल के आखिरी दिनों में विश्व में हुई दो भीषण विमान दुर्घटनाओं ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा और हर तरफ शोक की लहर दौड़ गई। हालांकि, जो विमान हादसे हाल ही में हुए हैं वे भारत में नहीं हुए हैं लेकिन नुकसान तो मानवजाति को ही पहुंचा है, भले ही फिर वे कहीं भी क्यों न घटित हुए हों। इस संबंध में हाल ही में मीडिया में आई खबरें यह बतातीं हैं कि कजाकिस्तान में हाल ही में अजरबैजान के विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 38 लोगों की मौत हो गई वहीं दूसरी ओर दक्षिण कोरिया में हुए एक विमान हादसे में 179 लोगों मारे गए। यह बहुत ही दुखद है कि दक्षिण कोरिया में हुए विमान हादसे में बड़ी संख्या में लोग मारे गए, वहीं दूसरी ओर अज़रबैजान के विमान हादसे में भी अड़तीस लोगों का मारा जाना हर किसी के दिल को दहला देने वाला है ।एक हफ्ते में दो विमानों का दुर्घटनाग्रस्त हो जाना और उनमें इतनी बड़ी संख्या में लोगों का मारा जाना कहीं न कहीं ये दर्शाता है कि आज विमान यात्रा भी सुरक्षित नहीं रह गई है। दक्षिण कोरिया के मुआन में हुए हादसे का कारण पक्षी के टकरा जाने को बताया गया है। बताया जा रहा है कि हादसा विमान की लैंडिंग के समय हुआ जब विमान के पिछले हिस्से से पक्षी टकरा गया और कुछ ही सैंकिड्स में विमान आग की लपटों से घिर गया। कहा जा रहा है कि पक्षी टकराने की वजह से लैंडिंग गियर में खराबी आ गई। हालांकि, कई जानकार इससे सहमत नहीं हैं। वास्तव में हादसे की वजह क्या रही, यह सब तो हादसे की जांच से कुछ और तथ्य सामने आने के बाद ही सही रूप से स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि अजरबैजान विमान हादसे को लेकर अलग-अलग तरह के दावे किए जा रहे हैं। सच तो यह है कि इन अलग-अलग दावों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की माफी ने सस्पेंस को खत्म नहीं किया बल्कि संदेहों को और अधिक गहरा कर दिया है। पुतिन ने अपने माफीनामे में यह बात कही है कि जब वह विमान कजाकिस्तान में लैंड कर रहा था उस समय यूक्रेनी ड्रोन हमलों के मद्देनजर रूसी डिफेंस सिस्टम एक्टिव था। लेकिन पुतिन ने यह स्वीकार नहीं किया है कि वह विमान इसी सिस्टम का टारगेट बना। कहना मुश्किल है कि लैंडिंग के वक्त विमान में कोई तकनीकी गड़बड़ी हुई या वह किसी मिसाइल का शिकार हुआ, लेकिन जो भी हो सच तो यही है कि इसमें सवार यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। बहरहाल, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि एविएशन इंडस्ट्री के मामले में साउथ कोरिया का रिकॉर्ड अच्छा माना जाता रहा है और यह पिछले एक दशक में हुई साउथ कोरियन एयरलाइन की पहली बड़ी दुर्घटना है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इससे पहले वर्ष 2013 में दुर्घटना हुई थी, जब एशियाना एयरलाइंस की एक फ्लाइट सैन फ्रांसिस्को में तीन लोग मारे गए थे। वास्तव में विमान दुर्घटनाओं के अनेक कारण हो सकते हैं। इस संबंध में एक्सपर्ट्स बताते हैं कि पायलट की गलती, तकनीकी खामियां, मौसम की प्रतिकूलता और यहां तक कि एयरलाइन कंपनियों की लापरवाही के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती न हैं। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि एक रिपोर्ट में यह बताया गया कि पायलट की गलती हवाई दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण है, जो करीब 53त्न दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार है। दरअसल, आज पायलटों को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे खराब मौसम, यांत्रिक समस्याएं और सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करना वगैरह वगैरह। इसके अलावा, क्रू मेंबर की छोटी-छोटी गलतियां, जैसे सामान को सही से न रखना, भी बहुत बार गंभीर परिणाम दे सकती हैं। मेंटेनेंस की कमी,विमान के डिजाइन और निर्माण में खामियां, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, सुरक्षा उपकरण और लैंडिंग तकनीक भी विमान दुर्घटनाओं का एक बड़ा एवं प्रमुख कारण है। बहरहाल, जो भी हो विमान दुर्घटनाओं से जान-माल दोनों की ही बड़ी क्षति होती है। वास्तव में हवाई दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न सुरक्षा उपायों को कड़ाई से लागू किया जाना चाहिए। साथ ही साथ विभिन्न तकनीकी खामियों को भी समय रहते सुधारने की आवश्यकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि किसी भी एयरलाइंस को सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देते हुए अपनी नीतियों में जरूरत के हिसाब से बदलाव करना चाहिए, तभी वास्तव में विमान दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# अवैध खनन गतिविधियों पर सख्त व कारगर कार्यवाही करें : डॉ. सौम्या झा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बुधवार को जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम के अभियान को लेकर विशेष निरीक्षण दल (एसआईटी) की बैठक ली। बैठक में खनिज, राजस्व, पुलिस, परिवहन और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर रोकने के लिए सख्त एवं कारगर कार्रवाई करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को अभियान में समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एसआईटी सघन जांच अभियान चलाएं और अवैध गतिविधियों के स्त्रोत व स्थान को चिन्हित करें। अवैध खनन गतिविधियों वाले क्षेत्रों में मशीनरी की जब्ती सहित कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएं। अभियान की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तर पर प्रतिदिन की जाएगी। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया को निर्देशित किया कि खातेदारी भूमि में अवैध खनिज भंडारण पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध धारा 177 के तहत केस दर्ज करें। साथ ही, आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएं। जिला कलेक्टर ने बिना नंबर वाली ट्रैक्टर ट्रॉली एवं अन्य वाहनों को जब्त करने के लिए जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया। वन विभाग के अधिकारियों को निवाई उपखंड के नोहटा क्षेत्र में गश्त बढ़ाने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा अवैध खनन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

अवैध खनन में लिप्त लोगो को चिन्हित किया गया है। आगामी दिनो में काले शीशे वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले में स्थापित किये गए चेक पोस्ट की समय-समय पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक खनिज अभियंता सोहन लाल सुथार, जिला परिवहन अधिकारी संपत कुमार वर्मा, एसीएफ डॉ. अदिति सिंह यादव समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।



# नगरपालिका मालपुरा चली विकास के पथ पर

## उपखण्ड अधिकारी के निर्देशन में बनी टीम की मेहनत रंग लाई, भूखण्डो के विक्रय से दस करोड़ से अधिक आय होने का अनुमान, आय होगी तो विकास भी होगा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** नगरपालिका मालपुरा ने वर्षो बाद अतिक्रमण हो चुके व खाली पचास से अधिक आवासीय भूखण्डो की ई निलामी निकाल कर आय बढ़ाकर विकास के पथ पर चलने का रास्ता खोल लिया है।

नगरपालिका मालपुरा के अधिशासी अधिकारी के पद का कार्य देख रहे उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट, वरिष्ठ सहायक निहाल चन्द, रिकार्ड शाखा के प्रभारी राजेन्द कुमार सहित कनिष्ट सहायक मोहित विजय की टीम की दिन रात की गई मेहनत रंग लाने जा रही है। मालपुरा नगरपालिका क्षेत्र में खाली पड़े भूखण्डो पर या तो अतिक्रमण होने थे या फिर फजीवाड़ा भेंट चढ़ जाते थे। लेकिन उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने ईओ का कार्यभार संभालते ही सबसे पहले अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया। इस अभियान में दिखाई शक्ति भू माफिया सहित अतिक्रमण करने वालो में भय का काम किया। इसके बाद उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के नगरपालिका मालपुरा के विकास की मंशा को पूर्ण करने के लिए सबसे पहले खाली भूखण्डो का चिन्हीकरण करवाया। चिन्हीकरण के दौरान सामने आए भूखण्डो को विक्रय कर पालिका को आय करवाने की योजना बनाई। जिसके गठित टीम को जिम्मेदारी सौंपी की खाली भूखण्डो के साथ साथ अतिक्रमण अथवा फर्जीवाड़े की भेंट चढ़ चुके भूखण्डो का भी चिन्हीकरण करवाया। यह कार्य पूरा होने के बाद भूखण्डो की ई निलामी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश प्रदान किए। उपखण्ड अधिकारी के निर्देशानुसार टीम के सभी सदस्यो ने मिलकर खाली भूखण्डो की सूची बना कर ई निलामी की योजना उपखण्ड अधिकारी के समक्ष रखी।

जिसे स्वीकृति मिल जाने के बाद नगरपालिका की ओर से पचास से अधिक भूखण्डो की ई निलामी निकाली। ई निलामी निकाले जाने के बाद उपखण्ड अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंच कर अतिक्रमण के भूखण्डो को खाली करवाने के निर्देश प्रदान किए। साथ ई निलामी प्रक्रिया में जिन भूखण्डो को शामिल किया गया उन सभी का चिन्हीकरण व मौके पर सफाई के निर्देश प्रदान किए। अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि सबसे पहले पालिका में धन संग्रह के उद्धेश्य से भूखण्डो की ई निलामी प्रक्रिया शुरू की गई है। इससे होने वाली आय व सरकार की ओर से मिलने वाले विभिन्न मदो के अनुदान से पालिका प्रशासन द्वारा शहर के विकास को गति प्रदान की जाएगी।

# सूरवाल थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** सूरवाल थाने का जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने सूरवाल थाने के नये भवन के लिए भूमि आवंटन करवाने हेतु सवाई माधोपुर तहसीलदार को निर्देशित किया। वहीं उन्होंने थाना प्रभारी जयप्रकाश को भूमि आवंटन हेतु निरंतर तहसील कार्यालय में सम्पर्क करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सूरवाल थाना क्षेत्र में आने वाले गांवों की शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना प्रभारी द्वारा किए जा रहे कार्यो पर चर्चा की। वहीं उन्होंने थाना बनने से आदिनांक तक हुई अपराधों के रजिस्टर भी देखे। उन्होंने सूरवाल क्षेत्र के हिस्ट्रीशिटरों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस दौरान हत्या, बलात्कार, चोरी, अवैध बजरी परिवहन/निर्गमन प्रकरणों पर भी चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मालखाने में रखे अनावश्यक हथियारों को सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस लाईन में जमा करवाने की बात कहीं।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सूरवाल का किया औचक निरीक्षण :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सूरवाल का जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने चिकित्सा प्रभारी कक्ष, पंजीकरण कक्ष, महिला-पुरूष शौचालय, प्रसव कक्ष, दवा वितरण केन्द्र, प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने सीएचसी की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने, शौचालया में पानी व साबुन रखवाने तथा प्रसव कक्ष में पर्दे लगवाने के निर्देश चिकित्सा प्रभारी को प्रदान किए। इसके साथ-साथ उन्होंने आवश्यक मरम्मत कार्य करवाने, मशीनों को दुरस्त रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने दवा वितरण केन्द्र पर मरीजों से भी वार्तालाप कर दवा वितरण केन्द्र पर दवाओं की उपलब्धता व चिकित्सा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने नये भवन के निर्माणाधीन कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने के साथ-साथ उचित निगरानी करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा को प्रदान किए।

# आचार्य श्री के पावन सानिंध्य में धार्मिक आयोजनो के साथ मनाया नववर्ष



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** गांधी पार्क के नजदीक स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में जैनाचार्य श्री सुन्दर सागर जी महाराज के पावन सानिंध्य में बीति रात मध्य रात्रि बाद तक कई धार्मिक आयोजन होने के बाद आचार्य श्री के आर्शिवाद से कार्यक्रमो का समापन हुआ।

प्रवक्ता विमल कठमाना ने बताया कि बीति रात्रि मन्दिर परिसर में भजन संध्या आयोजित हुई। जिसमें स्थानीय व बाहर से आए कलाकारो ने देर रात्रि तक भजन प्रस्तुत किए। मध्य रात्रि बाद 108 दीपको से महाआरती हुई।

नववर्ष पर आचार्य श्री सुन्दर सागर जी महाराज के पावन सानिंध्य में श्री आदिनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा सम्पन्न हुई।

पंचामृत अभिषेक का सौभाग्य विमल कुमार, राकेश कुमार संकल्प, गर्वित, रिषभ व समस्त सिंघल परिवार कठमाना वालो ने लिया। वहीं शांतिधारा का सौभाग्य भागचन्द, पारसचन्द, त्रिलोकचन्द, पवनकुमार, सुशील कुमार चांदसेन वालो ने लिया। कार्यक्रम मूं सम्पूर्ण टोंक जिले सहित जयपुर, भीलवाड़ा, दिल्ली, फिरोजाबाद, केंकड़ी, जूनिया, सहित अन्य कई स्थानो से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सम्पूर्ण मन्दिर नववर्ष आगमन व इसके बाद तक जैनाचार्य सुन्दर सागर जी महाराज व अन्य संघस्थ मुनियो के जयकारो से गूंजता रहा।

# मालपुरा के युवा वैज्ञानिक मनीष विजय ने किया नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा क्षैत्र के वयोवृद्ध शिक्षाविद् शंकरलाल विजयवर्गीय निमेड़ा के सुपौत्र एवं ओमप्रकाश विजय निमेड़ा के प्रतिभाशाली पुत्र मनीष कुमार विजयवर्गीय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद जबलपुर ने अपने श्रेष्ठ एवं बेहतरीन सेवा व अनुसंधान कार्यो के बल पर सी श्रेणी के वैज्ञानिक के रूप में पदौन्नति प्राप्त कर मालपुरा का नाम रोशन किया है। मनीष कुमार विजयवर्गीय ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद जबलपुर में अल्प सेवा काल में श्रेष्ठ एवं बेहतरीन कार्य किया। जिसके फलस्वरूप अनुसंधान ने मनीष की सेवाओं व अनुसंधान को देखते हुए नियमानुसा बी ग्रेड से सी ग्रेट के वैज्ञानिक के रूप में पदौन्नति का तोहफा दिया है। मनीष विजय ने यह गौरव प्राप्त कर अपने सम्पूर्ण विजयवर्गीय निमेड़ा परिवार सहित सम्पूर्ण विजयवर्गीय मालपुरा समाज का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। इधर मनीष की इस महान उपलब्धि कर उनके मालपुरा स्थित निवास पर बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। साथ ही मनीष के पिता ओमप्रकाश व माता शांति देवी भी अपने होनहाल बेटे पर अपने आपको गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा इस मनीष के चाचा कृष्णगोपाल मधुर, विष्णु कुमार विजय, भाई राकेश कुमार श्याम ने भी दूरभाष के जरिए मनीष को बधाई देकर इसी तरह नाम रोशन करते रहने का आर्शिवाद प्रदान किया है।

# महिला सुरक्षा के लिए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट तैनात



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** मालपुरा शहर की महिलाओं व बालिकाओ को सुरक्षा प्रदान करने के उद्धेश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा नववर्ष के तोहफे के रूप में विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला पुलिस की जांबाज टुकड़ी कालिका पेट्रोलिंग यूनिट तैनात की गई है।

थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा ने बताया कि इस विशेष यूनिट का विशेष काम महिलाओं व बालिकाओ को सुरक्षा प्रदान कर मनचलो पर कड़ी कार्रवाई करना है। इस यूनिट में शामिल महिला पुलिस कर्मियों को विशेष रूप से दक्ष प्रशिक्षित पुलिस द्वारा पूर्ण प्रशिक्षित किया गया है। यूनिट की महिला पुलिस को बुधवार को पुलिस थाना परिसर में थानाधिकारी बेड़ा ने हरी झण्डी दिखाकर व शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। यूनिट की जांबाज महिला कर्मी विशेष रूप से विद्यालयो, कालेजो, बाजारो, धार्मिक स्थलो दुकानो, पार्को, बस स्टेण्ड व बस स्टेण्ड पर आने वाली बसो पर महिला व बालिका सुरक्षा पर विशेष नजर रखेगी। इसके अलावा तेज आवाज व तेज गति व डराने वाली आवाज में बाईक चलाने वाले बाईकर्स पर भी नजर रखेगी। पुलिस प्रशासन द्वारा बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षित महसूस करवाने का कार्य करेगी। यूनिट की महिला पुलिस कर्मीयो के तेनात होने से बालिकाओ व महिलाओं पर होने वाले छीटाकंशी व छेड़छाड़ जैसे अपराधो पर अंकुश लग सकेगा।

# नव वर्ष में नए संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढें : अल्ताफ

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी (अब्दुल माहिर)।** नव वर्ष में नए संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें। निश्चित ही कामियाबी आपके कदम चूमेगी। यह बात मुख्य वक्ता एवं सीए नईम अल्ताफ ने बुधवार को यहां सर्वश्रेष्ठ फाउंडेशन के विद्यार्थी मोटिवेशनल कार्यक्रम में कही। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मां-बाप खून पसीने की कमाई खर्च कर हमारा भविष्य बनाने के लिए हमें यहां भेजते हैं। औलाद को बढ़ते हुए देखना हर मां-बाप का सपना होता है, लेकिन हमारा भी कर्तव्य है कि उनेके सपनों को साकार करें। मंजिल को पाने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें। बैंक प्रबंधक जेपी मीना ने कहा कि आज जो मेहनत करेगा। भविष्य में आराम है। आज आराम करोगे तो भविष्य में काम करना होगा। अच्छे से पढ़ें।

समय का सदुपयोग करें। इसी लाइब्रेरी से पढ़कर बैंक मैनेजर बने राजेश मीना ने कहा जितना संभव हो सोशल मीडिया दे दूरी बनाकर रखें। मोबाइल फोन का उपयोग अपनी पढ़ाई के लिए करें। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ फाउंडेशन लाइब्रेरी संचालक पीएल मरमट ने बताया हर बार नव वर्ष के मौके पर मोटिवेशनल कार्यक्रम होता है। इसमें विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हैं। उनसे चर्चा कर दिक्कतों को समझ कर सही रास्ता दिखाते हैं।

# भागवत कथा में धूमधाम से मनाया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा(नि.स.)।** नटवाड़ा कस्बे में श्री बद्रीनाथ मंदिर में चल रही सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसमें श्रद्धालु जमकर थिरके। इस मौके पर पूरा कथा परिसर भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। कथा के दौरान साध्वी राधिका दीदी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उदघोष के साथ नृत्य करने लगे। इसके पूर्व राधिका दीदी ने कहा कि जीवन में भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलना बड़ा दुर्लभ है। जब भी हमें यह सुअवसर मिले, इसका सदुपयोग करना चाहिए। कथा सुनते हुए उसी के अनुसार कार्य करें। कथा का सुनन तभी सार्थक होगा। जब उसके बताए हुए मार्ग पर चलकर परमार्थ का काम करें।

# नए साल पर प्रभु का आशीर्वाद लेकर की सुख-समृद्धि की कामना

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में साल के पहले दिन का जश्न लोगों ने अपने अंदाज से मनाया। लोगों ने तीर्थ व धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। मंदिरों में सत्संग कार्यक्रम किए। अनेक युवा जोड़ों ने पर्यटन स्थल जाकर नव वर्ष के पहले दिन का आनंद लिया। कई जगह पार्टियों का दौर चला। हालांकि नए वर्ष के जश्न में लोगों को कड़ाके की ठंड होने से काफी दिक्कते आई। सभी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर नए साल का स्वागत किया।

# देर रात तक चला नया वर्ष 2025 का जश्न, जश्न में डूबीं बाघों की नगरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** वर्ष 2024 का अंतिम दिन मंगलवार को उत्साह परवान पर रहा। नए साल के स्वागत को बेकरार लोग शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच रात तक डीजे की धुनों पर झूमे। इन सबके बीच रात को जैसे ही घड़ी में बारह बजे तो फिजां में हैप्पी न्यू ईयर गूंज उठा।

स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों ने साल 2024 को अलविदा कहा और नववर्ष का उत्साह के साथ स्वागत किया। नए साल की शुरुआत के साथ ही एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला भी शुरू हो गया। रणथंभौर रोड सहित शहर की दूसरी पॉश कॉलोनियों में आतिशबाजी हुई।



**पर्यटक जमकर थिरके :** नए साल का जश्न रणथम्भौर रोड पर अपने चरम पर नजर आया। यहां रात करीब 8 बजे से ही होटलों में धमाल शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। होटलों में पर्यटक डीजे की धुन पर नए साल के स्वागत में झूमते नजर आए। वहीं होटलों में नए साल के जश्न को यादगार बनाने के लिए लोक संगीत, नृत्य आदि के कलाकार भी बुलाए गए। जिन्होंने प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। हालांकि राज्य सरकार की ओर से जारी किए गए निर्देशों के कारण होटलों में नए साल का जश्न रात साढ़े बारह बजे तक चला।

**होटल रोशनी से नहाए :** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर रणथम्भौर रोड स्थित होटल व रेस्टोरेंट में विशेष सजावट की गई। होटल रंग-बिरंगी रोशनी से नहाए नजर आए। हर कोई अपने अंदाज में नव वर्ष का स्वागत करने को आतुर नजर आया। रात को बारह बजते ही मोबाइल पर घंटिया बजने लगी। मोबाइल व सोशल मीडिया पर एक दूसरे को संदेश भेजने का सिलसिला जारी रहा।

**घरों में मनाया जश्न :** तेज सर्दी के कारण अधिकांश शहरवासियों ने घरों पर नए साल का जश्न मनाया। रणथम्भौर रोड स्थित होटलों को छोडकर शहर में कहीं बड़ा आयोजन नहीं हुआ। लोगों ने घरों पर ही सामूहिक रूप से पार्टियां की और नए साल का स्वागत किया।

**डूबते सूरज के साथ सेल्फी :** रणथम्भौर में नए साल का जश्न मनाने आए देशी-विदेशी पर्यटकों में साल के अंतिम दिन डूबते सूरज के साथ सेल्फी खींचने व डूबते सूरज को कैमरे में कैद करने की होड़ नजर आई। रणथम्भौर रोड पर पर्यटक होटलों की छतों पर रणथम्भौर दुर्ग में सूर्य के साथ सेल्फी लेते नजर आए।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने नववर्ष पर गिरिराज जी का लिया आशीर्वाद

## देश प्रदेश में खुशहाली की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**डीग/ भरतपुर (नि.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नववर्ष पर ग्राम पूंछरी में दूसरे दिन सपरिवार गिरिराज जी का आशीर्वाद लिया और देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उनके साथ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नववर्ष के उपलक्ष्य में गोवर्धन परिक्रमा के अहम पड़ाव पूंछरी का लौठा पहुंचे। शर्मा ने विशेष मंगला आरती में आमजन की भाँति श्रीनाथजी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने सभी के साथ नए साल की रामा श्यामा करते हुए प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। उन्होंने पूँछरी का लौठा में मुकुट मुखारबिंद पर श्रीगिरिराज जी का दुग्धाभिषेक किया। इस दौरान श्रद्धालु श्री गिरिराज जी महाराज के जयकारे लगाते नजर आए। उन्होंने पंचामृत व जड़ी बूटियों के साथ दूध से गिरिराज जी महाराज का दुग्धाभिषेक किया। मुखारबिंद में दुग्धाभिषेक के पश्चात उन्होंने स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर गिरिराज जी का कीर्तन किया और आमजन के साथ नया साल मनाया। इसके साथ ही अनेक प्रकार के व्यंजनों का श्रीनाथ जी को भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही भंडारे, प्रसादी वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। उल्लेखनीय है कि गिरिराज जी परिक्रमा पथ के विकास को चार जोन में बांटकर विकसित करने की योजना बनाई गई है। पहले जोन का शिलान्यास 15 दिसंबर, 2024 को हुआ है जिसमें श्रीनाथ जी मंदिर, पूंछरी का लौठा मंदिर, दाऊजी का मंदिर, गंगा मंदिर, नरसिंह जी मंदिर, मुखारबिंद, अप्सरा कुंड एवं नवल कुंड, फाउंटेन, राधा वाटिका, बोटेनिकल गार्डन, लोटस पौंड, मयूर वाटिका, विष्णु अवतार गार्डन का विकास करवाया जाएगा। इसके बाद दूसरे जोन में भव्य प्रवेश एवं निकास द्वार, मार्ग का सौंदर्यीकरण, रोशनी, विश्राम मंडप, पेयजल सुविधाओं, फूड जॉइंट एवं स्टॉल, भगवान श्री कृष्ण से संबंधित मूर्तियां, गैलरियों का निर्माण जैसे कार्य करवाए जाएंगे। परिक्रमा पथ के तीसरे जोन में परिक्रमा मार्ग के बाहर एंट्री प्लाजा, ग्रीन कैनाल वाटरफ्रंट, पार्किंग, गोठ स्थल, भजन एवं कीर्तन स्थल, पौराणिक आर्ट गैलरी, गिरिराज जी म्यूजियम, सांस्कृतिक केंद्र, आध्यात्मिक केंद्र, आर्ट विलेज आदि का विकास किया जाएगा। वहीं, चौथे जोन में बनने वाली 250 फुट ऊंची मूर्ति श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र होगी। इस जोन में आश्रम गांव, मेडिटेशन हॉल, गौशालाओं,





राजस्थानी हैंडीक्रॉफ्ट बाजार आदि का विकास किया जाएगा। इस अवसर पर भरतपुर रेंज आई जी राहुल प्रकाश, जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल, जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डीग संतोष कुमार मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।



# श्री कृष्ण गौशाला में मनाया गौ ध्वज स्थापना दिवस

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** शहर के वैर रोड स्थित श्री कृष्ण गौशाला में बुधवार को गो प्रतिष्ठा आंदोलन की ओर से गौ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि संत चेतन दास जी महाराज रहे। अध्यक्षता लोकतंत्र सेनानी नारायण सिंह धाकड़ ने की। गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के बयाना तहसील अध्यक्ष पुष्पेंद्र जांगिड़ ने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के निर्देशन में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए पूरे भारत में गो-ध्वज स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सनातन धर्म के सभी ध्वज रक्षक और जगत गुरुओं के सानिध्य में कार्यक्रम चल रहे हैं। गो प्रतिष्ठा आंदोलन के प्रदेश प्रभारी बाबूलाल जांगिड़, जिला प्रभारी हेतराम शर्मा की अनुशंसा पर कार्यकर्ताओं ने श्री कृष्ण गौशाला में गाय माताओं की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सनातन संस्कृति का मुख्य आधार गौ माता को माना गया है।गौ-स्थापना दिवस कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी गौ संरक्षक नारायण सिंह धाकड़ ने बताया कि यदि प्रत्येक घर में एक देसी गाय पाली जाए तो हमारा परिवार एवं देश बीमारियों से मुक्त रह सकेगा। इसके साथ ही देसी गाय की गुणवत्ता के बारे में बताते हुए इसमें स्वर्ण भस्म की भरपूर मात्रा होना बताया।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का शुभारम्भ

## जिला कलक्टर द्वारा बैठक आयोजित कर दिए गए विभिन्न निर्देश




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा 31 जनवरी तक अलवर परवाह की थीम के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त माह के दौरान विभिन्न हितधारक विभाग यथा परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, रिडकोर, आरएसआरडीसी इत्यादि द्वारा सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में समझाईश, प्रवर्तन कार्यवाही, जनजागरूकता, यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार इत्यादि कार्य किए जायेंगे। माह के प्रथम दिन जिला कलक्टर अलवर महोदया द्वारा सम्पूर्ण हितधारक विभागों की बैठक आयोजित कर सड़क सुरक्षा पोस्टर का विमोचन करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा विभिन्न हितधारक विभागों का सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में पृथक.पृथक उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया जिसमें सड़क निर्माता एजेन्सीज यथा रिडकोरए आरएसआरडीसीए सार्वजनिक निर्माण विभाग इत्यादि को आई.रेड एप के माध्यम से ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित कर दुरूस्तीकरण एवं सड़क इंजिनियरिंग में सुधार करने हेतु, चिकित्सा विभाग को वाहन चालकों के नैत्र जांच शिविर आयोजित करने हेतुए पुलिस एवं परिवहन विभाग को आमजन एवं वाहन चालकों को समझाईश एवं कार्यवाही तथा बाल वाहिनी वाहनों की जांच तथा बाल वाहिनी समिति की बैठक आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अन्त में कलक्टर महोदया द्वारा उपस्थित अधिकारियों को शपथ दिलाई।

## नए साल पर युवाओं को दूध का वितरण

# क्षीर पेय उत्सव एक अच्छी पहल ताकि युवा नशा छोड़ें : डॉ.मित्तल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नए वर्ष के आगमन के साथ ही 31 दिसम्बर को आर्य समाज, आर्य कन्या विद्यालय समिति एवं श्रीरामजीलाल आर्य कन्या छात्रावास समिति, अलवर की ओर से आठवां क्षीर पेय उत्सव 31 दिसम्बर 2024 को सायं 6 बजे से आर्य समाज, स्वामी दयानन्द मार्गए अलवर में जगदीश प्रसाद गुप्ता प्रधान, आर्य कन्या विद्यालय समिति, अलवर के संरक्षण में मनाया गया। प्रमुख समाजसेवी डॉ.एससी मित्तल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में बढ़ रही नशाखोरी कम होगी और युवाओं में काफी परिवर्तन आऐगा। महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आर्य समाज अभियान चलाकर अपील करता है कि शराब पीना बन्द करो, कन्या भ्रूण हत्या बन्द करो, दहेज प्रथा बन्द करो, मृत्यु भोज बन्द करो, जाति भेद बन्द करो एवं अन्य अंधविश्वास कुरीतियाँ बन्द करो, बलिकाओं को अच्छी शिक्षा दो, बुजुर्गो की सेवा करो। अपने परिवार का पालन-पोषण अच्छी तरह करो, बच्चों को सुनागरिक बनाओ। सभी आर्य बनें। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत प्रदीप कुमार आर्य व श्रीमती कमला शर्मा ने पीत वस्त्र अर्पित कर किया गया। 156वॉ नि:शुल्क वेट, शुगर एवं ब्लड प्रेशर चेकअप मेडीकल कैम्प में सायं 4 बजे: से सायं 6 बजे तक लगाया गया। नि:शुल्क शुगर चेकअप कैम्प में लगभग 125 लोगों ने जॉच कराई। कैप्टन रघुनाथ सिंह, धर्मपाल आर्य एवं सत्यपाल आर्य के आशीर्वाद से कार्यक्रम मनाया गया। नशा मुक्ति समाज बनाने हेतु नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सायं 6 बजे से आर्य समाज, स्वामी दयानन्द मार्ग, अलवर में आर्य समाज, अलवर आर्य कन्या विद्यालय समिति एवं श्री रामजीलाल आर्य कन्या छात्रावास समितिए अलवर के संयुक्त तत्वावधान में आठवां क्षीर दूध पेय उत्सव मनाया गया। नशे के खिलाफ दूध पार्टी में लगभग 6,500 लोगों ने केसर का दूध पीकर देश के चरित्रवान नागरिक बनने और



नशे का विरोध का जनता को संदेश दिया कि हम नशा नही करेंगे और नशा मुक्त समाज बनायेंगे। आने वाले वर्ष 2025 में हम किसी भी प्रकार का कोई नशा नहीं करेंगे और देश के चरित्रवान नागरिक बनेगे। इस अवसर पर सर्वश्री अशोक कुमार आर्य, प्रदीप कुमार आर्य,श्रीमती कमला शर्मा, प्रद्युम्न कुमार गर्ग, बृजेन्द्र देव आर्य, धर्मवीर आर्य, डॉ. एससी मित्तल, डॉ. महेश जैन, डॉ.दिव्या शर्मा, गिरीश मित्तल, दीवान चन्द सेतिया, शिव कुमार कौशिक, देवी सिंह, सुरेन्द्र सक्सेना,अशोक शर्मा, मानसिंह जायवाल, श्रीमती इन्द्रा आर्य, सुमन आर्य, संजू गर्ग, च्यवन भार्गव, संजीव खत्री, नरेन्द्र मोहन शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, सुरेश मुखिजा, गोपाल जायवाल, दिनेश भार्गव, मुरारी परासर, सौरभ आर्य, डा. सीपी पालीवाल, श्रीमती निर्मला पारीक, आर्य कन्या विद्यालय परिवार एवं आर्य समाज के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# मानव उत्थान सेवा आश्रम में साल के पहले दिन ही आध्यात्मिक आनन्द की वर्षा हुई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नव वर्ष का आगमन पर बुधवार को धर्म व आध्यात्मिक दर्शन के साथ नववर्ष के उपलक्ष में मानव उत्थान सेवा आश्रम गुलाब बाग में सुबह प्रभात फेरी निकाली गई उसके बाद 500 मोमबत्तियों से रोशन कर आश्रम में महाराज श्री सतपाल जी महाराज जी की आरती की गई।

इस दौरान बड़ी संख्या में सेवादार और श्रृद्धालु उपस्तिथ रहे। मानव उत्थान सेवा आश्रम गुलाब बाग से जुड़े पदाधिकारी



ललित बेनिवाल ने बताया कि साल के प्रथम दिन आध्यात्मिक यात्रा में बडी संख्या में श्रृद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद महाराज श्री की आरती कर प्रसादी वितरण किया गया।

## सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ

# जिला कलक्टर ने बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राज्य सरकार एवं परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उददेष्य से इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है जिसकी थीम ''परवाह'' रखी गई है। जिला कलक्टर भरतपुर डॉ. अमित यादव ने सडक सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ करते हुए जिला कलैक्ट्रेट परिसर से बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।उन्होंने उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा पर सुरक्षित वाहन चालन हेतु शपथ दिलाई एवं 'सड़क सुरक्षा की महत्तवपूर्ण जानकारी' किताब का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा को राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में कमीं लाने के हर संभव प्रयास किए जाऐं। जिला परिवहन अधिकारी ललित गुप्ता ने बताया कि टीकेन्द्र सिंह परिवहन निरीक्षक के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के स्लोगन लगी तख्तियों के साथ बाईक रैली निकाली गई, रैली के माध्यम से शहर वासियों को सडक सुरक्षा के बारे में जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। रैली कलैक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होकर बिजलीघर से सरकूलर रोड का चक्कर लगाते हुये यातायात चौराहे पर समाप्त हुई। जिला परिवहन अधिकारी अभय मुदगल ने सडक सुरक्षा माह के दौरान समस्त राजकीय विभागों, स्वंय सेवी संस्थाओं , हितकर विभागों व आमजन को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सहभागिता निभाकर मुख्य विषय ''परवाह'' का प्रचार-प्रसार करने हेतु आग्रह किया है। कार्यक्रम में अतिरिक्त कलक्टर प्रषासन घनष्याम शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर षहर राहुल सैनी, सहायक निदेशक लोक सेवाऐं भारती भारद्वाज, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा, सहायक लेखाधिकारी सुभाषचन्द शर्मा, परिवहन निरीक्षक षिवराम यादव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पीएमश्री रा उ मा वि महाराजसर में व्यावसायिक शिक्षा के तहत ऑन-जॉब ट्रेनिंग एवं इंटर्नशिप का सातवां दिवस सफलतापूर्वक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महाराजसर में संचालित व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए ऑन-जॉब ट्रेनिंग एवं इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के सातवें दिवस में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण लिया। इनमें कान्हा इलेक्ट्रॉनिक्स, गैलन इलेक्ट्रॉनिक्स, विनय इलेक्ट्रिकल, मारुति एंटरप्राइजेज, अर्चना सिलाई सेंटर, और अंकित टेक्सटाइल जैसी संस्थाएं शामिल हैं। इन प्रतिष्ठानों में छात्रों ने न केवल अपनी सहभागिता सुनिश्चित की, बल्कि व्यावसायिक कौशल और वास्तविक कार्यक्षेत्र का अनुभव भी प्राप्त किया।

**अंकित टेक्सटाइल में प्रशिक्षण का निरीक्षण :** छात्रों की गतिविधियों और प्रशिक्षण की प्रगति का निरीक्षण करने के लिए अंकित टेक्सटाइल का दौरा एडीपीसी एसएमएसऐ अनित कुमार शर्मा और एडीपीसी अशोक गुप्ता ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और छात्रों की सक्रियता का जायजा लिया। इस अवसर पर मानसी कुमारी (मंजिल फाउंडेशन), प्रधानाचार्य हेमचंद गोयल, प्रशिक्षक पुष्पेंद्र तिवारी, डालचंद भट्टाचार्य, अनिल कुमार, मंजू रानी शर्मा, और सुनीता शर्मा प्रेमलता एवं वैधर्वी जैन उपस्थित रहे। उन्होंने भी प्रशिक्षण गतिविधियों का अवलोकन किया और छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

**एडीपीसी एसएमएसऐ का छात्रों को मार्गदर्शन :** निरीक्षण के दौरान एडीपीसी एसएमएसऐ अनित कुमार शर्मा ने छात्रों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह शिक्षा न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि बेरोजगारी को भी कम करने में सहायक है। उन्होंने. छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से वे अपने कौशल को निखार सकते हैं और अपने करियर में उन्नति कर सकते हैं।

**छात्रों की सक्रिय भागीदारी :** कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों में प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों ने दिखाया कि वे इस अवसर को गंभीरता से ले रहे हैं। और उन्होंने अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में नई तकनीकों और प्रक्रियाओं और व्यावसायिक व्यवहार को समझने में सक्रिय रुचि दिखाई।



### व्यावसायिक शिक्षा की भूमिका

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक कौशल प्रदान करना, उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना, और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है।

यह कार्यक्रम छात्रों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से परिचित कराता है और उन्हें अपने कौशल का व्यावहारिक उपयोग सिखाता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल छात्रों के ज्ञान और अनुभव को समृद्ध कर रहा है, बल्कि उन्हें अपने भविष्य के लिए एक मजबूत नींव प्रदान कर रहा है। यह पहल शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जैन युवा परिषद का 49 वां स्थापना दिवस नवीन कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह के साथ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**कामां/भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद शाखा कामां द्वारा 49 वां स्थापना दिवस समारोह व नवीन कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह कस्बे के कोट ऊपर स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आयोजित हुआ। अलसुबह जैन धर्मशाला से प्रभात फेरी कस्बे के महावीर पार्क,चन्द्रप्रभु मन्दिर,धर्मनाथ मन्दिर,शांतिनाथ मन्दिर होते हुए विजयमती त्यागी आश्रम तक निकाली गई तो छोटे छोटे बच्चों ने बड़े उत्साह से जैन धर्म के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। मुख्य कार्यक्रम णमोकार महामंत्र जाप्य व महावीर प्रसाद पंकज जैन सचिन जैन पथराली परिवार द्वारा ध्वजारोहण के साथ आयोजित हुआ तो इस अवसर पर भगवान का पालकी में विहार कराया गया। इस अवसर पर सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य धर्मचंद सुनील कुमार अनिल जैन अगोनिया परिवार को प्राप्त हुआ तो अन्य इंद्र बनने का सौभाग्य पदमचंद अरुण जैन,सत्येंद्र प्रसाद, राजेन्द्र कुमार धर्मचंद जैन व खवासी संजय जैन सक्षम सर्राफ परिवार को प्राप्त हुआ।

इंद्राणी के रूप में अंजना जैन शैली जैन लहसरिया कलश लेकर भगवान के आगे चल रही थी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा परिषद के प्रदेश संयुक्त महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने कहा कि युवाओं को केरियर के साथ साथ धार्मिक संस्थाओं के साथ जुड़कर भी सहयोग प्रदान करना चाहिए। युवा असीम शक्ति का भंडार होते हैं।

**नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ :** कार्यक्रम में देव शास्त्र गुरु के प्रति समर्पित भाव से नवीन कार्यकारिणी ने आकाश जैन सर्राफ की अध्यक्षता में शपथ ली तो वही शीतल जैन बैनाड़ा उपाध्यक्ष,मयंक लहसरिया मार्गदर्शक, मोहित जैन महामंत्री, विशाल जैन मंत्री,आशीष जैन कोषाध्यक्ष,अभिषेक जैन नवीन जैन को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। राजेन्द्र जैन लहसरिया, दिनेश ठेकेदार,प्रदीप बड़जात्या संरक्षक बनाये गए।

कार्यक्रम में दौलत जैन एंड पार्टी द्वारा संगीत की प्रस्तुति दी गई तो वहीं संजय जैन बोलखेड़िया, दीपक सर्राफ, संजय सर्राफ ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में संपूर्ण जैन समाज ने भाग लिया।



# कोटा विकास प्राधिकरण ने दो नई आवासीय योजनाएं लांच की

## कुंद-कुंद योजना में 302 आवास, रामनगर स्पेशल में 131 भूखंड उपलब्ध

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** निम्न आय वर्ग को कोटा में रियायती दर पर भूखंड उपलब्ध कराने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण ने नए साल की शुरुआत यानी एक जनवरी को दो आवासीय योजनाएं लांच की। प्राधिकरण ने कुंद-कुंद आवासीय योजना, नांता एवं कोचिंग हब कुन्हाड़ी में रामनगर स्पेशल आवासीय योजना की पुस्तिका बुधवार को लॉन्च की। इन योजनाओं की लॉन्चिंग कोटा विकास प्राधिकरण के आयुक्त एवं जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशों पर प्राधिकरण के सचिव श्री कुशल कोठारी द्वारा की गई।

रामनगर स्पेशल आवासीय योजना में 131 भूखंडों की लॉटरी प्रस्तावित है। यह योजना न्यू ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट चंबल रिवर फ्रंट के समीप है। इस योजना में सीवरेज लाइन, पार्क, पेयजल, निर्मित सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। रामनगर स्पेशल आवासीय योजना के आवेदन पत्र 1 जनवरी से बैंक ऑफ़ इंडिया की कोटा शहर में स्थित किसी भी शाखा से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस योजना में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है।

इसी प्रकार कुंद-कुंद आवासीय योजना में 302 आवासों की लॉटरी प्रस्तावित है। इस योजना में आवेदन पत्र 2 जनवरी से प्राप्त किया जा सकेंगे एवं आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी तय की गई है। आवेदन पत्र सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की कोटा शहर स्थित किसी भी शाखा से प्राप्त कर जमा कराये जा सकते हैं। कुंद-कुंद आवासीय योजना के अंतर्गत 302 एलआइजी श्रेणी के आवासों का निर्माण किया गया है। योजना में प्रत्येक आवास की कीमत 12 लाख 50 हजार रूपये निर्धारित की गई है। इस योजना से प्राधिकरण को करीब 30 करोड रुपए का राजस्व अर्जित होने की संभावना है।



रामनगर स्पेशल आवासीय योजना में 131 भूखंड उपलब्ध हैं। इनमें ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए 122 भूखंड तथा एमआईजी-ए श्रेणी के लिए 9 भूखंड उपलब्ध है। इन भूखंडों का आवंटन रियायती दरों पर किया जाएगा। यह योजना नवीन प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट एवं मुख्य बूंदी रोड के समीप स्थित है तथा चंबल रिवर फ्रंट से इसकी दूरी 5 किलोमीटर है।

लांचिग के अवसर पर विशेषाधिकारी भूमि आवाप्ति मालविका त्यागी, निदेशक अभियांत्रिकी रविन्द्र माथुर, निदेशक वित्त नीतू सिंह आदि उपस्थित थे।

## परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ परवाह थीम पर आयोजित होगे महीनेभर जागरूकता गतिविधियां




बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ नव वर्ष से कोटा में भी मंगलवार को हो गया । कोटा परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा शहर में रोड सेफ्टी व यातायात नियमों की जागरूकता का महीनेभर सघन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएगी । मंगलवार को कई सामाजिक संस्थाओं व संघटनों के सहयोग से ऑटो रिक्शा रैली विभाग द्वारा ऑटो रिक्शा रैली निकाली गई । रैली का शुभारंभ प्रादेशिक परिवहन अधिकारी मनीष कुमार शर्मा द्वारा किया गया । इस अवसर पर अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी राजीव त्यागी , जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र सिंह , ट्रेफ़िक इंस्पेक्टर पूरण मल मीणा , आरटीओ इंस्पेक्टर अवधेश कुमार डांगी, कोटा सड़क सुरक्षा समिति के उपसचिव भुवनेश गुप्ता , मोहनजोत शफाकत हुसैन गौरी , लायंस क्लब कोटा टेक्नो के अध्यक्ष ए के गुप्ता रजनी गुप्ता सहित काफ़ी संख्या में लोग उपस्थित थे । शुभारंभ अवसर पर बोलते हुवे प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने कहा कि इस वर्ष की थीम 'परवाह '' रखी गई है । आमजन को ट्रैफ़िक नियमों की जानकारी देने के उद्देश्य से विभाग द्वारा हर दिन एक जागरूकता कार्यक्रम स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संगठन, ऑटोमोबाइल कंपनियों व संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किये जाएँगे जिसमें आमजन को यातायात व सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति सतर्क, सजग व गंभीर रहना के प्रति जागरूक किया जाएगा । शर्मा का कहना था एक सर्वे के मुताबिक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में 60प्रतिशत युवा होते है जो हमारे देश के लिए चिंताजनक विषय है। उन्हें दुर्घटना के दौरान होने वाली कई लापरवाहियों से अवगत करवाकर उचित ड्राइविंग करने के प्रति समझाया जाएगा। रैली में चार महिला ड्राइवर भी सम्मिलित की गई थी । इंस्पेक्टर अवधेश डांगी ने बताया कि रैली घोड़े वाले बाबा चौराहे से प्रारंभ होकर गुमानपुरा नहर, छावनी फ्लाइओवर के नीचे से होती हुई मॉडर्न पेट्रोल पम्प के पास समाप्त हुई । समापन पर पहुंचे सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों, सदस्यों, ट्रैफिक पुलिस , यातायात विभाग व सहयोगी संस्थाओं का आभार प्रकट किया गया व उनके अगले दिन की जानकारी देकर तैयार रहने हेतु प्रेरित किया ।

## ब्राह्मण कल्याण परिषद ने मनाया स्थापना दिवस, अस्पताल में मरीजों को बाँटे फल और पौधरोपण किया



बढ़ता राजस्थान

**अंता (शफीक मंसूरी)।** ब्राह्मण कल्याण मंत्री अंता द्वारा स्थापना दिवस मनाया। ब्राह्मण कल्याण परिषद के तहसील अध्यक्ष डॉक्टर देवेंद्र शर्मा काचरी, नगर अध्यक्ष घनश्याम दाधीच ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी ब्राह्मण कल्याण परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रुप में तहसीलदार सत्यनारायण शर्मा, निर्मल श्रृंगी मौजूद रहे। वही उप जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया और खजुरना में स्थित गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया साथ ही पौधा रोपण किया गया। इस दौरान तहसीलदार सत्यनारायण शर्मा, निर्मल श्रृंगी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में अमित शर्मा,राजेश शर्मा,यशवन्त शर्मा ,गिरिराज शर्मा,प्रवीण गालव,सुदेश शर्मा, चंचल शर्मा,रामेश्वर चतुर्वेदी , अशोक गौतम,प्रभुलाल शर्मा, सतीश गौतम ,प्रमोद शर्मा, राजीव क्रांति,डॉक्टर बृजेंद्र नाथ तिवारी, प्रेम शर्मा,चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी ,डॉक्टर हरीश मीणा मौजूद रहे।

## जेसीआई कोटा उड़ान की नए साल की शुरुआत 'उम्मीद' के साथ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,(का.स.)।** नववर्ष 2025 के प्रथम दिन बुधवार को जेसीआई कोटा उड़ान द्वारा उम्मीद प्रोजेक्ट के अंतर्गत सदस्यों ने गोदावरी धाम पर गौ सेवा के साथ गरीबों को भोजन एवं कम्बल वितरण किये। अध्यक्ष आयुष झवर ने बताया कि इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर नवीन जैन एवं अतुल जैन ने तैयार की।

## बीमा परिपक्वता स्वत्व अभियान 1 जनवरी 2025 से शुरू

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. ) ।** राज्य कर्मचारियों के बीमा परिपक्वता स्वत्व के लिए विशेष अभियान 1 जनवरी 2025 से कार्यवाही किया जाना शुरू हो गया है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, बूंदी के सहायक निदेशक गोपाल सिंह मीणा ने बताया कि जिले के जिन बीमेदारों की जन्म तिथि 1 अप्रैल 1965 से 31 मार्च 1966 है। जिनकी पॉलिसी परिपक्व 1 अप्रैल 2025 को हो रही है। जिले के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों से अपील की जाती है कि वे तत्काल अपने अधीनस्थ कार्मिकों के आवेदन पत्र ऑनलाइन उनके एम्प्लोयी आईडी से न्यू एस आई पी एफ पोर्टल पर अपलोड करावे । साथ ही आवश्यक दस्तावेज यथा बीमा रिकॉर्ड बुक, मूल बीमा पॉलिसी पदस्थापन विवरण, कैंसिल चेक बीमा ई बेंग में अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

## कोटा मंडल में नये डीआरएम अनिल कालरा ने कार्यभार किया ग्रहण



बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा रेल मंडल के नये डीआरएम अनिल कालरा ने 01 जनवरी को नव वर्ष के अवसर पर मंडल कार्यालय में पहुँचकर मंडल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया साथ ही मंडल के सभाग्रह में आयोजित समारोह में सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि रेल मंत्रालय द्वारा विगत 26 दिसम्बर को जारी आदेश के अनुसार मनीष तिवारी के स्थान पर अनिल कालरा की नव डीआरएम के रूप में पदस्थापना की गई। अनिल कालरा भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा 1995 बैच के रेल अधिकारी है। आपकी इससे पूर्व स्थापना भारतीय रेल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे महाराष्ट्र में वरिष्ठ प्राध्यापक ट्रैक के पद पर थी। आपको इंजीनियरिंग विभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य का अनुभव है। कार्यभार ग्रहण के दौरान मंडल के सभी अधिकारियों, यूनियन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ बधाई दी।

## जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश

### शहीद राजमल मीणा जिला अस्पताल का जिला परिषद सीईओ ने किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी )।** बारां शहीद राजमल मीणा जिला अस्पताल का मंगलवार को सीईओ जिला परिषद राजवीर चौधरी ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर मरीजों को मिल रही सुविधाओं का आंकलन किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने अस्पताल के वार्डों का दौरा किया और मरीजों से सीधा संवाद किया। उन्होंने मरीजों से उनकी समस्याओं और इलाज की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों के लिए गर्म कपड़ों और कंबलों की व्यवस्था देखी और तुरंत संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ ने अस्पताल में दवाइयों की उपलब्धता, डॉक्टरों और स्टाफ की उपस्थिति, और स्वच्छता का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि कुछ स्थानों पर स्वच्छता की स्थिति में सुधार की आवश्यकता है और इसे प्राथमिकता से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड और ऑपरेशन थिएटर का भी निरीक्षण कर उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सीईओ ने अस्पताल प्रशासन को मरीजों के लिए गर्म कपड़े, कंबल, और हीटर जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सर्दी के कारण बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए अस्पताल में पूरी तैयारी होनी चाहिए। अस्पताल स्टाफ के साथ बैठक में सीईओ ने कहा कि मरीजों की सेवा में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने डॉक्टरों और नर्सों को अपनी ड्यूटी समय पर निभाने और मरीजों के प्रति संवेदनशील रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की सक्रियता से अस्पताल की सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।



निरीक्षण के बाद सीईओ ने स्वास्थ्य विभाग को साप्ताहिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और कहा कि भविष्य में भी अस्पतालों का औचक निरीक्षण जारी रहेगा। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. नरेंद्र मेघवाल सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहे।

## नए वर्ष पर कामखेड़ा बालाजी धाम पर उमड़ा श्रृद्धालुओ का सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** जावर क्षेत्र के धार्मिक तीर्थ स्थल कामखेड़ा बालाजी धाम पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नए वर्ष पर लगभग दो लाख श्रद्धालुओं ने किए कामखेड़ा बालाजी के दर्शन प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल कामखेड़ा बालाजी धाम पर नए वर्ष पर दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा । कामखेड़ा बालाजी सार्वजनिक ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं के लिए संपूर्ण व्यवस्था की गई नए वर्ष पर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं रात्रि कालीन विश्राम की उचित व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था की है। कामखेड़ा बालाजी सार्वजनिक ट्रस्ट मैनेजर मोहन शर्मा ने बताया कि नए वर्ष के शुभारंभ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कामखेड़ा बालाजी धाम पर अनेक श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं सर्दी का समय होने के कारण दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट द्वारा हर प्रकार की व्यवस्थाएं की गई ट्रस्ट द्वारा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्नान करने के लिए गर्म पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था ,अस्थाई शोचनीय की



व्यवस्था एवं मेडिकल डिपार्टमेंट द्वारा निशुल्क मेडिकल व्यवस्था की गई, पुलिस प्रशासन द्वारा पुलिस की अति उत्तम व्यवस्था की गई जगह जगह पॉइंट बनाकर पुलिसकर्मियों की निगरानी चलती रही, मेडिकल डिपार्टमेंट द्वारा 108 एंबुलेंस की व्यवस्था की गई एवं नगर पालिका अकलेरा द्वारा कामखेड़ा बालाजी धाम पर दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह ग्रामीण एवं ट्रस्ट द्वारा अलाव जलाया गया ताकि कामखेड़ा धाम आने वाले श्रद्धालु सर्दी से बच सके ट्रस्ट के द्वारा संपूर्ण व्यवस्था की गई श्रद्धालुओं को हित को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की व्यवस्था की गई।

नव वर्ष के उपलक्ष में मंदिर पर ट्रस्ट अध्यक्ष कैलाश मीणा, उपाध्यक्ष गंगाराम गुर्जर ,महामंत्री छीतरलाल मीणा, ट्रस्ट उपाध्यक्ष भानु प्रकाश जैन , चंदालाल मीणा, रामलाल कलाल, रामगोपाल मीणा एवं समस्त ट्रस्ट कर्मचारी एवं आसपास के क्षेत्र वासियों का नए वर्ष पर कामखेड़ा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 की थीम 'परवाह' एक जनवरी से 31 जनवरी तक



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जाना है । इस वर्ष राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की थीम परवाह है । आज के दिन लगभग 100 गायों के काउबेल्टस लगाई गई जिसमें रोटरी क्लब, ब्रह्मा कुमारीज , परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, पुलिस विभाग एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी प्रमोद लोढ़ा, एडिशनल एसपी श्रीमती उमा शर्मा, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अलका बहन , पशुपालन विभाग से उपनिदेशक डॉक्टर ओमप्रकाश मीणा, परिवहन विभाग से इंस्पेक्टर हंसराज मीणा, एवं रोटरी क्लब के अध्यक्ष महेश पटौदी, के सी वर्मा, लक्ष लक्ष्मी चंद गुप्ता, सुरेश दाखेड़ा , त्रिलोक जैन ,आदित्य भंडारी , कुणाल गोस्वामी, नरेश जिंदल , नितेश शर्मा , जयकुमार मेहरा मौजूद रहे ।

# महर्षि बालीनाथ जयंती के अवसर पर बैरवा दिवस एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** अखिल भारतीय बैरवा महासभा जिला शाखा बूंदी द्वारा महर्षि बालीनाथ जयंती के अवसर पर बैरवा दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन बायपास रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर एवं महर्षि बालीनाथ छात्रावास परिसर में किया गया।

महासभा के जिला प्रवक्ता शंकर लाल बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व वित्तमंत्री एवं वर्तमान बूंदी विधायक श्री हरिमोहन शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष बजरंगलाल आर्य ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महासभा नई दिल्ली के संरक्षक प्रभुदयाल लोरतिया, प्रांतीय प्रचार मंत्री हरजीलाल बैरवा, डॉ दौलतराम तिलकर, डॉ दीक्षा तिलकर,प्रांतीय मंत्री लक्ष्मण बैरवा, राष्ट्रीय कार्यकरिणी सदस्य बाबूलाल धवन रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यअतिथि द्वारा महर्षि बालीनाथ जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की। समाज बंधुओं द्वारा मुख्य अतिथि विधायक हरिमोहन शर्मा का माला पहना कर एवं साफा बंधवाकर स्वागत सम्मान किया।

मुख्य अतिथि ने समारोह को संबोधित करते हुए समाज को एक जुट होकर अपने हित में कार्य योजना बनाने के लिए कहा तथा समाज में प्रतिभाओं को शिक्षा के क्षेत्र व अन्य क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने पर जोर दिया तथा पहाड़ी के बरसाती नाले के निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की।

विशिष्ट अतिथि प्रभूदयाल लोरतीया ने महर्षि बालीनाथ जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला तथा उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज की उन्नति करने पर जोर डाला, अध्यक्षता करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष बजरंग लाल आर्य ने समारोह को संबोधित करते हुए सभी समाज बन्धुओं को अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाने ओर आगे बढ़ाने के लिए कहा तथा सभी प्रतिभावान बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा मंच पर डॉ राजेन्द्र कुमार निर्मल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश सोनी, पार्षद कस्तूरी बाई, प्रेमप्रकाश एवरग्रीन भी मौजूद रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के नवनियुक्त कर्मचारियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को बैरवा भास्कर तथा शिक्षा के क्षेत्र में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बैरवा दीप प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ,साथ ही समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लादूलाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छोटूलाल बैरवा को समाज उत्थान कार्य हेतु महर्षि बालीनाथ पुरस्कारों से नवाजा गया।




कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश फौजी एवं जिला महामंत्री मोहन लाल बैरवा ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों मोमेंटो भेंट कर कार्यक्रम समाप्ति पर सभी को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में छात्रावास प्रभारी छोटू लाल बैरवा, जिला उपाध्यक्ष शंकर लाल बैरवा, नैनवा तहसील अध्यक्ष हीरा लाल बैरवा, सचिव गिरिराज बैरवा, तहसील सचिव हिंडोली रमेश बैरवा, पूर्व कोषाध्यक्ष रामदेव बैरवा,महासभा के प्रवक्ता शंकर लाल बैरवा, एडवोकेट दिनेश कुमार लोरतिया, एडवोकेट उमेश कुमार आर्य, कन्हैया लाल बैरवा, प्रहलाद बैरवा, बाबूलाल नागरवाल, भंवर लाल बैरवा ठेकेदार, लादूलाल बैरवा, रामकरण बैरवा, बद्रीलाल बैरवा, अंबालाल बैरवा, घांसीलाल बैरवा, नाथूलाल बैरवा, प्रमोद आर्य, महादेव बैरवा, अंकित, श्रीमती रेणु लोरतिया आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश लोरतिया एडवोकेट ने किया।

## पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक ने राजभाषा मार्गदर्शिका-2025 का किया विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** शोभना बंदोपाध्याय, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे के संरक्षण एवं मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे पर भारत सरकार की राजभाषा नीतियों का प्रभावी एवं कारगर अनुपालन किया जा रहा है। इस दिशा में नव वर्ष के अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर की राजभाषा मार्गदर्शिका-2025 का विमोचन शोभना बंदोपाध्याय के कर कमलों से किया गया। इस राजभाषा मार्गदर्शिका में राजभाषा संबंधी संवैधानिक प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम, नियम, गृह मंत्रालय एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर लागू विभिन्न राजभाषा प्रोत्साहन एवं पुरस्कार योजनाओं सहित रेल कार्यालयों के विभागीय निरीक्षण के दौरान राजभाषा संबंधी निरीक्षण चैक लिस्ट का भी प्रकाशन किया गया है। इस मार्गदर्शिका में रेल अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दैनिक सरकारी कामकाज का विवरण भी दर्ज कर सकते हैं। इस अवसर पर मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प्रज्ञेश निंबालकर, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य संरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर के मुख्य चौराहे पर जलभराव लोग परेशान, नगर पालिका के खिलाफ रोष

## आये-दिन नाला अवरुद्ध होते ही गंदा पानी भरता सड़क पर, रास्ता निकलना मुश्किल

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के मुख्य चौराहा महाराज बाग सर्किल पर नाले के अवरुद्ध होने से गंदे पानी के भराव की समस्या का स्थानीय दुकानदारों के साथ आमजन को सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि पानी में से निकलने में कई बार लोग दुर्घटनाग्रस्त भी हो चुके हैं। पूरे मामले को लेकर स्थानीय दुकानदारों ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। दुकानदारों का कहना है कि पानी भरने के बाद उनकी दुकान पर कोई भी ग्राहक नहीं आता है। बुधवार को नववर्ष पर मां राजराजेश्वरी के मंदिर जाने वाले श्रद्धालु भी चौराहे पर भरे पानी को देख रास्ता बदलकर जाने पर मजबूर हुए। कमलेश्वर मिष्ठान भंडार के विद्या प्रकाश पाराशर ने बताया कि आए दिन नाला अवरुद्ध हो जाता है और गंदा पानी सड़क पर भर जाता है। जो केवल एक स्थान विशेष नहीं बल्कि काफी दूरी तक भरने पर रास्ता निकालना मुश्किल हो जाता है। जब दुपहिया वाहन उक्त रास्ते से गुजरते हैं तो कई बार बीच में नाली कट होने के चलते दुर्घटनाग्रस्त भी हो जाते हैं। इसको लेकर नगर पालिका प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। सफाई निरीक्षक जब नाला अवरुद्ध होता है और सड़क पर पानी भरता है तो दो-चार सफाई कर्मियों को भेज कर पानी निकालने की खानापूर्ति करते है। मामले को लेकर स्थानीय दुकानदार सन्नी भाई, राजेश कुमार, केशव देव, पप्पू खां, आमोद, दीनदयाल मित्तल आदि ने नगर पालिका प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। और स्थानीय प्रशासन से मामले में कार्रवाई की मांग की है। वही दूसरी और नगर पालिका के सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा का कहना है की नाला सकरा है। जब पानी ओवरफ्लो होता है तो पूरा पानी नहीं निकल पाता। इससे ही परेशानी हो रही है। इसके समाधान को लेकर उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा है। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद टेंडर कर बड़ा नाला बनाया जाएगा।

# पत्थर गैंगसा यूनिट पर निकला अजगर सांप,मजदूरों में मचा हड़कंप

## सूचना पर वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर वन विहार रेंज में छोड़ा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के धौलपुर रोड पर एक पत्थर गैंगसा यूनिट पर काम कर रहे मजदूरों के बीच अचानक से अजगर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। जैसे ही मजदूरों ने अजगर सांप को लहराते हुए देखा। उन्होंने काम छोड़ दिया। घटना को लेकर जैसे ही गैंगसा मलिक को पता लगा। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना के करीब एक घंटे बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुच अजगर सांप का रेस्क्यू किया है। जिसे वन विहार रेंज ले जाकर छोड़ गया है। धौलपुर रोड पर पत्थर गैंगसा यूनिट एम के स्टोन के पास में दुकान चलाने वाले तोशिफ ने बताया कि जैसे ही अजगर सांप गैंगसा यूनिट पर दिखाई दिया। मजदूरों में हड़कंप मच गया। कुछ मजदूर जब चिल्लाए तो उन्हें जानकारी हुई। इस पर जब उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो सात से आठ फीट लंबा अजगर सांप गैंगसा यूनिट में घूम रहा था। इस पर उन्होंने भी पकड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। बाद में गैंगसा यूनिट के मालिक ने जंगलात विभाग के अधिकारियों को फोन पर सूचना दी। जिसके करीब एक घंटे बाद धौलपुर से आई वन विभाग की टीम ने अजगर सांप का बड़ी मुश्किल से रेस्क्यू किया है। यह सांप 7 से 8 फीट लंबा है जो काफी खतरनाक भी दिख रहा है।

# लोहे की दुकान में चला रहा था अवैध शराब ठेका : डीएसटी के साथ सदर पुलिस ने मारा छापा, भारी मात्रा में शराब बरामद

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर की सदर थाना पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ मिलकर अवैध शराब के ठेके पर छापामार कार्रवाई की। पुलिस की कार्रवाई के दौरान शराब बेच रहे आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी और देसी शराब को जब्त किया है। कारवाई को लेकर सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि अवैध गतिविधियों को लेकर एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा हैं। जिस अभियान के तहत डीएसटी टीम को सूचना मिली थी कि बरेह मोरी गांव के पास लोहे की दुकान में अवैध रूप से शराब का ठेका चलाया जा रहा हैं। सूचना मिलने के बाद डीएसटी टीम के साथ सदर थाना पुलिस ने मौके पर छापामार कार्रवाई की। जहां पुलिस को आता देख ठेके पर मौजूद दो आरोपी भागने में कामयाब हो गए। जिसके बाद पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से फरार आरोपियों की पहचान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अवैध शराब के साथ शराब बिक्री के 4 हजार 60 रुपए मिले हैं। जिन्हें जब्त किया गया है। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज का जांच शुरू कर दी हैं।

# हरिद्वार से 51 किलो की कावड़ यात्रा लेकर धौलपुर पहुंचे कमल व साथी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए हरिद्वार से उज्जैन तक 600 किलोमीटर 51 किलो की कावड़ यात्रा को निकले गौरक्षा दल के कमल आर्य व उनके साथी जितेंद्र जयपुरिया, जितेंद्र रावत, आदित्य, विशाल पाठक, अजीत चौधरी, राहुल यादव, अमरनाथ राजपूत, सोनू शर्मा व अंकित मंगलवार को धौलपुर पहुंचे। हिन्दूवादी नेताओं ने कमल आर्य का माला पहनाकर स्वागत किया। गौरक्षा दल के कमल आर्य ने बताया 26 नवंबर को हरी की पौड़ी हरिद्वार से यात्रा शुरु की थी। हरिद्वार से कावड़ में 51 लीटर गंगा जल भरा और सभी साथियों ने संकल्प लिया की गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए 26 फरवरी 2025 महाशिवरात्रि वाले दिन उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर पर रुद्राभिषेक करेंगे गौ रक्षक चंद्रप्रताप धाकरे, बजरंग दल संयोजक राम शर्मा, सह संयोजक नरेश, दीपक, रविन्द्र, सीनू, कान्हा, शुभम, रॉबिन आदि सैकडों बजरंगियों ने स्वागत कर कावड़ के साथ चल गौमाता को राष्ट्र माता के संकल्प में सहयोग कर अपना योगदान किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में स्थानीय राजीव गांधी किसान संगठन द्वारा देश के महान अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया। इस मौके पर राजीव गांधी किसान संगठन के पदाधिकारी अभिषेक यादव ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह एक ईमानदार प्रधानमंत्री तो थे ही साथ ही इस देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिला महामंत्री ध्रुव शुक्ला ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह का निधन इस देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। कार्यक्रम में सभी कांग्रेस युवा पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि देते हुए उनके कार्यों को याद कर आत्मसात करने का आव्हान किया। इस मौके पर किसान संगठन के जिला महामंत्री ध्रुव शुक्ला, सेवादल कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल अरेला, युवा नेता अभिषेक यादव, कोषाध्यक्ष मनीष मंगल, किसान संगठन के मयंक शर्मा, गजेंद्र प्रजापति, अंकित सक्सेना, दिलखुश, राजकुमार कंसाना, हिमांशु गर्ग, अनुराग राजेंद्र सक्सेना, जितेंद्र मीणा, मनीष कुशवाह, गजेंद्र गोस्वामी आदि राजीव गांधी किसान संगठन के समस्त पदाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बाल संप्रेषण गृह से फरार हुए 5 बाल अपचारी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के राजकीय बाल संप्रेषण गृह से बुधवार अल सुबह पांच बाल अपचारी जाला तोड़कर फरार हो गए। बाल अपचारियों के फरार होने की खबर मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाल अपचारियों के फरार होने की सूचना मिलते ही धौलपुर पुलिस ने नाकाबंदी शुरू कर दी। जिस पर बाड़ी कोतवाली पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी बाल अपचारियों को डिटेन कर लिया। जानकारी में सामने आया कि धौलपुर जिले की अलग-अलग थाना पुलिस विभिन्न आपराधिक मामलों में 5 बाल अपचारियों को डिटेन कर राजकीय बाल संप्रेषण गृह में दाखिल किया था। राजकीय बाल संप्रेषण गृह में दाखिल किए गए सभी पांच बाल अपचारी तड़के करीब 4 बजे जाले को तोड़कर फरार हो गए।

सुबह संप्रेषण गृह के गार्ड द्वारा पुलिस को सभी बाल अपचारियों के फरार होने की सूचना दी गई। जिस सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का मौका मुआयना किया। बाल अपचारियों के फरार होने की खबर मिलते ही कंट्रोल रूम को सूचना देकर सभी थाना क्षेत्र में नाकाबंदी शुरू कर दी गई। पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न मामलों में डिटेन किए गए बाल अपचारियों के फरार होने पर पुलिस द्वारा नाकाबंदी शुरू कर दी गई। घटना के चंद घंटे बाद ही बाड़ी कोतवाली पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी फरार बाल अपचारियों को फिर से डिटेन कर लिया हैं। जिन्हें पूछताछ के बाद संप्रेषण गृह में दाखिल कराया जाएगा।

# सरमथुरा रोड़ पर अनियंत्रित पिकअप खाई में गिरने में घायल चालक की मौत

## खाई में गिरी थी पिकअप गाड़ी, पुलिस ने कराया मृतक का पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के सरमथुरा रोड पर बामणी नदी पुल के पास मंगलवार की शाम सड़क हादसा हुआ था। उक्त सड़क हादसे में एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गई। दुर्घटना में पिकअप चला रहा चालक गाड़ी के नीचे दब गया। जिसे आसपास मौजूद लोगों द्वारा जैसे तैसे गाड़ी को उठाकर बाहर निकाला गया। घायल पिकअप चालक की हालत गंभीर होने पर उसे बाड़ी से धौलपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया था। जहां उपचार के दौरान पिकअप चालक की मौत हो गई। ऐसे में परिजनों द्वारा शव को देर रात ही बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया गया था। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को मृतक के शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों द्वारा घटना को लेकर कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। कोतवाली थाने के एएसआई सियाराम ने बताया कि मंगलवार शाम 6 बजे कि उक्त घटना शहर के सरमथुरा रोड पर बामनी नदी पुल के पास में एक पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी थी। जिसमें सरमथुरा उपखंड के बरौली गांव निवासी 40 वर्षीय गाड़ी चालक अर्जुन पुत्र गावसी प्रजापति घायल हुआ था। गाड़ी चालक अर्जुन की हालत गंभीर होने पर उसे धौलपुर रेफर किया था। जहां उपचार के दौरान उसका निधन हो गया। ऐसे में शव को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां आज परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

**मृतक चालक तीन भाइयों में था सबसे बड़ा,कर रहा था भाइयों सहित परिवार का पालन पोषण :** सड़क दुर्घटना में मृतक अर्जुन प्रजापति के अस्पताल में मौजूद परिजन पप्पू प्रजापति ने बताया कि वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा थ। अपने दो छोटे भाइयों की देखरेख के साथ अपने परिवार का पालन पोषण बरौली के एक सेठ की गाड़ी चलाकर करता था। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। ऐसे में दुर्घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव बरौली के प्रजापति मोहल्ले में घटना के बाद शोक छाया है।

# खातेदारी की जमीन पर सोलर प्लांट का विरोध, लोगों ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव

## सरमथुरा उपखंड के धौंध गांव में 35 हेक्टेयर भूमि पर लगना है सोलर प्लांट

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर जल संसाधन विभाग द्वारा सरमथुरा उपखंड के गांव धौंध में 35 हेक्टेयर भूमि पर लगने जा रहे सोलर प्लांट के विरोध में मंगलवार को किसानों ने बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। बाड़ी विधायक जसवंत गुर्जर के नेतृत्व में गांव के 100 से अधिक किसान अपनी फरियाद लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। इस सोलर प्लांट से उत्पादित होने वाली बिजली का उपयोग चंबल लिफ्ट परियोजना के लिए किया जाएगा। इसका कोई फायदा गांव को नही मिलेगा। जिसे लेकर पहले भी गांव के लोगों ने विरोध के स्वर मुखर किए थे। लेकिन मंगलवार को किसानों का धैर्य जबाव दे गया और विधायक के नेतृत्व में कलेक्टर चेम्बर बाहर बैठकर किसानों ने धरना दिया। इस मौके पर बाड़ी विधायक जसवंत गुर्जर ने बताया कि धौंध में सोलर प्लांट लगने से 50 परिवार प्रभावित होगें। इस योजना में किसानों की कृषि भूमि का बड़ा हिस्सा जा रहा है। जहां सोलर प्लांट लगाए जाना प्रस्तावित है, उक्त स्थान पर कुछ खातेदारी की भूमि है और अन्य भूमि सिवायचक है। अब सरकार सोलर प्लांट लगाने के लिए सर्वे कार्य करा रहा है। जिसमें किसानों की भूमि को भी सिवायचक भूमि बताया जा रहा है। जबकि उक्त उपजाऊ भूमि पर गांव धौंध के किसान बीते 50 साल से खेती कर रहे है। लेकिन अब सरकार उस भूमि पर सोलर प्लांट लगा रही है। उस जमीन से पर खेती करके ही 50 परिवारों के घरों के चूल्हे जलते है। लेकिन अब सरकार और जिला प्रशासन किसानों को बेघर करने पर तुली है। जो बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस मामले को लेकर हमने समस्त गांववासियों की ओर से जिला कलेक्टर को शिकायत सौंपी है। अधिकारी ने जांच कराने का आश्वासन दिया है। अगर किसानों की जमीन पर सरकार ने अधिग्रहण करने की कोशिश की तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन खड़ा करने का मन बना चुके है। हमारी मांग है कि एक बार जिला प्रशासन उक्त भूमि की जांच कराकर लोगों का संशय दूर करे और ग्रामीणों की मांग अनुसार ही सोलर प्लांट की योजना को अमली-जामा पहनाया जाए।

### इनका कहना है

ग्रामीणों की शिकायत पर उक्त मामले की जांच कराई जाएगी। जिस भूमि को ग्रामीण खातेदारी की भूमि बता रहे है, उसकी जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**श्रीनिधि बीटी, कलेक्टर धौलपुर**

## नए वर्ष में बुधादित्य योग...

# युवाओं को रोजगार एवं शिक्षा के लिए उत्तम रहेगा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** वर्ष 2025 को लेकर जिले की राशि के अनुसार ज्योषाचार्य राजकुमार सैंथिया के अनुसार धौलपुर की राशि धनु है, जिसके स्वामी गुरू होने के साथ ही बुधादित्य योग बनने से वर्ष 2025 जिले के युवाओं के लिए बेहतर साबित होगी। जिसमें युवओं को रोगार के अधिक अवसर मिलेंगे। युवा जिले के अलावा अन्य स्थानों पर रोजगार के लिए अपनी जगह बना सकेंगे। लग्न में सूर्य एवं बुध बैठने के कारण यह योग बना है। चंद्रमा के धनभाव में होने के कारण धन एवं विकास में वृद्धि करेगा। जिससे जिले के विकास कार्यों का रास्ता साफ हो जाएगा। सरकार से जिले के विकास में विशेष योगदान रहेगा। वही अष्टम भाव में मंगल ग्रह होने के कारण जिले में परस्पर विवाद की स्थिति भी बनती रहेगी। राशि के तृतीय भाव में शुक्र ग्रह होने के कारण आधुनिक सुख, पर्यटकों की आवागमन अधिक रहेगा जो जिले के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। शुक्र व शनि की युति होने के कारण जनवरी माह में श्रंगार की वस्तु, इत्र एवं गंधादिक वस्तुएं महंगी होंगी। इस महीने में प्रशासनिक फेर बदल होने की आसर अधिक है। इस महीने में कहीं-कहीं बारिश एवं ओला वृष्टि के संकेत बने हुए है। सरकार की नई योजना के लाभ मिलने की उम्मीद अधिक है। आलू की फसल में रोग आने से पैदावार में कमी होने के आसार रहेंगे। सरकार की पशुधन योजना का लाभ मिलेगा। दूध के कारोबार में बढ़ोत्तरी रहेगी। भाव उछाल ले सकते है, वहीं अनाज के भाव में वृद्धि रहेगी।

शनि एवं राहु की युति होने के कारण जिले में बीमारी फैलने के आसार है। इस साल जिले में भीषण गर्मी के साथ ही आंधी बारिश के आसार अधिक रहेंगे। जिले की राजनिति में भी उथल पुथल देखने को मिल सकती है। सैंथिया ने बताया बुधादित्य योग से युवाओं को जहां बेहतर अवसर मिलेंगे इसके साथ ही राजनीतिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण के नजरिए से भी आने वाला साल काफी लाभकारी रहेगा। और राजनीति में उतार-चढ़ाव आएंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि




बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में स्थानीय राजीव गांधी किसान संगठन द्वारा देश के महान अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर मनमोहन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया गया।

इस मौके पर राजीव गांधी किसान संगठन के पदाधिकारी अभिषेक यादव ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह एक ईमानदार प्रधानमंत्री तो थे ही साथ ही इस देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिला महामंत्री ध्रुव शुक्ला ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह का निधन इस देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। कार्यक्रम में सभी कांग्रेस युवा पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि देते हुए उनके कार्यों को याद कर आत्मसात करने का आव्हान किया। इस मौके पर किसान संगठन के जिला महामंत्री ध्रुव शुक्ला, सेवादल कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिल अरेला, युवा नेता अभिषेक यादव, कोषाध्यक्ष मनीष मंगल, किसान संगठन के मयंक शर्मा, गजेंद्र प्रजापति, अंकित सक्सेना, दिलखुश, राजकुमार कंसाना, हिमांशु गर्ग, अनुराग राजेंद्र सक्सेना, जितेंद्र मीणा, मनीष कुशवाह, गजेंद्र गोस्वामी आदि राजीव गांधी किसान संगठन के समस्त पदाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री मनमोहन सिंह जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राजाखेड़ा में पीएम सूर्यघर योजना का शिविर : 113 उपभोक्ताओं ने कराया रजिस्ट्रेशन, 7 से मिली एडवांस राशि

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा कस्बे में आज मंगलवार विद्युत निगम कार्यालय में उपभोक्ताओं के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत मिलने वाले लाभों की विद्युत उपभोक्ताओं को जानकारी दी गई। इसी के साथ उपभोक्ताओं का योजना में पंजीयन कराया गया। राजाखेड़ा विद्युत विभाग के सहायक अभियंता आर. डी. मीणा ने बताया कि आज निगम कार्यालय में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें 113 उपभोक्ताओं ने योजना में पंजीयन कराया है। कैंप में मौके पर उपस्थित वेंडर एमवी सोलर द्वारा 58 उपभोक्ताओं के पंजीकरणों पर तुरंत कार्यवाही की गई और 7 उपभोक्ताओं से एडवांस राशि भी प्राप्त की गई।

इसी के साथ वेंडर केला देवी द्वारा 34 उपभोक्ताओं के पंजीकरणों पर कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया-सभी पंजीकृत उपभोक्ताओं को शेष राशि जमा करने पर 15 दिवस की अवधि में सोलर प्लेट लगाकर कनेक्शन जारी किया जाएगा। सहायक अभियंता ने बताया कि सभी घरेलू श्रेणी के विद्युत कनेक्शन धारक उपभोक्ताओं के लिए निगम कार्यालय में पंजीयन कार्य सुचारू रहेगा ।

# एवीवीएनएल अब मीटर रीडिंग के समय ही हाथों हाथ देगा उपभोक्ताओं को बिजली का बिल

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** एक जनवरी से अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अपने उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग के साथ ही हाथों हाथ बिजली का बिल देगा। निगम का मानना है कि ऑन स्पॉट बिलिंग से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। वे बिल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या त्रुटि की मीटर रीडर को तुरन्त शिकायत दर्ज करवा कर निस्तारण करवा सकेंगे। इस नई व्यवस्था के तहत अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से जुड़े उपभोक्ताओं को अब बिजली का बिल मीटर रीडिंग के समय ही मिल जाया करेगा। मौके पर ही बिल जनरेट होने से उपभोक्ता को गड़बड़ी या त्रुटि की समस्या से निजात मिल सकेगी। साथ ही यदि कोई शिकायत है, तो उसका भी हाथों हाथ निस्तारण हो सकेगा। यह नई व्यवस्था एक जनवरी से निगम के अधीन केकड़ी सहित प्रदेश के 17 जिलों में एक साथ लागू की जा रही है।

### केकड़ी वृत्त में है 1 लाख 26 हजार उपभोक्ता

उन्होंनें बताया कि निगम के केकड़ी वृत्त में 4 विद्युत उपखण्ड है, जिनमें कुल 1,26,754 बिजली उपभोक्ता हैं। और इस नई व्यवस्था के तहत चारों सब डिवीजन में कुल मिलाकर 132 मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनका विभाजन इस प्रकार किया गया है-

- केकड़ी सब डिवीजन 33724 उपभोक्ता 34 मशीन
- सरवाड़ सब डिवीजन 38699 उपभोक्ता 40 मशीन
- भिनाय सब डिवीजन 32085 उपभोक्ता 34 मशीन
- सावर सब डिवीजन 22246 उपभोक्ता 24 मशीन

### यह रहेगी प्रक्रिया

एवीवीएनएल के केकड़ी एक्सईएन अरुण जांगिड़ ने बताया कि निगम की ओर से बीसीआईटीएस नामक कंपनी को यह कार्य सौंपा गया है, लेकिन इस नई व्यवस्था में भी मीटर रीडर निगम का कर्मचारी ही रहेगा। उन्होंनें बताया कि मीटर रीडर जब रीडिंग लेने पहुंचेगा तो वह सम्बंधित उपभोक्ता के खाते में ऑनलाइन रीडिंग दर्ज करेगा। इस दौरान रीडर को मीटर की फोटो भी विभाग की एप पर अपलोड करनी होगी। तत्पश्चात निगम की एप से तत्काल उपभोक्ता का बिल जनरेट हो जाएगा, जिसे वह अपने पास मौजूद छोटे प्रिंटर से प्रिंट कर उपभोक्ता को दे देगा। यदि उपभोक्ता को इसमें कोई गड़बड़ी लगती है तो वह तत्काल रीडर को अपनी शिकायत भी दर्ज करवा सकेगा।

### शिकायतों से निजात मिलेगी

निगम के केकड़ी एक्सईएन अरुण जांगिड़ ने बताया कि नई व्यवस्था के लिए निगम की ओर से संबंधित बीसीआईटीएस कंपनी को कार्यभार सौंपा गया है। कंपनी की ओर से सॉफ्टवेयर व उसके माध्यम से एप भी तैयार है। इस व्यवस्था के लागू होने से उपभोक्ताओं को बिल देरी से मिलने या उसमें त्रुटि रहने की शिकायत से निजात मिलेगी।

### काश्तकार व बड़े उद्योग शामिल नहीं

उन्होंनें बताया कि इस नई व्यवस्था से फिलहाल काश्तकारों और बड़े उद्योगों को अलग रखा गया है। उन्हें पूर्व की भांति ही बिल सौंपा जाएगा, जबकि नई व्यवस्था में शामिल उपभोक्ताओं को दो माह के बजाय प्रतिमाह बिल मिलेगा।

### 17 जिलो में लागू होगी व्यवस्था

उल्लेखनीय है कि अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड प्रदेश के 17 जिलों के उपभोक्ताओं को विद्युत वितरण, मीटर रीडिंग और बिल जनरेट करने के काम कर रहा है। इनमें केकड़ी सहित ब्यावर, अजमेर, नागौर, झुंझुनूं, सीकर, डूंगरपुर, कुचामन-डीडवाना, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, नीम का थाना, प्रतापगढ़, राजसमंद, सलूंबर, शाहपुरा और उदयपुर जिले शामिल है।

## केकड़ी के तीन छात्रों का राज्यस्तरीय रोवर मूट एवं रेंजर मीट में चयन

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी (संजय कटारिया)।** राजकीय महाविद्यालय केकड़ी के तीन रोवर छात्रों ने 64वीं राज्यस्तरीय रोवर मूट एवं 50वीं रेंजर मीट के सर्विस स्टाफ के रूप में चयनित होकर केकड़ी महाविद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। यह आयोजन 26 से 30 दिसंबर तक अजमेर की पुष्कर घाटी में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मुख्यालय, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। केकड़ी महाविद्यालय के रोवर लीडर शहज़ाद अली ने बताया कि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्तकर्ता और ट्रूप लीडर धीरज सोनी के नेतृत्व में राज्य पुरस्कार विजेता रोवर श्यामसुंदर जोगी और दिलखुश माली ने इस आयोजन में भाग लिया। इन छात्रों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी सेवाओं में सफलता हासिल की। सहायक राज्य संगठन आयुक्त विनोद दत्त जोशी, अजमेर सीओ स्काउट नरेंद्र खारोल ने राज्य मुख्यालय, जयपुर की ओर से इन छात्रों की समर्पित सेवाओं और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा इन्हें प्रमाण पत्र, स्मृतिचिन्ह और पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

## अखिल भारतीय हॉकी का महाकुम्भ आज से केकड़ी में

### राजस्थान सहित देश के कई राज्यों की टीमें ले रही है हिस्सा

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी (संजय कटारिया)।** मेजर ध्यानचंद हॉकी क्लब के तत्वावधान में केकड़ी में आयोजित चार दिवसीय दसवीं अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ गुरूवार को सुबह ग्यारह बजे समारोहपूर्वक किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी मौजूद रहेंगे तथा समारोह की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी सुभाष हेमानी करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक हर्षित शर्मा, कोटा यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर विजय सिंह, भामाशाह भंवरलाल जगरवाल, शारीरिक शिक्षक गिरधर सिंह, एमएलडी संस्थान के डायरेक्टर डॉ अविनाश दुबे, समाजसेवी संजीव शाह व राजीव शाह शामिल होंगे। क्लब के मीडिया प्रभारी मोहम्मद जावेद ने बताया कि हॉकी प्रतियोगिता में देश की लगभग 28 टीमें भाग ले रही है, जिनमें राजस्थान के विभिन्न जिलों की टीमों के अलावा जबलपुर, महाराष्ट्र, उज्जैन, सोनभद्र, छिंदवाड़ा, बनारस, इंदौर, मंदसौर आदि स्थानों की टीमें प्रमुख हैं। पटेल ग्राउंड पर आयोजित यह टूर्नामेंट 2 से 5 जनवरी तक चलेगा। और क्लब के मनीष शर्मा ने बताया कि हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के आवास व भोजन की व्यवस्था तथा उन्हें एक तरफ का किराया क्लब द्वारा दिया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारियों में क्लब के सदस्य सुरेंद्र सिंह खंगारोत, महेंद्र पाल सिंह, गोपाल सागर, हारून रशीद, हरिनारायण विदा, दिनेश चौहान, नीरज गदिया, सुधीर सेन, महावीर साहू, सांवरलाल जाट, विनय भाटी, प्रज्ज्वल टांक, दौलत, हनुमान टेलर, कालूराम खटीक, सत्यनारायण उचेनिया, मोहम्मद रफीक, नितेश जैतवाल, दिनेश चौधरी, मुकेश चौधरी, रामप्रसाद तेली, अनिल सागर, देवन गुर्जर, वसीम, पिंटू साहू आदि समस्त सदस्य शामिल है।

## बूंद-बूंद सिंचाई में ऑटोमेशन व फर्टिगेशन तकनीकी से होगी खेती

### फसल की जड़ तक पहुंचेगा तरल खाद

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़( नि.स. )।** राजस्थान सरकार कृषि सेक्टर में युवाओं को जोड़ने के लिए नई तकनीकों पर फोकस कर रही है ताकि इससे युवा कृषि से जुड़कर इस सेक्टर में नया बूम लेकर आएं। इसके लिए उद्यान निदेशालय की और से खेती में ऑटोमेशन, फर्टिगेशन और समुदाय आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) समाधान परियोजना लागू की जा रही है। इन तकनीकों के कृषि सेक्टर में उपयोग होने से बिजली, पानी व खाद की बचत होगी। उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकर लाल जाट ने बताया कि राजस्थान में सूखाग्रस्त एरिया ज्यादा होने नई तकनीक में बूंद बूंद पानी के उपयोग पर फोकस किया जा रहा है। इसके लिए जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किए गए है। इसमें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर राज किसान साथी पोर्टल के माध्यम से किसानों को योजना का फायदा दिया जाएगा। जिले में ऑटोमेशन के लिए 91 हेक्टेयर एरिया के 26.85 लाख रुपए का अनुदान मिलेगा, फर्टिगेशन के लिए जिले को 57 हेक्टेयर एरिया का लक्ष्य दिया गया है।

### क्या है ऑटोमेशन व फर्टिगेशन कार्यक्रम ?

केंद्र सरकार से जारी "पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना" के तहत ऑटोमेशन कार्यक्रम के लिए ऑटोमेशन कम्पोनेंट के लिए किसान को प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपए मिलेंगे कृषक हिस्सा राशि जमा करानी होगी एवं विभाग की ओर से लाभार्थी को अनुमोदित लागत का 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इस योजना में 040 से 5 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए 2 लाख मिलेंगे। और इस तकनीक में कंट्रोलर, सेंसर, सोलेनाइड वाल्व, फिल्टर्स व अन्य माध्यमों से ड्रिप सिंचाई संयंत्रों का स्वचालन किया जाता है। ताकि अधिक से अधिक लाभ मिल सके और उत्पादन भी अच्छा रहे। इसी प्रकार फर्टिगेशन में फसल को वांछित पोषक तत्वों की आपूर्ति ड्रिप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से सिंचाई के साथ जल विलेयक या तरल उर्वरक की ओर से सीधे ही पौधे की जड़ तक भेजा सकेगा। इस तकनीक से उर्वरक का प्रभावी रूप से उपयोग हो सकेगा।

## स्वर्ण जयंती समारोह में खिलाड़ी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़( नि.स. )।** नूतन स्पोर्ट्स क्लब की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित वॉलीवाल ग्राउंड में समारोह आयोजित किया गया जिसमें राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। नूतन स्पोर्ट्स क्लब की स्वर्ण जयंती समारोह में आतिथ्य विनोद चंद्र यति गुरुदेव, विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर परिषद् उपाध्यक्ष कैलाश पंवार एवं अध्यक्षता सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल खटीक ने की। समारोह में वर्ष 2024 में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभावान 11 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। संचालन वरिष्ठ खिलाड़ी लक्ष्मी नारायण नीलमणि ने किया जबकि आभार वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज व्यास ने किया। आयोजन में स्नेह भोज की व्यवस्था वरिष्ठ प्रशिक्षक मनोहर लाल खटीक द्वारा की गई। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ प्रशिक्षक मांगीलाल बाथरा, जयदीप सिंह शेखावत, सहित वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज टांक, जसवंत चावला, हेमंत राव, पंकज चोपड़ा, निर्मल शुभकरण व निशु पुरोहित आदि ने किया। आयोजन में क्लब के सीनियर व जूनियर खिलाड़ियों प्रशिक्षकों सहित क्लब से जुड़े करीब 300 से अधिक लोगों ने भाग लिया। क्लब की चित्तौड़गढ़ की प्रतिभावान बेटी खिलाड़ी मुस्कान बाथरा 38 वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता हेतु राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर में आयोजित राजस्थान टीम चयन के शिविर में भाग लेने हेतु चित्तौड़गढ़ से रवाना हुई।

# राजेश लोट बने राष्ट्रीय सह संयोजक

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौडगढ़ (नि.स.)।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल रामगोपाल राजा ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों की नियुक्ति करते हुए चित्तौड़गढ़ के राजेश लोट को मीडिया सेएल एवं आईटी प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय सह संयोजक नियुक्त किया गया। राजेश लोट के राष्ट्रीय सह संयोजक बनने पर चित्तौड़गढ़ वाल्मीकि समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर राजेश लोट का भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय मीडिया सेल के सहसंयोजक ने बताया की अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा पूरे भारत में वाल्मीकि समाज के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है।अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा द्वारा निरंतर संघर्ष से वाल्मीकि समाज के हितों का संरक्षण किया जा रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण संगठन का पदाधिकारी बनकर मुझे बहुत ही हर्ष महसूस हो रहा है। विधि सलाहकार गिरिराज राठौड़ ने राजेश लोट का स्वागत करते हुए कहा कि वाल्मीकि समाज के हितों के लिए आप निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। प्रो. निर्मल देसाई ने बताया कि इस मौके पर प्रभुलाल कंडारा, रणजीत लोट, पूर्व पार्षद दिलीप बेनीवाल, राधेश्याम गावरी, गोपेश कोदली, शिव कोदली, राहुल मेनारिया, कमल गुर्जर, राजकुमार गांछा, जीवन कोदली, अजय घारु, तरुण लोट, मनोज राठौर, सन्नी लोट, मुकेश सिंगोलिया, राहुल लोट डगला खेड़ा, आशु खोखर, गौरव आचार्य, जगदीश गेंगट, विजय चौहान, शेरू सिंगोलिया, रोहित मल्होत्रा, वासु देशबंधु, कमलेश खोखर, प्रवीण नकवाल, आलोक बेनीवाल आदि उपस्थित थे।

# सनातन संस्कृति से ओतप्रोत 'अभिनंदन 2025' में उमड़े श्रद्धालु

## 108 दीपक के साथ महाआरती व लक्खा के भजनों पर झूमे श्रोता

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौडगढ़( नि.स. )।** सनातन संस्कृति के अति प्राचीनतम पावन स्थल काल भैरव जी (काला बावजी मंदिर) पॉलिटेक्निक कॉलेज के निकट बोजुंदा में सनातन संस्कृति से ओतप्रोत अभिनंदन 2025 आयोजन के तहत संगीतमय नानी बाई का मायरा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 31 दिसंबर को दोपहर नानी बाई का मायरा कथा के बाद रात्रि में भजन संध्या आयोजन के बीच 2024 कैलेंडर वर्ष की विदाई और 2025 के स्वागत का सनातन संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रम अविस्मरणीय बन गया जिसमें बड़ी संख्या में ठिठुराती सर्दी के बावजूद श्रद्धालु बड़ी संख्या में भक्तिभाव से झूमते रहे।

108 दीपक के साथ श्री काल भैरव जी और मां कालिका की आरती अभिनंदन 2025 का अलौकिक दृश्य बना। मंदिर के मुख्य पुजारी बाबूलाल जटिया ने बताया कि 31 दिसंबर की देर शाम नव वर्ष अभिनंदन 2025 के तहत भजन संध्या में भी काफी उत्साह छाया रहा। श्री काल भैरव की भक्ति एवं विभिन्न भजन कीर्तन के साथ शंकर लक्खा एन्ड पार्टी द्वारा देर रात तक कीर्तन की प्रस्तुति की जिसमें श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया । भगवान श्री काल भैरव जी की 108 दीपक से सजावट करके कैलेंडर नव वर्ष प्रारंभ होते ही संगीतमय महा आरती की गई। सनातन संस्कृति के अनुसार भक्ति भाव पूर्वक कैलेंडर नव वर्ष का स्वागत किया और प्रभु प्रार्थना के बाद एक दूसरे को बधाई दी और काल भैरव जी का आशीर्वाद लिया। नव वर्श के प्रथम दिन बुधवार दोपहर को प्रख्यात भजन गायक शंकर लक्खा एण्ड पार्टी द्वारा संगीतमय नानी बाई का मायरा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे रहे। शंकर लक्खा द्वारा जीवन्त कथा करवाई जिसमे ठाकुर जी, नानी बाई, कृष्णा खाती का रूप धारण किया गया और ठाकुर जी ने नरसिंह जी की गाड़ी भी चलाई। इसी के साथ ही हुंडी का प्रसंग भी पढ़ा गया एवं मायरा भरा गया। तीन दिवसीय आयोजन में आसपास एवं दूरदराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन में आगमन पर संतों, सहित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य जनों व श्री काल भैरव श्रद्धालुओं का मंदिर के मुख्य पुजारी बाबूलाल जटिया के सानिध्य में भक्तों ने भाव भीना स्वागत किया।

# पेंशनर समाज कपासन के ब्लॉक स्तरीय वार्षिक अधिवेशन में नव पेंशनर एवं भामाशाहों का अभिनंदन किया

बढ़ता राजस्थान





**कपासन (नि.स.)।** पेंशनर समाज द्वारा ब्लॉक स्तरीय वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम का बुधवार को आयोजन किया गया। जिसमे नव पेंशनर एवं भामाशाहों का अभिनंदन किया गया।

प्रवक्ता कमल कुमार दाधीच ने बताया कि नगर में स्थित नंदवाना पंचायत भवन में पेंशनर समाज के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमे अतिथि रूप में पुलिस उपअधीक्षक कपासन हरजीराम यादव,जिला मंत्री गिरिराज प्रसाद, चंद्रशेखर तुलछिया, मानमल शर्मा, नारायणलाल दाधीच जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष,सत्यनारायण इनानी, हरिशंकर व्यास, मदनलाल विजयवर्गीय , अमरचंद मेहता,सांवलिया धाम मुंगाना संत अनुजदास,डॉ. रामसिंह चुण्डावत आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे को दीप प्रज्वलित कर तथा पेंशनर समाज कपासन अध्यक्ष रामनारायण शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में 80 वर्ष पूर्ण एवं नवपेंशनर का अभिनंदन किया गया। साथ ही विमल मशीनरी के भामाशाह पुखराज चंडालिया द्वारा शीत ऋतु मे जरूरतमंदो में 100 कंबल वितरण एवं स्नेहभोज पर सरस्वती बारेगामा का अभिनंदन किया गया। इस दौरान पेंशनर जिला शाखा द्वारा कपासन ब्लॉक अध्यक्ष रामनारायण शर्मा को गौरव शाखा से सम्मानित किया गया।जिला महामंत्री गिरीराज प्रसाद द्वारा पेंशनर समस्या एवं समाधान पर चर्चा प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर रामचंद्र गौड़, शिवशंकर उपाध्याय, खेमशंकर नंदवाना,रोशन सेठ, कन्हैयालाल सिरोया, शांतिलाल मारवाड़ी, शंभुलाल भट्ट,गोपाल व्यास, भेरूलाल तेली,जगदीश बोहरा आदि कार्यकर्ताओं द्वारा व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया गया। वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम का संचालन प्रभुलाल टेलर तथा आभार सचिव नंदलाल बोहरा द्वारा व्यक्त किया।

## जिला कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ के अवसर पर हेलमेट रैली को दिखाई हरी झंडी



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दूत धीमान)।** केन्द्रीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वर्ष 'राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह-2025' का आयोजन 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक किया जाना है। इस वर्ष आयोजित किये जा रहे राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2025 की थीम 'परवाह' है। इसी के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय पर सडक सुरक्षा माह का शुभारम्भ हेलमेट रैली के माध्यम से किया गया। रैली को जिला कलक्टर डॉ महेन्द्र खडगावत ने हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट से रवाना किया।

यह रैली जिला कलेक्ट्रेट से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई उदयपुर चुंगी नाका, ब्यावर तक आयोजित की गई। इस रैली में ट्रैफिक पुलिस के जवान, ऑटोमाबाईल डीलर्स, मोटर ड्राईविंग स्कूलों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ कर भाग लिया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि सडक सुरक्षा माह के तहत सम्पूर्ण माह में इस तरह के जन-जागरूकता संबंधी कार्यकम लगातार किये जाकर लोगों को यातायात नियमों की पालना करने एवं सड़क पर स्वयं को सुरक्षित रखने एवं दूसरों को सुरक्षित करने हेतु प्रेरित कर जागरूक करने के प्रयास किये जाए एवं इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रवर्तन कार्यवाही भी करे ।

जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम लागों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया है। सडक दुर्घटनाओं में प्रभावित होने वाले लोगो में दुपहिया वाहन चालकों की संख्या सर्वाधिक है एवं इन दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहन चालकों की मौत का मुख्य कारण हेलमेट नहीं पहनना अथवा बिना ढ्रस्ढ्र मार्का वाला हेलमेट पहनना रहा। उन्होंने बताया कि सडक सुरक्षा माह के तहत गुरुवार , 02 जनवरी को भगत सिंह चौराहा पर दुपहिया वाहन चालकों को फूल देकर एवं हेलमेट की उपयोगिता के बारे में समझा कर हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने का कार्यक्रम प्रातः 10.00 बजे आयोजित किया जायेगा। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया सहित अन्य मौजूद रहे।

## महालक्ष्मी मिल्स को चालू करवाने हेतु संघर्ष सेवा समिति के पदाधिकारियों ने दिया एक दिवसीय धरना



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दूत धीमान)।** महालक्ष्मी मिल्स बचाओ संघर्ष सेवा समिति ने बुधवार को एक दिवसीय धरना चांगगेट पर दिया। इस मौके पर पिछले कई समय से बन्द पड़ी महालक्ष्मी मिल्स को चालू कराने की मांग की गई है। समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार मिण्डल ने बताया कि महालक्ष्मी मिल्स के नवीनीकरण के बचे शेष चरणों को शुरु करवाने को लेकर व पुनः ब्यावर की पावन धरा पर महालक्ष्मी मिल्स को सुचारु रुप से शुरु करने की आवाज उठाई जा रही है। इसी के तहत पूर्व में संयुक्त सचिव राजीव सक्सेना ने मिल्स को पुनः शुरु करवाने हेतु प्रयास किये थे, इसी क्रम में तात्कालिन राजसमन्द सांसद दीया कुमारी ने भी अपने प्रयास किये मगर कुछ नहीं हुआ। संघर्ष समिति ने पुनः आज कुमारानन्द सर्किल चांगगेट पर संघर्ष को आगे बढाते हुए एक दिवसीय धरना दिया गया। धरने के दौरान जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपकर मिल्स को चालू करवाने की मांग की है। इस धरने के समर्थन में व्यापार मण्ल व सामाजिक संस्था व अन्य राजनैतिक संगठनों ने भी लिखित रुप से समर्थन दिया है। समिति अध्यक्ष विनोद कुमार मिंडल, उपाध्यक्ष नानकराम गहलोत, सचिव तिलोक तालेपा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट हेमन्त चन्देल, मुकेश जोधावत, कपिल बोयत, राजेन्द्र कुमावत, पवन पंवार, राजेन्द्र भट्ट सुनील कुमावत, गोपाल सांखला आदि सदस्य उपस्थित थे।

# जिला कलक्टर ने किया नवाचारी प्रगतिशील किसानों से साक्षात्कार

## किसानों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खेती के परंपरागत तरीकों से हटकर जिले में नवाचार अपना रहे प्रगतिशील किसानों से जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को उनके द्वारा अपनाई गई नवाचार गतिविधियों का उनके खेतों पर जाकर अवलोकन कर किसानों से नवाचारों से हुए लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि जिले में कई किसान कृषि एवं उद्यान विभाग की प्रेरणा से फसल विविधीकरण, जैविक व प्राकृतिक खेती के साथ ही हाईटेक हार्टिकल्चर टेक्नोलॉजी को अपनाकर अपनी लगन एवं मेहनत से सफल होकर मिसाल बन रहे हैं। जिला कलक्टर ने करमोदा गांव के नवाचारी व प्रगतिशील किसान रामप्रसाद मीणा द्वारा की जा रही खजूर की खेती का अवलोकन किया। जिन्होंने खजूर उत्कृष्टता केंद्र जैसलमेर से 4 वर्ष पूर्व खजूर लाकर बरही, खुनैजी (मादा) व धमानी (नर) किस्म पौधे रोपित किए थे, जिसमें डोका खजूर उत्पादन में सफलता अर्जित की। जिला कलक्टर ने सूरवाल गांव के विशेषज्ञ प्रगतिशील किसान जानकीलाल मीणा के खेत पर जाकर उनके द्वारा जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाकर खाद्यान्न, दलहन, तिलहन, चारा फसलों, सब्जियों के अलावा अमरूदों का उत्पादन को देखा। प्रगतिशील किसान जानकीलाल ने बताया कि वे स्वयं के स्तर पर वर्मी कंपोस्ट, गाय के गोबर एवं मूत्र से जीवामृत, घनामृत, दशपर्णी अर्क, नीम से बायोपेस्टिसाइड आदि तैयार कर जैविक फसलों का उत्पादन करते है। इस दौरान जिला कलक्टर ने दोंदरी गांव में विशेषज्ञ प्रगतिशील किसान हाजी लियाकत अली के हाईटेक हॉर्टिकल्चर फार्म का अवलोकन किया। जिन्होंने राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 4000 वर्ग मीटर के दो पोली हाउस स्थापित किए और खीरे की खेती कर रहे हैं। साथ उनके द्वारा वर्षा जल संरक्षण कर पक्के फार्म पॉन्ड में कतला एवं कॉमनकॉर्प प्रजाति की मछलियों का उत्पादन भी किया जा रहा है। जिला कलेक्टर ने किसानों से उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारों को सराहा और प्राप्त आय के बारे में जानकारी लेते हुए कृषि अधिकारियों को अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामराज मीणा, परियोजना निदेशक आत्मा अमर सिंह, उपनिदेशक उद्यान फूल उत्कृष्टता केंद्र, लखपतलाल मीणा, उप निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क हेमंत सिंह, सहायक कृषि अधिकारी विजय जैन, उप सरपंच जगदीशी मीणा, किसान हंसराज मीणा, रामकिशोर मीणा, नासिर अली, नियामत अली, अख्तर अली आदि सहित कई किसान मौजूद रहे।



# खेलों के माध्यम से खिलाड़ी विश्व में लहरा रहे है परचम : दिलीप इसरानी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** एसएचओ माइक्रो फाउंडेशन व अशोक फिटनेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में योगासन, दौड़, कबड्डी व रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, थानाधिकारी हरिराम वर्मा, नवनियुक्त जज मेघा जैन, डॉ. रविकान्त शर्मा व एडवोकेट पूनम जैन ने दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि दिलीप इसरानी ने कहा कि शिक्षा के साथ- साथ खेल भी जरूरी है। वर्तमान में खेलों के माध्यम से खिलाड़ी विश्व में अपना परचम लहरा रहे है। नवनियुक्त जज मेघा जैन ने सफलता के तीन सूत्र बताते हुए कहा कि अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य पर दृढ़ विश्वास से आगे बढ़ते रहे। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किए गए कार्य का प्रतिदिन आकलन करें। अपने लक्ष्य के लिए जी तोड़ मेहनत करें। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने कहा कि खेल से बालकों का सर्वांगिण विकास होता है, इम्युनिटी पावर बढ़ता है। योग गुरु अशोक गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर 18, अंडर, 16 अंडर, 14 अंडर, 12 अंडर 10 में योगासन, दौड़ व कबड्डी सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि दौड़ प्रतियोगिता में अंडर 18 में प्रथम धीरज व द्वितीय स्थान पर अभिषेक, अंडर 14 में प्रथम अंकित व द्वितीय नितिन, अंडर 12 में प्रथम ऋषिका व द्वितीय मानसी वैष्णव रहीं। इसी प्रकार बालकों में अंडर 12 में प्रथम यशकुमार यादव व द्वित्तीय नीरव व तृतीय स्थान पर अंकित गुर्जर रहे। इसी प्रकार योगासन प्रतियोगिता में अंदर 16 में बालिका वर्ग में प्रथम प्रतिष्ठा कुमावत, अंडर 14 में प्रथम कृतिका मिश्रा व द्वितीय स्थान पर जयश्री शर्मा रहीं। इसी प्रकार अंडर 12 में प्रथम स्थान पर मानसी वैष्णव रहे। इस अवसर पर दुर्गाशंकर शर्मा, हनुमान गुर्जर, श्रीराम चौधरी, सुरेश यादव, सोनू चौधरी, कौशल्या मीणा, सुनीता चौधरी व राकेश गुर्जर सहित कई खिलाडी मौजूद थे।

# अज्ञात बदमाशों ने गोवलिया गांव में बीती रात्रि को 2मकान को बनाया निशाना, नकदी व बाईक चुराई

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** कुंवारिया थाना क्षेत्र के गोवलिया गांव में बीती रात्रि को अज्ञात बदमाशों ने दो मकानों को निशाना बनाया है वहीं बदमाशों ने एक मकान से 15सो रुपये नगदी व दूध की 2थैलिया चुरा लेगये वही बदमाशो ने दूसरे मकान से होंडा स्पिंडल बाईक चुरा ली है।गोवलिया गांव के शंभू सिंह बड़वा ने बताया कि उनके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है और रात्रि को बरामदे में उनकी बाईक पड़ी थी जो करीब60हजार रुपये लागत की है जो चोरी हो गई है। बुधवार को सवेरे 5 बजे शंभू सिंह की नींद जगी तो बरामदे से बाइक नदारत मिली ऐसे में वह हक्का-बक्का रह गया इस पर उनके परिवार के सदस्यों को पूछताछ की लेकिन सभी ने बाईक के लिए मना कर दिया बाद में पीड़ित ने गांव के गली मोहल्ले आसपास काफी तलाश की लेकिन मिली नहीं बाद में उसने कुंवारिया थाना परिसर पर पहुंचकर पुलिस को रिपोर्ट दी पुलिस ने बताया कि रिपोर्ट मिली हैं बाइक की तलाश शुरू करवा दी है। इसी तरह बदमाशों ने पास ही स्थित तारा देवी पत्नी जगदीश कुमावत के मकान में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने रसोई के अंदर सारे सामग्री बिखेर दी और एक बैग में रखे 1500 रुपये नगद व 1 किलो दूध भी चुरा ले गये, तारा देवी कुंमावत ने बताया कि रात्रि के समय मकान के अंदर लोहे का मजूस बज रहा था तो हमने देखा कि कुत्ता घुस गया होगा वह धुर धुर करके पुन: सो गए हैं और सवेरे जब 6 बजे नीद जगी उठकर किवाड़ खोलने लगे तो कमरे के बाहर बदमाशो ने कुंडी लगा दी बाद में आसपास के लोगों को बुलाकर कुंडी खुलवाई बाहर देखा तो एक कमरे में सामग्री बिक्री हुई थी वहीं दरवाजे के बाहर बदमाशों ने नीम के पेड़ का एक बड़ा लठ भी रख रखा था बदमाशों ने पास में स्थित एक मकान के बाहर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ रखें चोरी की घटना गांव में आग की तरह फैल गई मौके पर ग्रामीण आये और चोरी की घटणा की जानकारी ली।

# रवि अग्रवाल बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** अग्रवाल समाज का राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधित्व करने वाला संघटन अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग ने पूर्वी राजस्थान प्रवास के दौरान निवाई निवासी रवि अग्रवाल को राष्ट्रीय सदस्य के पद पर मनोनीत किया है। राष्ट्रीय सदस्य मनोनीत होने पर रवि अग्रवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राष्ट्रीय सदस्य रवि अग्रवाल का समाज के लोगों ने माला एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया।

# भगवान के नाम को प्रतिक्षण स्मरण करना चाहिए : कृष्णकान्त शास्त्री



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** हनुमान नगर में चल रही राम कथा में माता सीता के पैर पर इंद्र का पुत्र चोंच मारना, उसका संहार करना, अत्रि ऋषि के आश्रम माता अनुसुइया द्वारा मां सीता का आभूषण व महर्षि अत्रि द्वारा भगवान राम का ब्रह्मास्त्र भेंट करना, सूर्पनखा संहार, मारिच संहार, सीता हरण, जटायु उद्धार एवं माता शबरी के आश्रम में बैर खाने सहित कई प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। आचार्य कृष्णकान्त शास्त्री ने कहा कि भगवान के नाम को प्रतिक्षण स्मरण करना चाहिए। भक्ति भी पौधे के समान होती है जितना सत्संग में भाग लेते हैं उतना ही सत्संग का लाभ मिलता है। इस दौरान राम दरबार की महाआरती की गई। कथा में श्यामबिहारी शर्मा, बुद्धिप्रकाश शर्मा, विमल विजय, रवि अग्रवाल, पूरणसिंह, विमल विजय, गिर्राज जाट,अशोक पारीक, मनोज जैन, दयाराम जाट, सुरेश स्वामी, केदार जाट, सांवरमल शर्मा, बन्नालाल चौधरी, रामअवतार, रामफूल शर्मा, जगदीश शर्मा, विनोद तिवाडी व बलवन्त सिंह सहित कई भक्त मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को सर्दी से बचाया



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सामाजिक संस्थाओं के लिए नया साल मनाने के ढेरों तरीके होते हैं, लेकिन टीम वतन फाउंडेशन ने इस साल कुछ अलग ही तरीका अपनाया। पिछले 10 वर्षों से देशभर में भाईचारे और सेवा कार्यों के लिए सक्रिय टीम वतन फाउंडेशन ने एक बार फिर समाज के सबसे कमजोर वर्ग की मदद करने के लिए कदम बढ़ाया।

इस बार की खास बात यह थी कि इस पहल में टीम के सबसे छोटे सदस्य, मासूम बच्चे अली की ज़िद भी शामिल थी। अली ने ठान लिया था कि इस बार वह नए साल के मौके पर रेलवे स्टेशन पर जाकर जरूरतमंदों की मदद करेगा। अली की इस ज़िद ने टीम को और भी प्रेरित किया, और पूरी टीम ने 31 दिसंबर की रात को मिशन 'दर्द का एहसास' के तहत जरूरतमंदों को कंबल बांटने का संकल्प लिया।

टीम वतन फाउंडेशन के हुसैन आर्मी ने 26 दिसंबर से लगातार साइकिल पर कंबल लेकर रात को फुटपाथ, रेलवे स्टेशन और अस्पतालों का दौरा किया है ताकि सर्दी से परेशान लोगों को राहत मिल सके। पिछले चार सालों से यह सेवा लगातार जारी है। इस बार भी, टीम ने 12:01 बजे, जब देशभर में लोग शराब और पार्टियों में व्यस्त थे, रेलवे स्टेशन पर नए साल का स्वागत किया और जरूरतमंदों को कंबल बांटे।

टीम के सदस्य अली, जो सिर्फ एक मासूम बच्चा है, ने यह कदम उठाकर न सिर्फ अपनी ज़िद को पूरा किया, बल्कि पूरे समाज को यह संदेश भी दिया कि छोटे से छोटे प्रयास भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। अली की इस ज़िद ने सभी को यह सिखाया कि किसी भी रूप में सेवा करना, चाहे वो छोटा हो या बड़ा, समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में 280 मरीजों की स्क्रीनिंग कर किया नि:शुल्क उपचार



बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ ( नि.स. )।** आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमासर में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 280 मरीजों की स्क्रीनिंग करने के साथ-साथ आने वाले मरीजों को 37 प्रकार की निःशुल्क जांच व 168 प्रकार की निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर में ज्यादातर मरीज सर्दी, खांसी, जुखाम, एलर्जी और नेत्र रोग के आए। इस अवसर पर शिविर में आने वाले आमजनों व मरीजों को नशा मुक्ति के लिए सकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर में टीबी के 28 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई और जिन टीबी मरीजों के बैंक एकाउट अपडेट नहीं थे वह शिविर में ही अपडेट कर लाभ प्रदान किया गया इसके अलावा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अनेक योजनाओं का लाभ मरीजों को दिया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सुभाष महर्षि, नेत्र रोग विशेषज्ञ सपना बवेजा शर्मा होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. अजय वर्मा, सोमासर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. शोभ बिश्नोई, ठुकराना चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. योगेश कुमार, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी कमल किशोर, एसटीएलएस करनैल सिंह, एसटीएलएस अश्वनी कुमार, आयुष कम्पाउडर कृष्ण गिला, दंत सहायक राकेश कुमार एनसीडी काउन्सलर दीपक शर्मा, आरबीएसके टीम के फार्मासिस्ट राधेश्याम, सुमन आदि ने भी सेवाएं दी।

# महाराणा कुंभा की 608वीं जन्म जयंती समारोहः बड़े स्तर पर होगा आयोजन, समितियों को दी गई जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( नि.स. )।** आमेट के पास देवगढ़ में महाराणा कुंभा जन्मभूमि सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक महाराणा कुंभा पैनोरामा प्रांगण में नारायण उपाध्याय की अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक में महाराणा कुम्भा की 608वीं जन्म जयंती समारोह के बारे में विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा बनाई गई। वहीं समारोह को बड़े स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विभिन्न समितियों का गठन कर अलग अलग जिम्मेदारियां दी गई। समारोह का आयोजन 14 जनवरी से 16 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। पैनोरमा के उपाध्याय ने बताया-समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अनुमति प्राप्त हो चुकी है। राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को भी समारोह में पधारने



के लिए निवेदन किया गया है। इनके अतिरिक्त आसपास के क्षेत्र के समस्त विधायक एवं सांसद महोदय भी इस समारोह में हिस्सा लेंगे । समिति की अगली बैठक 5 जनवरी 25 को रखना निश्चित किया गया ।

**यह रहे मौजूद :** इस दौरान रणवीर सिंह, गणपत सिंह, ललित जी व्यास, शुभमजी मदारिया, नरपत सिंह, संग्राम सिंह, जब्बर सिंह, कुंदन सिंह, दलपत सिंह, चंद्रभान सिंह, जय सिंह, भंवर सिंह, डूंगर सिंह, प्रेम सिंह मौजद रहे ।

# नाथद्वारा के उथड़ों की भागल में मिला पैंथर का शव

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद मे नाथद्वारा थाना क्षेत्र के धायल गांव के उथड़ों की भागल में करीब 3 दिन पुराना पैंथर का शव मिला जिसके चारों पंजे व जबड़ा गायब था।ग्रामीणों की सूचना पर पहुँचे वन विभाग के अधिकारियों ने पैंथर के शव को कब्जे में लिए व नाखून व दांत चुराने वाले कि तलाश शुरू कर दी है। रेंजर देवेंद्र पुरोहित ने बताया कि धायला गांव के उथड़ों की भागल के निकट कच्चे मार्ग पर बुधवार को एक पैंथर का करीब तीन दिन पुराना शव मिला।

# महिला नेतृत्व से होगा सर्वांगीण विकास

बढ़ता राजस्थान




**निवाई( का.स. )।** द हंगर प्रोजेक्ट के तत्वावधान में निवाई ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में महिला नेतृत्व हेतु सामुदायिक बैठकों का आयोजन किया गया। सामुदायिक बैठकों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आगामी ग्राम पंचायतों में महिला नेतृत्व को बढ़ावा देना, महिला आधारित मुद्दों पर महिलाओं को कार्य करने हेतु प्रेरित करना व पंचायतों के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। सरपंच कान्तिदेवी, शीला मीणा, नीता कंवर, बिन्दु कंवर, भगवती शर्मा, सीमादेवी बैरवा व फूलादेवी मीणा ने सामुदायिक बैठकों का नेतृत्व किया। हंगर प्रोजेक्ट कार्यकर्ता केदारनाथ बैरवा ने बताया कि 13 सामुदायिक बैठकों में लगभग 550 महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि महिला नेतृत्व से पानी, बालिका शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, टीकाकरण, पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी व समानता जैसे कई बदलाव आयेंगे। इस दौरान 73 वें संविधान संशोधन के तहत महिलाओं को पंचायतीराज चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने की जरुरत के लिए समझाया। कार्यकर्ता ममता शर्मा व सोनू चौधरी ने महिलाओं को नेतृत्व लेकर अपने मुद्दे रखने व पंचायतों में महिलाओं के लिए संवेदनशील वातावरण बनाने की जानकारी दी।

इस दौरान ग्राम पंचायत लुहारा, झिलाय, ललवाडी, जामडोली, डांगरथल, हनोतिया बुजुर्ग, सुनारा, सिरस, नटवाडा, खणदेवत, राहोली, दहलोद व करेडा बुजुर्ग में किया गया।

# तसीमों बेबी फुटबॉल लीग में विजेता रही एम वी एकेडमी, सोमेश फुटबॉल क्लब रही उपविजेता

## फाइनल मुकाबले में एम वी एकेडमी के छोटू परमार ने 3 गोल कर टीम को दिलाई विजय

बढ़ता राजस्थान

**तसीमों ( नि.स. )।** तसीमों में स्वर्गीय अमित परमार फुटबॉल बेबी लीग सीजन 2 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला शहीद स्टेडियम तसीमों में हुआ। जिसमें पहले सेमीफाइनल में सोमेश फुटबॉल क्लब टीम ने मामा यूथ 11 को 2 - 1 हराकर फाइनल में पहुंची वहीं दूसरे सेमीफाइनल में एम वी एकेडमी ने जगत वॉरियर्स को 3 - 2 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। वहीं शहीद स्टेडियम में हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में एम वी एकेडमी की ओर से छोटू परमार ने 3 गोल किए और सोमेश फुटबॉल क्लब टीम को 3 - 0 से मात देकर फुटबॉल बेबी लीग के विजेता बने और सोमेश फुटबॉल क्लब टीम उपविजेता बनी जिन्हें अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, नगद प्राइज मनी, मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं फुटबॉल बेबी लीग के बेस्ट स्कोरर छोटू परमार एम वी एकेडमी , बेस्ट डिफेंडर नंदनी सोमेश फुटबॉल क्लब, बेस्ट गोलकीपर ब्रजेश एम वी एकेडमी, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अंश जगत वॉरियर्स टीम से रहे जिन्हें शील्ड और मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शहीद क्लब तसीमों के संरक्षक राकेश परमार पीटीआई, कवि श्याम वीर सिंह परमार, कलुआ सिंह सिसौदिया, बंटी शर्मा, आकाश गर्ग, मुरारी लाल मित्तल, धौलपुर फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरमीत मान, सचिव संदीप राणा, कोच असलम खान, अरविंद शर्मा, अरविंद सिंह परमार, राघवेंद्र पटवारी आदि रहे जिन्हें शहीद क्लब तसीमों की ओर से गेस्ट ऑफ ऑनर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

वहीं फुटबॉल बेबी के सफल आयोजन के लिए शहीद क्लब तसीमों के सदस्य कुलदीप पटवारी, धर्मवीर सिंह पीटीआई, गीतम परमार पीटीआई, अध्यापक भूपेंद्र सिंह, शैलेंद्र शर्मा, रिंकू शर्मा, पुनीत शर्मा, ब्रजवासी शर्मा, नरेंद्र शर्मा, बंटी परमार कोच सहित कड़ी मेहनत और लगन से टूनामेंट को सफल बनाया।



# फिल्म थामा में नजर आएंगी रश्मिका मंदाना

## सोशल मीडिया पर शेयर किया नया वीडियो, पहली बार स्क्रीन शेयर करते दिखाई देंगे रश्मिका-आयुष्मान

**एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना फिल्म पुष्पा 2 के बाद आयुष्मान खुराना के साथ नजर आएंगी। दोनों साथ में हॉरर-कॉमेडी फिल्म थामा में दिखाई देंगे। हाल ही में एक्ट्रेस ने आयुष्मान के साथ फिल्म के सेट से एक वीडियो शेयर किया है।**

### सोशल मीडिया पर शेयर किया वीडियो

एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो शेयर करते हुए लिखा- उम्मीद है कि आप धमाकेदार हॉलिडे मना रहे होंगे। 2025 में मिलते हैं। इस फिल्म का डायरेक्शन मुंजया फिल्म के डायरेक्टर आदित्य सर्पोतदार कर रहे हैं।

### साल 2025 में दिपावली पर रिलीज होगी फिल्म

रश्मिका और आयुष्मान की ये फिल्म साल 2025 में दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म थामा की स्टोरी वर्तमान की दिल्ली और अतीत का विजयनगर साम्राज्य पर आधारित है।

### परेश रावल, नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आएंगे

फिल्म थामा की अनाउंसमेंट 30 अक्टूबर 2024 को की गई थी। फिल्म में परेश रावल, नवाजुद्दीन सिद्दीकी समेत कई कलाकार नजर आएंगे। जानकारी के मुताबिक, 12 दिसंबर 2024 की रात को फिल्म की शूटिंग शुरू की गई थी। फिल्म की शूटिंग की शुरुआत करते हुए परेश रावल, रश्मिका और आयुष्मान ने अपने कैरेक्टर के इंट्रोडक्शन सीन्स शूट किए थे। ऐसा माना जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग दिल्ली से शुरू की गई थी।

### आखिरी बार फिल्म पुष्पा- 2 में दिखाई दी थीं एक्ट्रेस

फिल्म पुष्पा- 2, 5 दिसंबर 2024 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रश्मिका मुख्य किरदार में नजर आई थीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। फिल्म में रश्मिका ने अल्लू अर्जुन यानी पुष्पाराज की वाइफ श्रीवल्ली का रोल प्ले किया है।

### सलमान की फिल्म सिकंदर में नजर आएंगी रश्मिका

बता दें, अब रश्मिका साजिद नाडियाडवाला की फिल्म सिकंदर में सलमान खान के साथ दिखाई देंगी। ये फिल्म साल 2025 में ईद पर रिलीज होगी। इसके साथ एक्ट्रेस फिल्म द गर्लफ्रेंड में भी नजर आएंगी।

# दिवंगत एक्टर इरफान खान को याद कर भावुक हुईं आयशा : बोलीं- उनके साथ काम करने का सपना अधूरा रह गया; उनकी जर्नी से हमेशा प्रेरणा मिली

**एक्ट्रेस आयशा सिंह जल्द ही सीरियल मन्नत में लीड एक्ट्रेस के रूप में नजर आएंगी। हाल ही में खास बातचीत के दौरान, आयशा ने अपने शो से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें शेयर की। बातचीत के दौरान, आयशा ने दिवंगत एक्टर इरफान खान को याद करते हुए बताया कि उनके साथ काम करने की हमेशा ख्वाहिश थी।**



### ख्वाहिश थी कि इरफान खान सर के साथ काम करूं

आयशा कहती हैं, मेरी ख्वाहिश थी कि इरफान खान सर के साथ काम करूं, लेकिन अफसोस वह अधूरी रह गई। उनका नाम सुनते ही सबसे पहले उनकी फिल्म मकबूल और हिंदी मीडियम याद आती हैं। चाहे वह कॉमेडी हो या गंभीर रोल, इरफान ने हर किरदार को अपने अंदाज में जी लिया। चंद्रकांता से शुरुआत करने वाले इरफान सर ने जो मुकाम हासिल किया, वह किसी जादू से कम नहीं था। उनके एक्टिंग ने न सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री को बदल दिया, बल्कि उन्होंने कई लोगों के लिए रास्ते खोल दिए।

### बॉलीवुड की कई हस्तियों ने टीवी से की थी शुरुआत

आयशा आगे कहती हैं, लोग कहते हैं कि टीवी से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखना चैलेंज है। हालांकि, मुझे इस बात से प्रेरणा मिलती है कि अगर इरफान खान, सुशांत सिंह राजपूत, शाहरुख खान और विद्या बालन जैसे स्टार्स ने यह किया, तो मैं भी यह सफर तय कर सकती हूं। इनकी जर्नी ने मुझे बहुत प्रेरित किया है। अगर इरफान सर जैसे इंसान ने अपने रास्ते पर चलकर इतना ऊंचा मुकाम हासिल किया, तो यह सबके लिए प्रेरणा है।

### दुनिया भर में अपनी पहचान बनाना चाहती हूं

बातचीत के दौरान, आयशा ने यह भी शेयर किया कि वे दुनिया भर में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं। उन्होंने कहा, ख्वाहिशों की मेरी लिस्ट लंबी है, और इसमें सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ग्लोबली भी कई बड़े नाम शामिल हैं। विक्रांत मैसी की फिल्म 12वी फेल एक बेहतरीन उदाहरण है, और उसका निर्देशन भी अद्भुत था। उस फिल्म ने मुझे कई नई और बेहतरीन फिल्मों का रास्ता दिखाया। मेरी ख्वाहिश है कि मैं ग्लोबली अपनी पहचान बनाऊं।

### शो में एक किरदार पर फोकस, बाकी को नजरअंदाज नहीं किया गया

आगामी टीवी शो मन्नत के बारे में बात करते हुए, आयशा कहती हैं, यह शो सच में बहुत खास और यूनिक है। इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि यह सिर्फ एक किरदार के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। शो में बहुत सारे अलग-अलग किरदार हैं, जिनकी अपनी-अपनी जिंदगी और संघर्ष हैं। हर किरदार का अपना महत्व है, और वे कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।





# कानूनी पचड़े में फंस सकते हैं दिलजीत दोसांझ

## पाबंदी के बावजूद एल्कोहल प्रमोट करने वाले गाने गाए; सिंगर ने कहा था- समस्या है तो बैन करें

सिंगर दिलजीत दोसांझ कानूनी पचड़े में फंसते दिखाई दे रहे हैं। दिलजीत ने 31 दिसंबर को लुधियाना में लाइव कॉन्सर्ट किया था। इस शो में उन्होंने एल्होकल प्रमोट करने वाले कुछ गाने गा दिए। पंजाब के महिला और बाल विकास विभाग ने पहले ही लुधियाना के डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर को इस संबंध में नोटिस जारी किया गया था कि सिंगर को शराब और ड्रग्स वाले सॉन्ग गाने से रोका जाए।

आरोप है कि दिलजीत ने पाबंदी के बावजूद शराब और ड्रग्स को प्रमोट करने वाले गाने गाए। इस संबंध में चंडीगढ़ के एक असिस्टेंट प्रोफेसर पंडितराव धरेनवर ने कहा कि अगर मामले में एक्शन नहीं लिया गया तो वे सिंगर के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी करेंगे।

पंडितराव धरेनवर ने बताया कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले में साल 2019 में पुलिस को निर्देश दिए गए थे, जिसमें सार्वजनिक कार्यक्रमों में शराब, ड्रग्स या हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने नहीं बजाए जाएं।

बता दें, दिलजीत ने 17 नवंबर को अहमदाबाद के एक कॉन्सर्ट में कहा था कि अगर भारत सरकार शराब पर प्रतिबंध लगाती है तो वे इन पर गाने बनाना बंद कर देंगे।

इसके बावजूद दिलजीत ने 'ठेके, केस, पटियाला पेग जैसे गीतों में थोड़े बदलाव के साथ लुधियाना में पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में आयोजित कॉन्सर्ट में गाया। दिलजीत के पास बाल विभाग के उपनिदेशक की तरफ से औपचारिक नोटिस आया है।

जिसमें लिखा है कि गायक से 31 दिसंबर को लाइव शो में ड्रग्स या हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने न गाने का आग्रह किया गया था। बावजूद उन्होंने कॉन्सर्ट में उन गानों को गाना जारी रखा।

इससे पहले तेलंगाना के जिला कल्याण अधिकारी की तरफ जारी नोटिस में गायक को लाइव शो के दौरान पटियाला पेग और पंज तारा जैसे गाने नहीं गाने के लिए कहा गया।

# सोशल मीडिया और इनफ्लुएंसर कल्चर पर बोलीं एक्ट्रेस नेहा जोशी

## आज की जेनरेशन में ठहराव नहीं, उनकी सोच इंस्टाग्राम रील की तरह छोटी

आजकल की पीढ़ी सोशल मीडिया और उसकी दुनिया में पूरी तरह घिरी हुई है। इन सबके बीच, एक्ट्रेस नेहा जोशी ने हाल ही में दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में इस पर अपने विचार व्यक्त किए।

नेहा ने कहा, मुझे लगता है कि आज की पीढ़ी बहुत भाग रही है। उनका ध्यान भी रील की तरह बहुत छोटा हो गया है। आज की जेनरेशन में ठहराव नहीं है। उनके केवल चमक दिख रही है। सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर ने युवाओं में चमक की झूठी उम्मीदें जगाई हैं। असली मेहनत और लगन अब पीछे रह गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग कला के फील्ड में असली मेहनत करते हैं, वे एक अलग ही दुनिया में होते हैं। अगर आप कलाकार हैं, तो आपको अपनी कला का प्रदर्शन करना है। उदाहरण के तौर पर हमने देखा है कि कितने सारे कलाकार हैं, चाहे म्यूजिक फील्ड में हो, एक्टर हों, या थिएटर आर्टिस्ट हों, उनके पास सालों का अभ्यास होता है, तपस्या होती है, और रियाज की मेहनत होती है। नेहा का मानना है कि आजकल की पीढ़ी भटक रही है, लेकिन आखरीमें वे अपनी जड़ों तक लौट आएंगे। देखिए, मेरा मानना है कि हमें अपने जड़ों से जुड़ा रहना चाहिए। यही तो भारतीय होने का हमारा असली रूप है। तपस्या, रियाज और ठहराव, ये हमारे सबसे बड़े गुण हैं। हम भारतीय होने के नाते अपनी जड़ों और इतिहास से जुड़े रहकर ही आगे बढ़ सकते हैं। नेहा ने पेरेंटिंग के बारे में भी अपने विचार शेयर किए। उन्होंने बताया, बच्चों को सही दिशा देने के लिए हमें पहले खुद को सही ढंग से ढालना होगा। वे मानती हैं कि बच्चों के लिए आदर्श बनना जरूरी है, क्योंकि बच्चे जो देखते हैं, वही सीखते हैं।

नेहा का मानना है कि अटल जैसे शोज और प्रोजेक्ट्स बहुत जरूरी हैं क्योंकि ये बच्चों और उनके माता-पिता को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ते हैं। ऐसे प्रोजेक्ट्स बच्चों को यह सिखाते हैं कि उनका इतिहास और संस्कृति क्या है, जिससे उन्हें अपनी पहचान समझने में मदद मिलती है।

बता दें, अजय देवगन और तब्बू स्टारर फिल्म दृश्यम 2 में पुलिस स्पाई ऑफिसर जेनी थॉमस का रोल कर चुकीं नेहा जोशी इन दिनों टीवी सीरियल अटल में नजर आ रही हैं।

# मीका सिंह के बयान पर केआरके का पलटवार : कहा- नशे में कपिल शर्मा के साथ घर आया, मेरी सिक्योरिटी ने दोनों को थप्पड़ मारा था

मीका सिंह ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि वो और कपिल शर्मा ने केआरके के घर जाकर बदतमीजी की थी। इसके जवाब में अब केआरके ने कहा है कि कपिल और मीका नशे में उनके घर आए थे, जिस पर उन दोनों को सिक्योरिटी गार्ड ने थप्पड़ मारा था।

केआरके ने अपने नए यूट्यूब वीडियो में कहा, बॉलीवुड में एक अनपढ़, गंवार, गधे की तरह हिनहिनाने वाला सिंगर है। लेकिन फिर भी ये आदमी अपने आप को सिंगर कहता है।

आगे केआरके ने लल्लनटॉप के उस इंटरव्यू का जिक्र किया, जिसमें मीका ने कहा कि वो केआरके से दुबई में मिले थे और बदतमीजी की थी। अगले दिन मीका ने कहा था कि उन्हें कुछ भी याद नहीं।

इस पर केआरके ने कहा, ये अनपढ़, गंवार बिल्कुल सही कह रहा है। ये मुझे दुबई में मिला था। ये काफी दिनों से मुझे कॉल कर रहा था और कह रहा था आपसे मिलना है। मैंने कहा आ जाओ। तो इसने वादा किया, लेकिन नहीं आया। दूसरे दिन मैंने उसके मैनेजर से पूछा कि जब इसने कहा था कि आएगा तो क्यों



नहीं आया। इसके मैनेजर ने मुझे बताया कि वो बहुत डर रहा है। उसे लग रहा है कि वो मेरे घर पर आएगा तो मैं उसे किडनैप कर लूंगा। मैंने उसके मैनेजर से कहा कि मुझे इस फकीर को किडनैप करके क्या मिलेगा। इसके पास है क्या जो मुझे देगा। अगर कोई अमीर आदमी हो उसे किडनैप किया जाए तो उससे कुछ मिल भी सकता है। आगे केआरके ने बताया है, इसके मैनेजर ने मुझसे कहा आप होटल में ही आ जाओ। ये दुबई के एक होटल में ठहरे हुए थे। उस वक्त हनी सिंह बहुत बड़े स्टार हुआ करते थे। जो लोग शो करवा रहे थे, उन्होंने हनी सिंह को बहुत बड़ा सुइट दिया हुआ था और इस लुक्खे सिंगर को एक छोटा सा रूम दिया था, जिसमें एक बेड पड़ा हुआ था।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ वेकेशन पर तृप्ति डिमरी : फिनलैंड में छुट्टियां मना रही हैं एक्ट्रेस, सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें



तृप्ति डिमरी इन दिनों अपने रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। इसी बीच ऐसी खबरें आ रही हैं कि एक्ट्रेस अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट के साथ रोमांटिक वेकेशन पर गई हुई हैं। उन्होंने अपने वेकेशन की कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।

**रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ वेकेशन पर तृप्ति**–तृप्ति के साथ इन फोटोज में एक शख्स नजर आ रहा है। जिसको देखकर सोशल मीडिया यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि फोटो में दिख रहा शख्स एक्ट्रेस के बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट हैं।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुई फोटोज**–तृप्ति डिमरी फिनलैंड में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटोज और वीडियोज शेयर करते हुए लिखा- 'आज का दिन मेरी जिंदगी के सबसे हैप्पी चैप्टर में से एक है।'

दैनिक
बढ़ता राजस्थान www.badhatarajasthan.in
RNI NO. RAJHIN/2010/35060





आप सफलता तब तक नहीं प्राप्त कर सकते, जबतक आप में असफल होने का साहस न हो।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# नये साल पर रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंचे गणेश मंदिर

## लंबी कतारों के बाद भी दर्शनों के लिए दिखा उत्साह; लगानी पड़ी पांच-पांच कतारे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नए साल पर राजस्थान के मंदिरों में भीड़ उमड़ रही है। सीकर के खाटूश्यामजी, जीण माता मंदिर, चूरू के सालासर बालाजी, दौसा के मेहंदीपुर बालाजी, जयपुर के गोविंददेव जी, मोती डूंगरी स्थित गणेश जी आदि मंदिरों में दर्शन के लिए भक्त लाइन में लगे नजर आए। लोग एक-दूसरे को बधाइयां दे रहे हैं। इससे पहले 31 दिसंबर की रात जमकर आतिशबाजी हुई और रंगारंग कार्यक्रम भी हुए। देर रात तक लोग जश्न में डूबे रहे।

नए साल के पहले दिन बुधवार का संयोग होने से लोग अपने दिन की शुरुआत प्रथम पूज्य के दर्शन से ही किया। आज मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने पिछले कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसी को ध्यान में रखते हुए गणपति के मंदिरों में विशेष इंतजाम किए गए। मुख्य आयोजन मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में हुआ। यहां गणेशजी को नये साल के पहले दिन बुधवार को स्वर्ण मंडित मुकुट धारण करवाया, वहीं भगवान गणेश जाईबंगला पोशाक व कोट पहने नजर आएं। यही नहीं लंबोदर के छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग भी अर्पित किया गया।

नये साल के पहले दिन रहेंगे गणेश जी के पट, लोग दिनभर दर्शन कर सकेंगे। दर्शनार्थियों की संख्या को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने बुधवार को दर्शनों के लिए विशेष व्यवस्था की है। महिलाओं व बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्य सड़क पर पांच प्रवेश लाइन बनाई गई है, जहां बैरिकेड्स लगाए गए हैं।

## कांग्रेस का जय-बापू, जय-भीम, जय-संविधान अभियान 3 जनवरी से

### देशभर में रैलियां निकाली जाएंगी; 26 जनवरी को अंबेडकर की जन्मस्थली में समापन होगा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस 3 जनवरी से देश भर में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान शुरू करेगी। अभियान का समापन 26 जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली मध्य प्रदेश के महू में होगा। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि महात्मा गांधी की विरासत और संविधान को बचाने के लिए हर ब्लॉक, जिले और राज्य में रैलियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो अभियान 26 जनवरी के बाद भी जारी रहेगा। अप्रैल 2025 में गुजरात में एआईसीसी का सेशन आयोजित किया जाएगा।

### अभियान 27 दिसंबर को शुरू होना था

कर्नाटक के बेलगावी में 26 दिसंबर को हुए कांग्रेस के अधिवेशन में अभियान को 27 दिसंबर से शुरू करने का फैसला लिया गया था। लेकिन 26 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया, जिसके बाद 7 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा कर दी गई थी। इसलिए अभियान को आगे बढ़ा दिया गया था। कांग्रेस के 39वें अधिवेशन के 100 साल पूरे होने पर दो दिवसीय अधिवेशन (26 और 27 दिसंबर) होना था। हालांकि, पूर्व पीएम सिंह के निधन के बाद अधिवेशन रद्द कर दिया था।

# 10 दिन बाद बोरवेल से मृत बाहर आई 3-साल की चेतना

## कपड़े में लपेटकर निकाला, 170 फीट गहराई में फंसी थी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली।** कोटपूतली में बोरवेल में फंसी चेतना (3) को 170 फीट गहराई से दस दिन बाद बाहर निकाल लिया गया है। हालांकि बच्ची की जान नहीं बचाई जा सकी है। सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।

एनडीआरएफ की टीम ने बोरवेल के समानांतर एक सुरंग खोदकर बच्ची को बाहर निकाला। एनडीआरएफ राजस्थान के चीफ योगेश मीणा ने कहा कि बच्ची को अचेत अवस्था में निकाला गया है, जब उसे निकाला गया तब शरीर में कोई मूवमेंट नहीं था। बुधवार शाम 6 बजकर 25 मिनट पर तीन साल की चेतना को बोरवेल से बाहर निकाला गया। एनडीआरएफ के जवान महावीर जाट सफेट कपड़े में लपेटकर चेतना को बाहर लेकर आए। इसके तुरंत बाद चेतना को एंबुलेंस से कोटपूतली के बीडीएम अस्पताल ले जाया गया। चेतना 23 दिसंबर को किरतपुरा के बड़ियाली की ढाणी में 700 फीट गहरे बोरवेल में गिरी थी।

इससे पहले भी उसे निकालने की 5 से ज्यादा कोशिश फेल हुईं थीं। पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर प्रशासन की प्लानिंग पर भी सवाल उठते रहे। बोरवेल में फंसी चेतना करीब 8 दिन से कोई मूवमेंट नहीं कर रही थी।



### अंगुली से बॉडी के आसपास से मिट्टी निकाली

रेस्क्यू ऑपरेशन करने वाले एनडीआरएफ के जवानों ने बताया कि चेतना की बॉडी मिट्टी के बीच फंसी हुई थी। बोरवेल में घुसने के बाद अंगुली से उसकी बॉडी के आसपास से मिट्टी हटाई और फिर उसे बाहर निकालकर लेकर आए। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कई तरह की दिक्कतें आ रही थीं। पत्थर उछलकर आंखों पर आ रहे थे। सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। लेटकर पत्थर तोड़ने पड़ रहे थे।

### लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन पर उठाए सवाल

उधर, स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान की योजना और क्रियान्वयन पर सवाल खड़े किए। उन्होंने बच्ची को बाहर निकालने में देरी पर चिंता जताई। अधिकारियों का कहना है कि कोई लापरवाही नहीं हुई। बच्ची को बचाने का हर संभव प्रयास किया गया। चेतना के दादा दयाराम ने प्रशासन और बचाव दल के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने अधिकारियों से खुले बोरवेल को ढकने की अपील की।

## अमित शाह-मोदी ने क्राइम किया है, पीएम मणिपुर जाते तो खून-खराबा रुक जाता : गहलोत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह के माफी मांगने पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को घेरा है। गहलोत ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने बहुत बड़ा क्राइम किया है। आपने एक स्टेट को इग्नोर ही कर दिया, जैसे वह भारत का हिस्सा ही नहीं हो, इसको हम क्या कहेंगे? अब मणिपुर के मुख्यमंत्री माफी मांग रहे हैं, नए साल में माफी मांग कर पता नहीं क्या कहना चाहते हैं? जब उनसे संभल नहीं रहा था तो उनको पहले खुद को इस्तीफा देना चाहिए था।

गहलोत ने बुधवार को अपने जयपुर स्थित आवास पर मीडिया से कहा- इस घटना को मैं मामूली नहीं मानता हूं, वहां पर प्रधानमंत्री मोदी को जाना चाहिए था। मोदी भी वहां नहीं जाने के लिए अड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री को बड़ा दिल रखना चाहिए। कांग्रेस और विपक्ष इसकी मांग कर रहे हैं, अगर मांग न भी करें तो जाना होता है।

गहलोत ने कहा- गृह मंत्री दो-तीन बार जाकर आए, लेकिन प्रधानमंत्री जाते। प्रधानमंत्री का अलग प्रभाव होता है। प्रधानमंत्री ने देश में ताली-थाली बजवा दी। प्रधानमंत्री ने जो कहा वह देशवासियों ने किया, इसके मायने क्या हुए? प्रधानमंत्री अगर खुद मणिपुर जाते तो हो सकता है उनकी बात को विश्वास करके दोनों समुदाय में खून खराबा रुक जाता। यह 6 महीने में खत्म हो जाता।



### मणिपुर सीएम की माफी, माफ करने योग्य नहीं

गहलोत ने कहा- मणिपुर के मुख्यमंत्री ने पब्लिक से माफी मांगी है, वह माफ करने योग्य नहीं है। आप 18 महीने बाद आज माफी मांग रहे हो, इतिहास में ऐसा माहौल किसी राज्य में नहीं बना होगा जो वहां बना। आपस में जाति समुदाय आपस में फायरिंग कर रहे हैं, महिलाओं से रेप कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने खुद एक साल पहले स्वीकार किया कि रेप चलते रहे, अत्याचार और उत्पीड़न चला।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## अमेरिका में न्यू-ईयर मना रहे लोगों को ट्रक से रौंदा, 10 की मौत

### 30 से ज्यादा घायल; हमलवार ने फायरिंग भी की


बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के लुसियाना राज्य के न्यू ऑरलियन्स शहर में 1 जनवरी को एक शख्स ने जश्न मना रहे लोगों पर पिकअप ट्रक चढ़ा दी। इसमें कम से कम 10 लोगों की जान चली गई है। वहीं, 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं।

सीएनएन के मुताबिक यह घटना शहर के बॉर्बन स्ट्रीट पर हुई। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि तड़के सुबह तेज रफ्तार गाड़ी आई और सेलिब्रेट कर रहे लोगों पर चढ़ा दी।

इसके बाद उसमें से एक शख्स उतरा। उसने लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस फोर्स को भी फायरिंग करनी पड़ी। हमलावर शख्स पकड़ा गया है या नहीं इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। एबीसी न्यूज ने पुलिस प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि ऐसा लगता है कि हमला जानबूझकर किया गया था। इस घटना के बाद नए साल के जश्न का माहौल मातम में बदल गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल लोगों को शहर के 5 अस्पतालों में भेजा गया है।

इससे पहले 25 दिसंबर को जर्मनी में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। एक सऊदी डॉक्टर ने मैगडेबर्ग शहर के मार्केट में लोगों पर कार चढ़ा दी थी। घटना में 5 की मौत हो गई और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए।



## नए साल पर बढ़े सोने-चांदी के दाम 500 रुपए महंगा हुआ स्टैंडर्ड सोना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दुनियाभर में आई अस्थिरता के बाद कीमती धातुओं की कीमत में बदलाव का सिलसिला शुरू हो गया है। यही कारण है कि नए साल के मौके पर सोने और चांदी की कीमत में तेजी हुई है। जिसके बाद राजस्थान में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 500 रुपए बढ़कर कर जहां 78 हजार 800 रुपए पर पहुंच गई है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत बढ़कर 88 हजार 600 रुपए पर आ गई है। जयपुर के सर्राफा व्यापारी राज सोनी ने बताया कि दुनियाभर में हो रहे बदलाव की वजह से सोने और चांदी की कीमत में भी लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में आने वाले एक सप्ताह में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में जहां तेजी देखने को मिल सकती है। वहीं चांदी प्रति किलो की कीमत 85 हजार रुपए तक भी पहुंच सकती है।